RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 73
नई दिल्ली, मंगलवार, 18 जनवरी, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com



मैं नहीं चाहता कि मेरा काम हवा जैसा हो जो आई और चली गई

विविध-11

# मार्च से 12-14 वर्ष के बच्चों को टीका लगने की उम्मीद

- फरवरी अंत तक 15 से 18 साल की आबादी को दोनों टीके लगाए जाने का लक्ष्य
- इसके बाद सरकार छोटे बच्चों को टीका लगाने पर फैसला लेगी



गुरुग्राम में एक महिला को कोरोनारोधी टीका लगाती स्वास्थ्यकर्मी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत में** मार्च में 12-14 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों का कोविड के खिलाफ टीकाकरण शुरू होने की उम्मीद है। टीकाकरण संबंधी राष्ट्रीय तकनीकी सलाहकार समूह (एनटीएजीआई) के कोविड-19 कार्यसमूह के अध्यक्ष डॉ एनके अरोड़ा ने सोमवार को कहा कि मार्च तक 15 से 18 साल की आबादी के पूरी तरह टीकाकरण हो जाने का अनुमान है। इसके फौरन बाद इससे कम उम्र के बच्चों को टीका लगना शुरू होगा। देश में 12-14 वर्ष के आयु वर्ग में अनुमानित आबादी 7.5 करोड़ है। उन्होंने कहा कि 15-18 वर्ष के आयु वर्ग में अनुमानित 7.4 करोड़ (7,40,57,000) किशारों में से 3.45 करोड़ से अधिक को अब तक कोवैक्सीन की पहली खुराक दी जा चुकी है और उन्हें 28 दिनों में दूसरी खुराक दी जानी है।

डॉ एनके अरोड़ा ने कहा कि 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग के किशोर टीकाकरण प्रक्रिया में उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। टीकाकरण की तेज गति को देखते हुए इस आयु वर्ग के शेष लाभार्थियों को जनवरी के अंत तक पहली और फरवरी के अंत तक दूसरी खुराक लग जाने की पूरी उम्मीद है। डॉ. अरोड़ा ने कहा कि 15-18 वर्ष के आयु वर्ग का टीकाकरण हो जाने के बाद सरकार मार्च में 12-14 वर्ष के आयु वर्ग के लिए टीकाकरण अभियान शुरू करने के बारे में नीतिगत फैसला कर सकती है।

( शेष पेज 9 )

## एजिथ्रोमाइसिन, फेविपिरवीर और इवरमेक्टिन दवा पर लगा प्रतिबंध

- कोरोना के हल्के लक्षणों वाले मरीजों को नहीं दी जा सकेंगी ये तीनों दवाएं
- देश में 2,58,089, दिल्ली में 12,527 व उप्र में मिले 15,622 नए मरीज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कोरोना** के हल्के संक्रमण वाले मरीजों को एजिथ्रोमाइसिन, फेविपिरवीर और इवरमेक्टिन देने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और आईसीएमआर ने संयुक्त रूप से वयस्क कोविड-19 रोगियों के प्रबंधन के लिए संशोधित नैदानिक दिशा निर्देश जारी किए हैं। इनके तहत ही यह कदम उठाया गया है। कई डॉक्टरों द्वारा इन दवाओं का खुलेआम इस्तेमाल किया जा रहा था, जिसके परिणामस्वरूप कोविड रोगियों में गंभीर दुष्प्रभाव हो रहे थे।

डॉक्टरों के एक समूह ने कोविड महामारी के दौरान अनुचित परीक्षण, दवा और अस्पताल में भर्ती होने पर चिंता व्यक्त करते हुए सरकार को कुछ दिन पहले ही पत्र लिखा था। इस समूह ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से महामारी की वर्तमान लहर के लिए साक्ष्य-आधारित प्रतिक्रिया के लिए तत्काल हस्तक्षेप करने का आग्रह किया था।

( शेष पेज 9 )

## ड्रोन जैसी उड़ती वस्तु टैंकर में टकराई दो भारतीय व एक पाकिस्तान की मौत

- संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी के हवाई अड्डे के निकट की घटना में छह अन्य घायल



अबू धाबी हवाई अड्डे के पास हुए संदिग्ध हमले के बाद उठता धुआं

**भाषा।** दुबई

**संयुक्त** अरब अमीरात (यूएई) की राजधानी अबू धाबी के हवाई अड्डे के पास सोमवार को संदिग्ध हूती ड्रोन हमले के बाद कई विस्फोट हुए और इनमें दो भारतीयों और एक पाकिस्तानी नागरिक की मौत हो गई तथा छह अन्य घायल हो गए। एमिरेट्स न्यूज एजेंसी (डब्ल्यूएएम) के अनुसार अबू धाबी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए निर्माणाधीन क्षेत्र में आग लगने की एक अन्य घटना भी सामने आई। एजेंसी ने कहा कि अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडीएनओसी) के भंडारण केंद्र के पास मुसफ्फाह आईसीएडी 3 क्षेत्र में आग लगी, जिसके कारण तीन पेट्रोलियम टैंकरों में विस्फोट हुआ। एजेंसी ने कहा, प्रारंभिक जांच में पता चला है कि छोटी-छोटी उड़ने वाली वस्तुओं के दोनों क्षेत्रों में गिरने के कारण आग लगी, जो संभवत: ड्रोन से संबंधित हो सकती हैं। उसने कहा कि आग पर काबू पा लिया गया है। अबू धाबी पुलिस ने मृतकों की पहचान दो भारतीयों और एक पाकिस्तानी नागरिक के रूप में की है। पुलिस ने बताया कि कम से कम छह लोग घायल हो गए हैं, जिन्हें मामूली चोट आई हैं। हालांकि, पुलिस ने उनकी पहचान नहीं बताई है। यूएई में भारतीय दूतावास ने कहा कि मिशन यूएई के संबंधित अधिकारियों के साथ संपर्क में है। उसने ट्वीट किया, यूएईए के अधिकारियों ने सूचित किया कि एडीएनओसी के भंडारण टैंकों के पास मुसफ्फाह में विस्फोट से तीन लोगों की मृत्यु हुई है, जिनमें दो भारतीय नागरिक शामिल हैं। अबू धाबी में भारतीय मिशन और अधिक जानकारी के लिए यूएई के संबंधित अधिकारियों के साथ करीबी संपर्क में है। पुलिस के अनुसार, अधिकारियों ने आग लगने के कारण और उससे जुड़ी परिस्थितियों का पता लगाने के लिए गहन जांच शुरू कर दी है। एजेंसी ने बताया, दोनों हादसों में किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है।

अबू धाबी हवाई अड्डे के निर्माणाधीन क्षेत्र में सोमवार को लगी आग से कुछ उड़ानें थोड़े समय के लिए अवरुद्ध हुईं। एतिहाद एयरवेज के एक प्रवक्ता ने खलीज टाइम्स से कहा कि हवाई अड्डे पर सामान्य परिचालन तत्काल बहाल कर लिया गया। उन्होंने कहा, हमारे अतिथियों और चालक दल के सदस्यों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। यूएई ने हमले के लिए तत्काल किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया है। हालांकि यमन के हूती विद्रोहियों ने दावा किया है कि उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात को निशाना बनाया है। उन्होंने ब्योरा नहीं दिया। हूतियों के स्वामित्व वाले अल मसीरा टीवी चैनल ने सोमवार को कहा कि यमन के ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने कहा कि वे यूएई के मध्य में चलाए गए विशेष सैन्य अभियान के बारे में जल्द बयान जारी करेंगे। सऊदी अरब ने एक बयान में हमले की निंदा की है।

## सपा ने अपराधियों से पैसे लेकर टिकट दिए : योगी



गाजियाबाद के एक अस्पताल में कोविड से निपटने की तैयारियों को देखने के बाद पत्रकारों से वार्ता करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। साथ में केंद्रीय मंत्री वीके सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

**प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को दावा किया कि प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने अपराधियों पर लगाम लगाकर लोगों के लिए भय मुक्त वातावरण सुनिश्चित किया है जबकि समाजवादी पार्टी ने अपराधियों से पैसे लेकर उन्हें चुनावी टिकट दिए। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने आरोप लगाया कि अपराधियों को संरक्षण देने वाली समाजवादी पार्टी ने अब पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कैराना, मुजफ्फरनगर, सियाना, बुलंदशहर और लोनी समेत कई विधानसभा सीटों पर असामाजिक तत्वों और हिस्ट्रीशीटरों को टिकट दिए हैं। उन्होंने कहा कि अपराधियों को टिकट देकर सपा ने असामाजिक तत्वों से अपनी साठगांठ उजागर की है क्योंकि क्षेत्र में पार्टी द्वारा मैदान में उतारे गए व्यक्ति लोगों के पलायन और सांप्रदायिक दंगों के पीछे थे। मुख्यमंत्री का इशारा परोक्ष तौर पर मुजफ्फरनगर में 2013 के सांप्रदायिक दंगों के बाद कैराना क्षेत्र के कथित तौर पर बड़े पैमाने पर लोगों के पलायन की ओर था। मुख्यमंत्री ने यह टिप्पणी गाजियाबाद में पत्रकारों को संबोधित करते हुए की, जहां उन्होंने एक अस्पताल में कोविड-19 रोगियों के इलाज की व्यवस्था का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने जमीन पर कब्जा करने वालों को दलितों और कमजोर लोगों की जमीन से बेदखल किया। उन्होंने कहा कि राज्य के व्यापारियों और उद्योगपतियों ने उनकी सरकार के दौरान खुद को सुरक्षित महसूस किया। उन्होंने कहा कि भाजपा को पूर्ण बहुमत मिलेगा और राज्य में फिर से उसकी सरकार बनेगी और आदतन अपराधियों को जेल में रखा जाएगा।

( शेष पेज 9 )

## राकेश टिकैत के घर अचानक पहुंचे भाजपा सांसद बालियान

- पश्चिमी उत्तर प्रदेश से निर्धारित होता है पूरे राज्य का राजनीतिक रुझान
- सपा-रालोद गठबंधन को भाकियू के समर्थन के ऐलान के बाद सक्रिय हुई भाजपा

**दीपक उप्रेती।** नई दिल्ली

**पश्चिम** उत्तर प्रदेश के किसानों तक पहुंच बनाने के लिए केंद्रीय राज्य मंत्री व मुजफ्फरनगर के सांसद संजीव बालियान सोमवार को भारतीय किसान संघ (बीकेयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत से मिलने अचानक सिसौली स्थित उनके घर पहुंचे। दोनों नेताओं के बीच चर्चा हुई। पहले और दूसरे चरण के चुनाव 10 फरवरी और 14 फरवरी को होंगे, जो ज्यादातर पश्चिमी यूपी में हैं, जहां नतीजे तय करने में किसानों और जाटों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

परंपरागत रूप से यह माना जाता है कि पश्चिमी यूपी से ही शेष राज्य का राजनीतिक रूझान तय होता है। समझा जा रहा है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अपने उत्तर प्रदेश दौरे के दौरान जाट नेताओं से भी मिल सकते हैं। इस लिहाज से बालियान और टिकैत की मुलाकात अहम मानी जा रही है। इस मुद्दे पर टिप्पणी के लिए बालियान से संपर्क नहीं किया जा सका। नरेश टिकैत और बालियान दोनों मुजफ्फरनगर से ताल्लुक रखते हैं और एक ही खाप से हैं। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले नरेश टिकैत का ऑपरेशन हुआ था और बालियान उनके घर उनकी तबीयत जानने के लिए गए थे। बैठक के बाद नरेश टिकैत ने कहा कि संजीव बालियान हमारे परिवार के व्यक्ति हैं, और किसी भी राजनीतिक दल से सभी को यहां आने का अधिकार है। टिकैत साहिब (महेंद्र सिंह टिकैत) के समय से ही लोग यहां आशीर्वाद लेने आते रहे हैं। नरेश टिकैत भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत के बड़े भाई हैं।

## कांग्रेस का समर्थन करेंगे बरेलवी के मौलाना तौकीर रजा खां



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**इत्तेहादे** मिल्लत काउंसिल के सरबराह, बरेली शरीफ उत्तर प्रदेश के हजरत मौलाना तौकीर अहमद रजा खां यूपी सहित पांचों प्रदेशों में होने वाले विधानसभा चुनाव में इण्डियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशियों के समर्थन का ऐलान किया। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में मौलाना ने कहा कि इन चुनावी प्रदेशों और देश में भी अमन व अमान की बहाली, संविधान की रक्षा, पिछड़ों, दलितों, शोषितों एवं वंचितों और अल्पसंख्यकों के साथ साथ युवाओं और किसानो की रक्षा एवं खुशहाली इस समय मात्र कांग्रेस रहनुमा जनाब राहुल गांधी और उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी प्रियंका गांधी के नेतृत्व में ही सम्भव है।

( शेष पेज 9 )

## पंजाब में 14 के बजाय 20 फरवरी को होंगे चुनाव

- गुरु रविदास जयंती के कारण बदली गई चुनावों की तिथि, राजनीतिक दलों ने किया स्वागत

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**गुरु रविदास** जयंती के मद्देनजर पंजाब विधानसभा चुनाव 14 फरवरी के बजाय 20 फरवरी को होंगे। चुनाव आयोग के इस फैसले का पंजाब में राजनीतिक दलों ने स्वागत किया है। राज्य के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तथा उसके सहयोगियों और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने चुनाव आयोग से मतदान की तारीख आगे बढ़ाने का आग्रह किया था, क्योंकि गुरु रविदास मनाने के लिए लाखों अनुयायी उत्तर प्रदेश के वाराणसी शहर जाते हैं।

चुनाव आयोग ने सोमवार को कहा कि गुरु रविदास जयंती के मद्देनजर पंजाब विधानसभा चुनाव की तिथि बदली जा रही है। एक ही चरण में होने वाले चुनाव के लिए मतदान अब 14 फरवरी के बजाय 20 फरवरी को होगा। इस दिन उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए तीसरे चरण का मतदान भी होना है।

पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी और राज्य के राजनीतिक दलों ने चुनाव आयोग को लिखे पत्रों में कहा था कि गुरु रविदास के लाखों अनुयायी 16 फरवरी को उनकी जयंती मनाने के लिए उत्तर प्रदेश के वाराणसी में होंगे। इसके लिए उन्हें पहले ही जाना होगा और वे यात्रा पर होने के कारण मतदान से वंचित रह जाएंगे।

चन्नी ने कहा था कि अनुसूचित जाति समुदाय के सदस्यों के 10 से 16 फरवरी तक वाराणसी जाने की संभावना है, इसलिए वे चुनाव में मतदान नहीं कर पाएंगे। चुनाव आयोग ने मांग स्वीकार करते हुए सोमवार को पंजाब में मतदान 14 फरवरी के बजाय 20 फरवरी को कराने का फैसला किया।

( शेष पेज 9 )

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,309 | 86 | |
| निफ्टी | 18,308 | 52 | |
| सोना | 47,918 | 140 | /10g |
| चांदी | 61,920 | 317 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### टॉवर गिराने वाली फर्म से एक सप्ताह में अनुबंध करे सुपरटेक : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने रियल एस्टेट क्षेत्र की प्रमुख कंपनी सुपरटेक लिमिटेड को नोएडा में एमराल्ड कोर्ट परियोजना के दो 40-मंजिले टावर को ध्वस्त करने के लिए एक कंपनी के साथ एक सप्ताह के भीतर अनुबंध करने का सोमवार को निर्देश दिया। नोएडा प्राधिकरण ने पीठ को सूचित किया कि उसने केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान (सीबीआरआई), रुड़की के साथ परामर्श करके दोनों टावर को ध्वस्त करने के लिए एडिफिस इंजीनियरिंग का चयन किया है।शीर्ष अदालत ने सुपरटेक लिमिटेड को घर खरीदारों को उनके अधिकारों और विवादों के पूर्वाग्रह के बिना पैसे लौटाने का भी निर्देश दिया।

## राजपथ पर तीनों सेनाओं के 75 विमान भरेंगे उड़ान

- आजादी के 75वें वर्ष के मौके पर फ्लाई पास्ट में राफेल समेत अन्य लड़ाकू विमान भी होंगे शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**इस साल** गणतंत्र दिवस परेड में राजपथ पर अब तक का सबसे बड़ा फ्लाई पास्ट होगा। देश के 75वें स्वतंत्रता वर्ष के अवसर पर इस बार फ्लाई पास्ट में तीनों सेनाओं के 75 विमान हिस्सा लेंगे। नवीनतम लड़ाकू जेट राफेल सेनाओं के विमानों के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देगा।

भारतीय वायुसेना के प्रवक्ता विंग कमांडर इंद्रनील नंदी ने गणतंत्र दिवस समारोहों का विवरण देते हुए सोमवार को यहां कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव को चिह्नित करने के लिए फ्लाई पास्ट सबसे भव्य और सबसे बड़ा होगा। फ्लाई पास्ट का समापन पर कई जगुआर लड़ाकू विमान उड़ान भरके स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने पर अमृत का निर्माण करेंगे। उन्होंने कहा कि इस साल का फ्लाईपास्ट सबसे भव्य और सबसे बड़ा होगा, जिसमें भारतीय वायुसेना, सेना और नौसेना के 75 विमान गणतंत्र दिवस परेड के दौरान उड़ान भरेंगे। यह आजादी का अमृत महोत्सव समारोह के अनुरूप है।

फ्लाई पास्ट में तंगेल फॉर्मेशन शामिल होगा जिसमें एक डकोटा और दो डोर्नियर विक फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे। यह 1971 के युद्ध के तंगेल एयर ड्रॉप ऑपरेशन के लिए श्रद्धांजलि है। मेघना का निर्माण 1 चिनूक और चार एमआई-17 द्वारा किया जाएगा।

( शेष पेज 9 )

## कथक के एक युग का अंत, नहीं रहे बिरजू महाराज

- लखनऊ के कालका बिंदादिन घराने के विख्यात शास्त्रीय नर्तक ने दिल्ली में ली अंतिम सांस
- राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री सहित कई हस्तियों ने जताया शोक



**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय** नृत्य शैली कथक को विश्व पटल पर ले जाने वाले और इस तक शिष्यों तथा प्रशंसकों की कई पीढ़ियों की पहुंच बनाने वाले प्रख्यात कथक नर्तक बिरजू महाराज का सोमवार तड़के यहां अपने घर पर निधन हो गया। महाराज जी के नाम से मशहूर बिरजू महाराज अगले महीने 84 वर्ष के हो जाते। उनकी पोती रागिनी महाराज ने पीटीआई-भाषा को बताया कि बिरजू महाराज के निधन के वक्त उनके आस-पास परिवार के लोग तथा उनके शिष्य मौजूद थे। वे रात के भोजन के बाद अंताक्षरी खेल रहे थे, जब महाराज को अचानक कुछ परेशानी होने लगी। भारत के सबसे प्रसिद्ध एवं पसंदीदा कलाकारों में से एक, बृज मोहन नाथ मिश्रा (पंडित बिरजू महाराज के नाम से मशहूर) लखनऊ के कालका-बिंदादिन घराना से ताल्लुक रखते थे। वह ठुमरी के भी माहिर थे और उन्होंने सत्यजीत रे की फिल्म शतरंज के खिलाड़ी के लिए एक गीत भी गाया था। उनके परिवार में तीन बेटियां, दो बेटे और पांच नाती-पोते हैं। कथक नर्तक गुर्दे की बीमारी से पीड़ित थे और उच्च मधुमेह की वजह से पिछले महीने से डायलिसिस पर थे। उनकी पोती ने बताया कि संभवत: महाराज का निधन दिल का दौरा पड़ने से हुआ। रागिनी ने कहा, वह हमारे साथ थे, जब यह हुआ। उन्होंने रात का भोजन कर लिया था और हम अंताक्षरी खेल रहे थे क्योंकि उन्हें पुराना संगीत बहुत पसंद था। वह लेटे हुए थे...और अचानक उनकी सांसें असामान्य होने लगीं। हमें लगता है कि उन्हें दिल का दौरा पड़ा था क्योंकि वह दिल के मरीज भी थे। उन्होंने कहा, यह रात में सवा बारह से साढ़े बारह बजे के बीच हुआ। बस एक या दो मिनट ऐसी स्थिति रही होगी। हम उन्हें तुरंत अस्पताल ले गए, लेकिन दुर्भाग्य से हम उन्हें बचा नहीं पाए। अस्पताल पहुंचने से पहले उनकी मौत हो गई। खुद भी एक कथक नर्तक, रागिनी ने कहा कि परिवार के लिए राहत की बस एक बात यह है कि उन्हें अपने आखिरी वक्त में ज्यादा परेशानी नहीं हुई। उन्होंने कहा, उनके दो शिष्य और दो पोतियां, मेरी छोटी बहन यशस्विनी और मैं, उनके साथ थे जब यह हुआ। वह अपने आखिरी क्षणों में हंस और मुस्कुरा रहे थे। कथक दिग्गज की निधन की खबरें आते ही शोक संदेशों का तांता लग गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बिरजू महाराज की मौत पूरे कला जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। मोदी ने एक ट्वीट में कहा, भारतीय नृत्य कला को विश्वभर में विशिष्ट पहचान दिलाने वाले पंडित बिरजू महाराज जी के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। उनका जाना संपूर्ण कला जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। शोक की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिजनों और प्रशंसकों के साथ हैं। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने ट्वीट किया, दिग्गज पंडित बिरजू महाराज का निधन एक युग के अंत का प्रतीक है।

( शेष पेज 9 )

विधानसभा चुनाव

# नोएडा में कांग्रेस-बसपा ने इस बार भी नए उम्मीदवारों पर खेला दांव

## लगातार दो चुनाव हारने के बावजूद सपा ने नहीं बदला प्रत्याशी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा


फाइल फोटो

नोएडा सीट पर कांग्रेस और बसपा ने हर बार नए उम्मीदवारों पर दांव खेला। हार मिलने पर उनको बदल नए चेहरों को मौका दिया गया। ठीक इसके उलट सपा ने लगातार दो बार हार का सामना कर चुके उम्मीदवार को तीसरी बार भी मैदान में उतारा है।

वर्ष 2012 में पहली बार नोएडा विधानसभा सीट बनी थी। कांग्रेस पार्टी ने वर्ष 2012 में वीएस चौहान को मैदान में उतारा। भाजपा के डॉ महेश शर्मा पहले विधायक बने और कांग्रेस प्रत्याशी की हार हुई। इसके बाद वर्ष 2014 में लोकसभा चुनाव होने पर डॉ महेश ने यह सीट छोड़ लोकसभा का चुनाव लड़ा। इस कारण इस सीट पर उपचुनाव हुए। वर्ष 2014 में नोएडा में हुए उपचुनावों में कांग्रेस ने यहां से पुराने कांग्रेसी राजेंद्र अवाना को नए चेहरे के रूप में मैदान में उतारा। इस चुनाव में भी कांग्रेस की हार हुई।

इसके बाद वर्ष 2017 में सपा से गठबंधन होने के कारण कांग्रेस का कोई उम्मीदवार मैदान में नहीं था। अब हो रहे विधानसभा चुनाव में एक बार फिर नए चेहरे के रूप में कांग्रेस ने पंखुडी पाठक को मैदान में उतारा है। वह पिछले साल ही सपा को छोड़कर कांग्रेस में आई थीं। उनके पति अनिल यादव भी कुछ महीने पहले ही सपा को छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए थे।

वहीं दादरी से वर्ष 2012 व 2017 में समीर भाटी चुनाव मैदान में उतरे और इस बार दीपक चोटीवाला को उम्मीदवार चुना है। जेवर से वर्ष 2012 में धीरेंद्र सिंह ने कांग्रेस के बैनर तले चुनाव लड़ा था। वर्ष 2017 में सपा से गठबंधन होने के कारण कांग्रेस का उम्मीदवार मैदान में नहीं था। अब 2022 में कांग्रेस से मनोज चौधरी मैदान में हैं।

कांग्रेस की तर्ज पर बसपा के चेहरे भी विधानसभा उम्मीदवार के रूप में बदलते रहे। वर्ष 2012 में बसपा ने ओमदत्त शर्मा को मैदान में उतारा। ओमदत्त ने 50 हजार से अधिक वोट लेकर मजबूती दिखाई लेकिन जीत हासिल न कर सके। वर्ष 2014 में उपचुनाव हुए लेकिन बसपा पार्टी का नियम है कि वह कहीं भी उपचुनाव प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लेती है। ऐसे में बसपा से कोई उम्मीदवार मैदान में नहीं था।

वर्ष 2017 में बसपा ने नए चेहरे के रूप में रविकांत मिश्रा को मैदान में उतारा लेकिन वह चुनाव हार गए। करीब 27 हजार ही वोट ले सके। अब एक बार फिर बसपा ने चेहरा बदल यहां से करीब 32 साल तक कांग्रेस में रहे कृपाराम शर्मा को चुनाव मैदान में उतारा है। बसपा ने जेवर से पुराने चेहरे पर भी भरोसा कर वर्ष 2012, 2017 में वेदराम भाटी पर भरोसा जताया और इस बार नरेंद्र डाढा को मैदान में उतारा है जबकि दादरी से वर्ष 2012 व 2014 में सतवीर गुर्जर और 2017 में अब मनवीर भाटी पर दांव खेला है।

कांग्रेस.बसपा के उलट सपा ने लगातार दो बार हार चुके प्रत्याशी सुनील चौधरी को फिर से तीसरी बार मैदान में उतारा है। वर्ष 2014, 2017 के बाद अब 2022 में फिर से मैदान में हैं। ऐसा इस जिले में पहली बार हुआ है जब लगातार दो बार हार के बाद भी पार्टी ने तीसरी बार भी उसी प्रत्याशी पर भरोसा जता उम्मीदवार बनाया है।

# गाजियाबाद की पांचों सीटों पर 26 नामांकन पत्र खरीदे

## सुशांत गोयल, सुनील शर्मा, सुदेश शर्मा और मनोज कुमार शर्मा ने भरा परचा





पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

जनपद में नामांकन प्रक्रिया के चौथे दिन भाजपा, कांग्रेस, सपा-रालोद गठबंधन दलों के प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किए। वहीं सभी पांचों विधानसभाओं में कुल 26 नामांकन पत्र खरीदे।

कड़े सुरक्षाबन्दोबस्त के बीच सोमवार को नामांकन प्रक्रिया चली। विधानसभा 56- गाजियाबाद में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी सुशांत गोयल ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। यहां से 5 प्रत्याशियों ने 6 प्रपत्र लिए।

विधानसभा 55- साहिबाबाद में भारतीय जनता पार्टी पार्टी के प्रत्याशी सुनील कुमार शर्मा एवं आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी छवि यादव ने नामांकन किया। जबकि 6 प्रत्याशियों ने 6 प्रपत्र लिए।

विधानसभा 54- मुरादनगर में सुभाषवादी भारतीय समाज पार्टी के प्रत्याशी मनोज कुमार शर्मा ने नामांकन किया। यहां पर 4 प्रत्याशियों ने 7 प्रपत्र लिए। विधानसभा 53- लोनी में 3 प्रत्याशियों ने 4 प्रपत्र लिए हैं। यहां कोई नामांकन नहीं हुआ।

विधानसभा 57- मोदीनगर में राष्ट्रीय लोक दल पार्टी के प्रत्याशी सुदेश शर्मा ने नामांकन किया। यहां से 2 प्रत्याशियों ने 3 प्रपत्र लिए हैं।

## नोएडा विधायक पंकज सिंह हुए कोरोना पॉजिटिव

**नोएडा।** नोएडा के विधायक पंकज सिंह कोरोना पॉजिटिव हो गए हैं। पंकज सिंह ने इसकी जानकारी थोड़ी देर पहले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर पर ट्वीट करके दी है। पंकज सिंह नोएडा के वर्तमान विधायक हैं और यूपी विधानसभा 2022 में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी भी चुने गए हैं। पंकज सिंह लगातार दूसरी बार नोएडा विधानसभा से विधायक का चुनाव लड़ेंगे।

पंकज सिंह का शनिवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय की तरफ से टिकट फ इनल हुआ था। आधिकारिक रूप से पुष्टि होने के बाद पंकज सिंह के आवास के बाद काफ ी संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे और ढोल नगाड़ों के साथ पंकज सिंह का समर्थन किया। नोएडा में पंकज सिंह का एक बार फिर टिकट होने के बाद लोगों में उत्साह का माहौल है।

# सांसद प्रतिनिधि के खिलाफ ग्रामीणों में रोष

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**● कहा-नहीं हटाया तो विस चुनाव में भाजपा को होगा भारी नुकसान**

गौतमबुद्धनगर सांसद डॉ महेश शर्मा के प्रतिनिधि संजय बाली का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में संजय बाली ग्रामीण लोगों के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। इस वीडियो के बाद ग्रामीणों में काफी रोष है। ग्रामीणों ने संजय बाली से माफी मांगने के लिए कहा है। सिर्फग्रामीण ही नहीं बल्कि शहरी लोगों में भी इसको लेकर काफी नाराज हैं।

वायरल वीडियो में संजय बाली बोल रहे हैं कि ग्रामीणों को हमने कपड़े पहनना सिखाया है, ग्रामीण मुआवजा में पल रहे हैं। वीडियो में संजय बाली के बयान के बाद नोएडा और ग्रेटर नोएडा के ग्रामीण लोगों में काफी रोष है। लोगों ने माफी मांगने के लिए कहा है। लोगों का कहना है कि अगर संजय बाली ने माफी नहीं मांगी तो वह उनका और भाजपा का बहिष्कार करेंगे। जिसका यूपी विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को बहुत नुकसान भी होगा।

दुजाना गांव के निवासी राहुल नागर ने बताया कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो उनके पास आई, जिसमें संजय बाली ग्रामीणों के लिए आपत्तिजनक भाषा इस्तेमाल कर रहे हैं। संजय बाली को मैं बताना चाहता हूं कि ग्रेटर नोएडा और नोएडा के ग्रामीण आज काफ ी हाई प्रोफ इल और ऊंचे पद पर बैठे हुए हैं।

दुजाना गांव में 50 से ज्यादा लोग सरकारी नौकरी कर रहे हैं और देश की सेवा कर रहे हैं। अधिकतर युवा आर्मी, बीएसएफ और पुलिस में है। संजय बाली नोएडा और ग्रेटर नोएडा के ग्रामीणों के बारे में अभी जानते ही क्या हैं, चिटहेरा गांव के निवासी अमन भाटी ने बताया कि आज के समय में नोएडा और ग्रेटर नोएडा के लोग काफी तेजी के साथ उन्नति कर रहे हैं। हमारी जमीन पर ही नोएडा और ग्रेटर नोएडा बसे हैं।

संजय बाली कौन है वो नहीं जानते लेकिन उनको मैं बताना चाहता हूं कि इस जिले को इंटरनेशनल तक ले जाने में ग्रामीणों का मुख्य योगदान रहा है। आज संजय बाली ग्रामीणों के लिए अपशब्द का इस्तेमाल कर रहा है। ऐसे ही सांसद प्रतिनिधि को संजय बाली को तुरंत हटा देना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार



### पॉलीथिन के खिलाफ निगम ने चलाया ऑपरेशन दानव

**गाजियाबाद।** नगर निगम ने सोमवार को पॉलीथिन के प्रति जागरूकता को लेकर वार्ड 70 में पॉलीथिन दानव ऑपरेशन चलाया। कार्यक्रम में गाजियाबाद नगर निगम ने पॉलीथिन दानव रैली निकाली और दुकानदारों को पॉलीथिन के प्रयोग से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम के तहत मुख्य रूप से सिंगल यूज प्लास्टिक /पॉलीथिन का इस्तेमाल ना करने के लिये जागरूक किया गया साथ ही नगरवासियों व दुकानदारों को सिंगल यूज प्लास्टिक/ पॉलीथिन से होने वाले दुष्परिणाम के बारे में बताया गया। सभी दुकानदारो ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

### मेवाड़ में 'शोध मूलभूत तत्व' विषय पर कार्यक्रम

**गाजियाबाद।** वसुंधरा स्थित मेवाड़ इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के इंटरनल क्वालिटी एश्युरेंस सेल की ओर से सोमवार को आयोजित साप्ताहिक फैकल्टी डवलपमेंट प्रोग्राम में 'शोध के मूलभूत तत्व' विषय पर अतिथि वक्ताओं ने विस्तार से चर्चा की। सभी वक्ताओं ने प्रश्नोत्तर सेशन में सभी की जिज्ञासाओं को शांत किया। प्रश्नावली के माध्यम से फैकल्टी के ज्ञानार्जन का मूल्यांकन भी किया। प्रोग्राम की विधिवत शुरुआत मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया ने की। जबकि एमडीयू रोहतक के प्रोफेसर जेके शर्मा, मेरठ से डॉ. रीनू पाठक, डॉ. रांचे भटेजा, डॉ. दयाल संधु, जामिया मिलिया इस्लामिया विवि से डॉ. अजीत कुमार बोहरे, दिल्ली विश्वविद्यालय से डॉ. संदीप कुमार आदि अतिथि वक्ताओं ने शोध के बेसिक तत्व, शोध के क्षेत्र, डाटा संग्रहण एवं डाटा विश्लेषण पर विस्तार से प्रकाश डाला।





नामांकन के लिए ट्रैक्टर पर सवार होकर जाते जेवर से रालोद प्रत्याशी।

# ट्रैक्टर से कलेक्ट्रेट पहुंचे भड़ाना

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्धनगर की जेवर विधानसभा से रालोद प्रत्याशी अवतार सिंह भड़ाना सोमवार को अपना नामांकन करने कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस दौरान अवतार सिंह भड़ाना ट्रैक्टर पर सवार होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और नामांकन दाखिल किया। अवतार सिंह भड़ाना ने नामांकन दाखिल करने से पहले भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा।

भडाना ने कहा, जेवर एयरपोर्ट की परियोजना काफी समय पहले बन चुकी थी, लेकिन अभी तक कुछ बना नहीं हैं, बल्कि किसानों के घर उजाड़ गए हैं। उन्होंने कहा कि मैं गौतमबुद्ध नगर का वोटर हूं, इसलिए मैं किसानों का दर्द समझता हूं। जब हमारी सरकार बनेगी तो मैं सबसे पहले किसानों की समस्याओं को उठाऊंगा। अवतार भड़ाना ने आगे कहा, मैं ट्रैक्टर से लड़ाई लड़ूंगा और किसानों का हक दिलाने का काम करूंगा। उत्तर प्रदेश में इस बार गठबंधन की सरकार बनेगी।

# चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के बाद सपा नेता ने किया नामांकन

## विपक्षी नेताओं को जवाब देने के लिए पार्टी हर रणनीति पर कर रही काम : सुनील चौधरी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सेक्टर 49 बरौला गांव के पास हनुमान मंदिर के समीप बने समाजवादी पार्टी के चुनाव कार्यालय का सोमवार को नोएडा से सपा गठबंधन के प्रत्याशी सुनील चौधरी ने उद्घाटन किया। इससे पहले चुनाव कार्यालय में सबसे पहले हवन पूजन हुआ। इसके बाद सपा नेता सुनील चौधरी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ नामांकन के लिए कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे।

सुनील चौधरी ने कहा कि इस बार चुनाव पूरी से ऑनलाइन मोड पर होना है। इसलिए पार्टी की ओर बीजेपी और अन्य दूसरी पार्टियों को जवाब देने के लिए पार्टी कार्यालय की स्थापना की है। सपा के युवा कार्यकर्ता सोशल मीडिया पर भाजपा के झूठ को उजागर करेंगे और वरिष्ठ कार्यकर्ता घर-घर जाकर सपा की नीतियों को गिनाने का काम करेंगे। पार्टी भारी बहुमत से सरकार बनाने जा रही है। पार्टी की नीतियों पर सभी को विश्वास है। वर्तमान सरकार, समाजवादी सरकार में हुए विकास कार्यों को अपना नाम देकर जनता को गुमराह कर रही है। लेकिन जनता सब समझ रही है।


नामांकन के लिए कलेक्ट्रेट पहुंचे नोएडा से सपा प्रत्याशी सुनील चौधरी।

## नोएडा में संक्रमण के 2,158 नए केस मिले

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्धनगर में सोमवार को कोविड-19 के 2,158 मामले सामने आए। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि नये मामले सामने आने के बाद जनपद में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 82,323 हो गई है।

एफआईआर दर्ज होने के बाद बोले छत्तीसगढ़ के सीएम

# निर्वाचन आयोग निष्पक्ष रखे अपनी भूमिका

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल ने नोएडा में चुनाव प्रचार के दौरान कोविड-19 संबंधी नियमों के उल्लंघन के आरोप में अपने खिलाफ एफ आईआर दर्ज होने के बाद सोमवार को कहा कि निर्वाचन आयोग को अपनी भूमिका निष्पक्ष रखनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि आयोग को बताना चाहिए कि मौजूदा स्थिति में कैसे प्रचार करना है।

बघेल ने यहां संवाददाताओं से कहा कि मेरे साथ कई सुरक्षाकर्मी रहते हैं। कई पत्रकार भी थे। लोग आ रहे हैं, मिल रहे हैं। आखिर चुनाव प्रचार कैसे होगा। निर्वाचन आयोग को बताना चाहिए कि कैसे प्रचार करना है। उन्होंने कहा कि मेरे के खिलाफ ही कार्रवाई क्यों हुई। अमरोहा में भाजपा के प्रत्याशी और मंत्री के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं हुई, जबकि वे घर-घर जाकर प्रचार कर रहे हैं। निर्वाचन आयोग को अपनी भूमिका निष्पक्ष रखनी चाहिए। अभी शुरुआत में निष्पक्षता दिखाई नहीं दे रही है तो आखिर में क्या उम्मीद करें।

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में नोएडा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी के प्रचार के लिए रविवार को नोएडा आए बघेल के खिलाफ कोविड-19 संबंधी नियमों के उल्लंघन के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई। बघेल रविवार को कुछ समर्थकों के साथ नोएडा में कांग्रेस की प्रत्याशी पंखुड़ी पाठक के समर्थन में घर-घर प्रचार के लिए गए थे, जब नियमों का कथित उल्लंघन हुआ।

## भाजपा और कांग्रेस में जुबानी जंग तेज

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

कांग्रेस की छत्तीसगढ़ इकाई ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ कथित तौर पर कोविड.19 नियमों का उल्लंघन करने को लेकर नोएडा में एफआईआर दर्ज करने पर कांग्रेस और भाजपा में जुबानी जंग तेज हो गई है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुशील आनंद शुक्ला ने कल कहा था कि भाजपा उत्तर प्रदेश में बघेल के चुनाव अभियान को मिल रही अच्छी प्रतिक्रिया से डर गई है।

उन्होंने कहा कि एफ आईआर योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री की हताशा को दर्शाती है। बघेल ने घर-घर जाकर प्रचार के दौरान कोविड नियमों का पालन किया और निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार केवल पांच लोग ही उनके साथ थे।

वहीं भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंहदेव ने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं को यह समझना चाहिए कि उत्तर प्रदेश में कानून का राज है और कानून से बड़ा कोई नहीं हो सकता। छत्तीसगढ़ में खुलेआम नियमों और कोविड.19 दिशा.निर्देशों का उल्लंघन करने वाले कांग्रेसियों को कानून का सम्मान करने की आदत डालनी चाहिए।

**PUBLIC NOTICE**

My clients Mohd. Yahiya Khan S/o Sh. Mehboob Khan and his wife Smt. Munija Khatun both R/o H. No.138, F-2 Block, Street No.5, Sunder Nagri, Delhi-110093, have severed their relations and debarred their son Irfan Khan, his wife Shaina Mehar and their son Mohd. Atah Khan from all their moveable-immovable properties due to their misbehavior and misconduct. My clients and their family members shall not be responsible for their any kind of act(s) transaction(s) in any manner whatsoever.

Y. K. Sharma (Advocate)
Ch. No. F-11,
Karkardooma Courts,
Delhi High Court, Delhi-110032
Mob. 9810158440

**NAME CLARIFICATION**

I ,Rajmuna Devi ,w/o Late K.N. Tiwari,r/o A-708,SG Impressions 58, Rajnagar Extension, Ghaziabad,UP-201017, declare that my husband's actual name was Kedar Nath Tiwari and not Kidar Nath Tiwari ,which is wrongly mentioned in his service records of Army. I also declare that Kedar Nath Tiwari and Kidar Nath Tiwari was one and the same person.

**NAME CLARIFICATION**

I ,Rajmuna Devi ,w/o Late K.N. Tiwari ,r/o A-708,SG Impressions 58, Rajnagar Extension, Ghaziabad,UP-201017, declare that my actual name is Rajmuna Devi and not Rajmani Devi which is wrongly mentioned in my family pension papers of Army..I also declare that myself Rajmuna Devi and Rajmani Devi is one and the same person . Also, my actual date of birth is 10/06/1936 and not 01/07/1934 which is wrongly mentioned in Army records.

**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर -23, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली -110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तिय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है अतएव एतद् द्वारा कर्जदार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्जदार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्जदार/ सह-कर्जदार का नाम/ खाता क्र. | सम्पति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1. | मेसर्स बुक्स साइबरटेक प्राइवेट लिमिटेड/ शुब्रकांत शदंगी/सत्यसाई पाणिग्रही/ संजुक्ता शादंगी/सुचरिता महापात्रा/ स्वगतिका शादंगी/ ऋण संख्या:- 025005000218 & 025060000011 | एनए/ 205, नीला चक्र अपार्टमेंट, लाल बहादुर शास्त्री रोड, भुवनेश्वर खोरदा, भुवनेश्वर-751006/ 12-जनवरी-2022 | जून 03, 2021 ₹ 31,82,307 | भुवनेश्वर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्जदार/सह-कर्जदार एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: जनवरी 18, 2022
स्थान: दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

**PUBLIC NOTICE**

This is to bring in public notice that Rohit Goyal S/o Late Suresh Kumar Goel & R/o of H.No. 169/1, Pocket D12, Sector-7, Rohini, Delhi-110085 is mentally challenged. He will be liable for his actions himself and any person cannot bring any action on his mother Smt. Suman Lata Goyal, sister Tripta Goyal and brother Mohit Kumar Goel for the same, However, the mother, sister and brother have no link whatsoever with Rohit Goyal anymore.

RAHUL SHARMA
Advocate

**PUBLIC NOTICE**

General Public is hereby informed that my client, Sh. Shoeb Jamal, S/o Lt. Sh. Hafiz Jamaluddin and his wife Smt. Haseen Akhtar, both R/o B-48, Joshi Colony, I.P. Extension, Delhi-110092 have severed all relations with their son Sh. Shees Jamal due to his bad actions and conduct. They both have disowned and debarred him from all their movable and immovable properties. Anybody dealing with Sh. Shees Jamal will do so at their own risk and my clients won't be held responsible for any act, deed or dealing done by Sh. Shees Jamal.

Sd/-
Shiv Dutt Kaushik, Advocate

# महिला डॉग प्रेमी के कारण आवारा कुत्ते हुए खूंखार

## डर के कारण सोसाइटी के लोगों ने घर से निकलना किया बंद, पुलिस से नहीं मिली मदद

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट की हाउसिंग सोसाइटी में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। बीती रात को ग्रेटर नोएडा वेस्ट में स्थित स्प्रिंग मीडोज हाउसिंग सोसाइटी में इस बात को लेकर विवाद भी हुआ। लोगों का कहना है कि सोसाइटी में रहने वाली एक महिला आवारा कुत्तों को कच्चा मांस खिलाती है, जिसकी वजह से आवारा कुत्ते और भी ज्यादा खूंखार हो गए हैं। ऐसे में सोसाइटी के निवासियों में दहशत का माहौल बढ़ गया है।

स्प्रिंग मीडोज हाउसिंग सोसायटी के निवासी विकास कटियार ने बताया कि सोसाइटी में इस समय हर एक व्यक्ति में दहशत का माहौल बना हुआ है। सोसाइटी में इस समय 6 आवारा कुत्ते हैं। सोसाइटी में रहने वाली एक महिला डॉग प्रेमी इन कुत्तों को कच्चा मांस खिलाती हैं, जिसकी वजह से यह कुत्ते लगातार और भी ज्यादा खूंखार होते जा रहे हैं। निवासियों की मांग है कि महिला सोसाइटी में नहीं बल्कि सोसायटी के बाहर इन कुत्तों को कच्चा मांस खिलाएं, लेकिन महिला डॉग प्रेमी अपनी आदतों से बाज नहीं आ रही है। मुद्दा यह है कि कच्चा मांस खाने के बाद डॉग और भी ज्यादा खूंखार हो जाते हैं। ऐसे में अगर उनको सही समय पर कच्चा मांस नहीं मिला तो वह बच्चों और व्यक्तियों के ऊपर हमला भी कर देते हैं।

सोसाइटी में पिछले 6 महीने के दौरान अभी तक करीब 12 से भी ज्यादा आवारा कुत्तों द्वारा लोगों काटने के मामले सामने आए हैं।

### मासूम बच्चे पर किया जानलेवा हमला

**नोएडा।** वैसे तो ब्रीड रॉटविलर पर प्रतिबंध लगा हुआ है, लेकिन कुछ लोग अपनी दबंगई दिखाने के लिए ऐसे डॉगी को पालते हैं। जिसके बाद आसपास में लोगों में दहशत का माहौल बना देता है। सोमवार सुबह ग्रेटर नोएडा के सादोपुर गांव में प्रतिबंधित ब्रीड रॉयविलर ने एक मासूम पर जानलेवा हमला किया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। ग्रेटर नोएडा के बादलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सादोपुर गांव में एक व्यक्ति ने प्रतिबंधित ब्रीड रॉटविलर पाल रखे हैं।



सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# डॉक्टर के पर्चे के बिना भी कराएं कोविड जांच

## संक्रमण के लक्षण हैं तो किसी भी केंद्र पर करवा सकते हैं टेस्ट : मंत्री



● अभी तक 1.27 लाख लोगों को लगाई जा चुकी है बूस्टर डोज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में कोविड-19 के नमूनों की जांच पर उठे सवाल के बीच दिल्ली सरकार ने स्पष्ट किया है कि अगर किसी भी मरीज में कोरोना के कोई भी लक्षण हैं तो डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन की आवश्यकता नहीं है। संक्रमित किसी भी जांच केंद्र में जाकर अपना टेस्ट करवा सकते हैं। दिल्ली में मौजूदा स्वास्थ्य व्यवस्था अच्छी स्थिति में है और सरकार सबसे गंभीर परिस्थितियों से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने दिल्ली वालों से हर समय मास्क पहनने और सभी कोविड प्रोटोकॉल और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने का अनुरोध किया है।

सत्येंद्र जैन ने सोमवार को कोविड-19 की स्थिति के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पिछले चार दिनों से कोरोना के मामलों में लगातार कमी आ रही है। वीकेंड कर्फ्यू कारगार साबित हो रहा है। क्योंकि कम लोग अपने घरों से बाहर निकल रहे हैं। प्रतिबंधों की वजह से संक्रमण कम हो रहा है और मामलों में कमी आ रही है। लेकिन सरकार मामलों के रुझान को समझने के लिए अभी भी सतर्क है। दिल्ली में अब तक लगभग 2 करोड़ 85 लाख वैक्सीन के डोज लगाए जा चुके है। सौ फीसदी लाभार्थियों को कोरोना वैक्सीन की पहली डोज लग चुकी है। लगभग 80 फीसदी लोगों को दूसरी डोज दी जा चूकी है। इसके अलावा 1 लाख 27 हजार लोगों को बूस्टर डोज दी गई है। जिसमें 35 हजार लोग 60 वर्ष से अधिक हैं। 32 हजार स्वास्थ्य कार्यकर्ता हैं और बाकि 60 हजार लोग फ्रंटलाइन वर्कर हैं।

जो भी लोग टीकाकरण की दूसरी खुराक और बूस्टर खुराक के लिए पात्र हो चुके है, वे अपना टीकाकरण जल्द से जल्द करायें। मंत्री ने लोगों से कोरोना से जुड़े नियमों का पालन करने का आग्रह किया और सभी जरूरी सावधानियां बरतने और जब भी बाहर निकलें तो चेहरे पर मास्क जरूर लगाने को कहा। यह कोरोना को फैलने से रोकेगा। उन्होंने लोगों से सुरक्षा के लिए मास्क पहनने और सार्वजनिक स्थानों पर जाते समय सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने का आग्रह किया। साथ ही शहर की जनता को भरोसा दिलाया कि लॉकडाउन नहीं लगा है। प्रवासी मजदूरों को घबराने की जरूरत नहीं है।



फाइल फोटो

## कोरोना से थोड़ी राहत, 24 घंटे में आए 12,527 मामले

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में कोरोना संक्रमण के नए मामलों में थोड़ी राहत देखने को मिल रही है। नए संक्रमित मरीजों का ग्राफ और संक्रमण दर भी नीचे आ रहा है। कोरोना की तीसरी लहर में अब तक एक दिन में सबसे ज्यादा 28,867 मामले सामने आए थे। उसके बाद से रोजाना आने वाले केस में अब तक 10 हजार तक की कमी आ गई है। इसी कड़ी में सोमवार को कोविड के 12,527 नए मरीज मिले हैं जबकि 24 मरीजों की मौत हुई है। सक्रिय मामले घटकर 83,982 हो गए हैं और संक्रमण दर 27.99 फीसदी हो गई है।

दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटे में 18,340 मरीज ठीक हुए हैं। अस्पतालों में भर्ती मरीजों की संख्या कुल 2784 है। ऑक्सीजन बेड पर 909 और वेंटिलेटर पर 140 मरीज भर्ती हैं। कंटेंटमेंट जोन की संख्या 34958 है।

## आरोप-प्रत्यारोप से महामारी खत्म नहीं होगी : केजरीवाल



● हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के बयान के जवाब मुख्यमंत्री की प्रतिक्रिया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली एनसीआर के इलाके में गत दो दिनों में कोरोना संक्रमण के मामले मामले कम सामने आ रहे हैं। इस बीच हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रदेश में रोजाना कोरोना के नए मामलों का आंकड़ा लगभग 9 हजार है, इनमें से आधे से ज्यादा मामले गुरुग्राम, फरीदाबाद और सोनीपत के हैं। दिल्ली के संक्रमित मामलों का हरियाणा पर बहुत प्रभाव पड़ता है और पड़ रहा है। उनके इस बयान का मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जवाब दिया।

उन्होंने कहा कि आरोप प्रत्यारोप से बीमारी खत्म नहीं होगी। वह इस पचड़े में नहीं पड़ना चाहता। देश में कहीं भी कोरोना है तो ये अच्छी बात नहीं है। हरियाणा में कोरोना है या दिल्ली में है तो ये अच्छी बात नहीं है। मुख्यमंत्री ने यह बात दिल्ली परिवहन निगम की पहली इलेक्ट्रिक बस को इंद्रप्रस्थ डिपो पर हरी झंडी दिखाने के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान कही।



आईपी डिपो से वातानुकुलित इलेक्ट्रिक बस को झंडी दिखाकर रवाना करते मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल।

# प्रदूषण से जंग : आइपी डिपो से इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू

## मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रदूषण के खिलाफ जंग में दिल्ली सरकार ने एक और कदम बढ़ाया है। राष्ट्रीय राजधानी की सड़कों पर सोमवार से इलेक्ट्रिक बस दौड़ना शुरू हो गई। यह बस सेवा सुबह 5:30 बजे से रात 8:20 बजे तक आईपी डिपो से उपलब्ध रहेगी।

यह बस रूट संख्या ई-44 पर आईपी डिपो से सर्कुलर सेवा के रूप में आईपी डिपो से आईटीओ एजीसीआर, तिलक मार्ग, मंडी हाउस, बाराखंभा रोड, कनॉट प्लेस, जनपथ, राजेश पायलट रोड, पृथ्वीराज रोड, अरबिंदो मार्ग, सफदरजंग, रिंग रोड, साउथ एक्सटेंशन, आश्रम, भोगल, जंगपुरा, इंडिया गेट, हाई कोर्ट और प्रगति मैदान होकर गुजरेगी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को आईपी डिपो से इस इलेक्ट्रिक (वातानुकुलित) बस को झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही दिल्ली परिवहन निगम के बड़े में जल्द 300 इलेक्ट्रिक बसें और जुड़ जाएंगी।

इस मौके पर केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली सरकार का लक्ष्य अगले कुछ वर्षों के अंदर दो हजार और इलेक्ट्रिक बसें लाने का है। उन्होंने दिल्ली वालों से अपील करते हुए कहा कि आप भी अपने वाहन को इलेक्ट्रिक में तब्दील कर प्रदूषण के खिलाफ इस जंग में अपना योगदान जरूर दें।

इस दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत के साथ बस के अंदर यात्रियों के लिए दी गई आधुनिक सुविधाओं का मौका मुआयना किया और अधिकारियों ने बस में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर केजरीवाल ने कहा कि आज पहली इलेक्ट्रिक बस सड़क पर उतरी है। आज का दिन कई मायनों में बहुत महत्वपूर्ण है। सबसे पहले, दिल्ली में ट्रांसपोर्ट के क्षेत्र में एक नए युग की शुरूआत हुई है। इलेक्ट्रिक से चलने वाली पहली बस आज सड़क पर उतरी है। वह समझते है कि आने वाले वर्षों के अंदर जैसे-जैसे पुरानी बसें हटती जाएंगी, वैसे-वैसे इलेक्ट्रिक बसें सड़कों पर आती जाएंगी। प्रदूषण को नियंत्रित करने की दिशा में यह बहुत ही महत्वपूर्ण कदम है। इस बस के चलने के दौरान आवाज नहीं आती है और इस बस से जरा सा भी धुंआ नहीं निकलता है।

इस बस की बैट्री एक से डेढ़ घंटे में पूरा चार्ज हो जाती है और एक बार बैट्री के चार्ज होने पर यह बस कम से कम 120 किलोमीटर तक चलती है। जितने भी डीटीसी के डिपो है, उन सभी में चार्जिंग की व्यवस्था की जा रही है।

### इलेक्ट्रिक बस की प्रमुख विशेषताएं

यह बस उन 300 इलेक्ट्रिक बसों में शामिल हैं, जिन्हें डीटीसी के तहत आने वाले दिनों में शामिल किया जाएगा। यह 300 बसें मुंडेला कलां (100 बसें), राजघाट (50) और रोहिणी सेक्टर-37 (150 बसें) डिपो से चलेंगी। इन बसों में विकलांग यात्रियों के लिए घुटनों के बल चलने वाले रैंप और महिला यात्रियों के लिए विशेष गुलाबी सीटें हैं। यह बसें सीसीटीवी कैमरों से लैस हैं, जो कश्मीरी गेट पर एक टूवे सेंट्रल कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (सीसीसी) से जुड़ी हैं। हर बस में 10 पैनिक बटन और एक हूटर है। यह पहली प्रोटोटाइप बस आईपी डिपो से 27 किमी लंबे रूट पर चलेगी।

# होम आइसोलेशन में योग से दूर हो रहा मानसिक तनाव

## योगशाला बनी अकेलापन दूर करने का साथी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

होम आइसोलेशन के कोविड-19 मरीजों के लिए शुरू किया गया फ्री ऑनलाइन योग क्लास से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ने के साथ ही मरीजों का मानसिक तनाव भी हो दूर कर रहे संक्रमित। योगशाला की मदद से ठीक हुए मरीजों ने इस पहल को ह्यूमन- रिसोर्स को बेहतर बनाने के लिए राज्य सरकार का निवेश बताया, जिसका भविष्य में मिलेगा बेहतर रिटर्न।

दिल्ली सरकार के मुताबिक, होम-आइसोलेशन में रहकर इलाज ले रहे कोरोना संक्रमित मरीजों के लिए केजरीवाल सरकार की तरफ से योगशाला कार्यक्रम के तहत शुरू की गई ऑनलाइन योग क्लासेस से कोरोना के मरीजों की इम्युनिटी तेजी बढ़ रही है और मरीज बड़ी तेजी से कोविड-19 संक्रमण से उबर रहे हैं। ऑनलाइन योग क्लासेस के जरिए कोरोना संक्रमितों के अकेलेपन को खत्म कर उनके मानसिक स्वास्थ्य को भी बेहतर करने का काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा 11 जनवरी से इस कार्यक्रम की आधिकारिक घोषणा की गई थी।

प्रशिक्षित योग टीचर द्वारा मरीजों को योग करवाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत कोरोना संक्रमित पाए गए लोगों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक लिंक भेजा जाता है। इस लिंक के माध्यम से संक्रमित व्यक्ति ऑनलाइन योग क्लास के लिए रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। संक्रमित व्यक्ति अपनी सुविधा के अनुसार सुबह 6 बजे से 11 बजे तक और शाम 4 बजे से 7 बजे तक होने वाले 1-1 घन्टे की 8 क्लासेज के लिए एक टाइम-स्लॉट का चयन कर सकते हैं।

### योगाभ्यास करने के लिए प्रशिक्षक हैं तैयार

मरीजों को बेहतर सुविधा मिल सके और इंस्ट्रक्टर 1-1 व्यक्ति पर अच्छे से ध्यान दे सके, इसके लिए सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि एक इंस्ट्रक्टर को केवल 15 मरीज ही दिए जाएंगे। पास वर्तमान में 40 हजार लोगों को योग क्लास देने के लिए ट्रेनर उपलब्ध है। साथ ही नए ट्रेनर्स को भी ट्रेनिंग दी जा रही है। अभी तक 3 हजार से ज्यादा लोग इस कार्यक्रम से जुड़ चुके हैं और इसका लाभ उठा रहे हैं।



# सरकार के रवैये से टूट गई व्यापारियों की कमर : भाजपा

● मजदूरों के भूखे मरने की नौबत : बिधूड़ी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कोरोना के नाम पर दिल्ली सरकार की सख्त नीतियों का खामियाजा के व्यापारियों को भुगतना पड़ रहा है। कोरोना नियमों के पालन के नाम पर व्यापारियों से सिर्फ जुर्माना वसूला जा रहा है। यह आरोप लगाते हुए दिल्ली विधानसभा नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कहा है कि सरकार के रवैये से व्यापारियों की कमर टूट गई है।

रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि व्यापारियों और दुकानदारों की सुध लेने के लिए सरकार के पास वक्त नहीं है। दो दिन वीकेंड कर्फ्यू के नाम पर दुकानें बंद हैं और उसके बाद बाकी बचे पांच दिनों में ऑड-ईवन लागू होने के कारण दुकानदारों को सिर्फ दो दिन या तीन दिन ही दुकानें खोलने की इजाजत मिल रही है। इससे दुकानदारों की कमर टूट गई है। उन्हें बिजली के बिल भरने हैं, दुकानों का किराया देना है, दुकान पर काम करने वाले कर्मचारियों का वेतन देना है और सरकार को हर तरह का टैक्स भी भरना है। आखिर दुकान का खर्च कैसे निकालेंगे। बाजारों में माल ढोने जैसा काम करने वाले मजदूरों का कामधंधा भी लगभग बंद हो गया है और उनके भूखों मरने की नौबत आ गई है।

## संक्षिप्त समाचार



आम आदमी पार्टी में शामिल होने पर टोपी और पटका पहनाकर स्वागत करते आप विधायक दिलीप पांडेय।

### कांग्रेस और भाजपा नेता आप में शामिल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता कमल गौर और भाजपा नेता गौरव शर्मा आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। आप विधायक दिलीप पांडेय व हाजी यूनुस ने उन्हें टोपी और पटका पहनाकर पार्टी में शामिल किया। इस मौके पर पांडेय ने कहा कि केजरीवाल सरकार की नीतियों और विकास मॉडल से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में लोग आप परिवार में शामिल हो रहे हैं। उसी श्रृंखला में आज शिव विहार विधानसभा से कांग्रेस नेता कमल गौर और भाजपा नेता गौरव शर्मा आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। गौर ईस्ट दिल्ली यूथ कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष रहे हैं। गौरव शर्मा भाजपा के वॉर्ड महामंत्री थे।

### राष्ट्रीय पर्यावरण युवा संसद प्रतियोगिता शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली कौशल एवं उद्यमिता विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय पर्यावरण युवा संसद- 2022 के लिए यूनिवर्सिटी प्रीलिम्स की शुरुआत की। इसका मकसद सभी हिस्सों में विश्वविद्यालयों के बीच युवाओं को मौजूदा पर्यावरणीय समस्याओं के बारे में जागरूक करने के लिए आयोजित किया जा रहा है। वाईस चांसलर, प्रो. (डॉ.) नेहारिका वोहरा ने विश्वविद्यालय के प्रतिभागियों एवं अन्य अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह पहली राष्ट्रीय प्रतियोगिता है, जिसमें छात्र विवि का प्रतिनिधित्व करने के लिए भाग ले रहे हैं। आशा है कि सभी पर्यावरण के चैंपियन बनेंगे। राष्ट्रीय पर्यावरण युवा संसद 2022 तीन स्तरों पर आयोजित किया जायेगा। जिसमे विश्वविद्यालय स्तर, क्षेत्रीय स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर होंगे।

## कोरोना से देशभर में 50 फीसदी से अधिक व्यापार में गिरावट : कैट

**नई दिल्ली।** कोरोना के बढ़ते मामलों के चलते पिछले 15 दिनों में देश भर के व्यापार व आर्थिक गतिविधियों में 50 फीसदी से अधिक की गिरावट आई है। यह दावा कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ़ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने अपने बयान में किया है।

कैट ने केंद्र सरकार एवं सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से अपील करते हुए कहा कि कोरोना से बचाव के लिए प्रतिबंधों के साथ ही व्यापारिक एवं आर्थिक गतिविधियां सुचारू रखने के लिए भी प्रयास किया जाना चाहिए।

# गाजीपुर से बरामद आईईडी में लगाया गया था टाइमर

● विस्फोटक में था आरडीएक्स व अमोनियम नाइट्रेट : एनएसजी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) ने दिल्ली पुलिस को सूचित किया है कि हाल ही में गाजीपुर फूल मंडी से बरामद आईईडी में एक टाइमर उपकरण लगा हुआ था और इसमें अमोनियम नाइट्रेट तथा आरडीएक्स मौजूद थे। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

संघीय आतंकवाद-निरोधक कमांडो बल ने 14 जनवरी को यहां बरामद किए गए विस्फोटक पदार्थ को जांच के लिए हरियाणा के मानेसर स्थित अपने एनबीडीसी के विशेषज्ञों को भेजा था। सूत्रों ने कहा कि विस्फोट-उपरांत अंतिम जांच रिपोर्ट दिल्ली पुलिस को सौंप दी गई है। इसमें कहा गया है कि आईईडी में अमोनियम नाइट्रेट, आरडीएक्स, नौ वोल्ट की एक बैटरी, लोहे के छोटे-छोटे टुकड़े थे।

# वीजा धोखाधड़ी के मामले में 3 गिरफ्तार

## तीनों आरोपी हरियाणा के कैथल में एजेंट के रूप में कर रहे थे काम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने वीजा को लेकर कथित धोखाधड़ी के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार लोगों के नाम जोगिंदर सिंह (53) और सुरजीत सिंह (53) हैं। पुलिस के मुताबिक, वे हरियाणा के कैथल और कुरुक्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में एजेंट के रूप में काम करते थे और विदेश जाने के इच्छुक लोगों के लिए अनुचित तरीके से वीजा और पासपोर्ट की व्यवस्था करते थे।

पुलिस ने बताया कि तीसरा आरोपी कुलदीप सिंह (33) एक यात्री है जो जाली वीजा पर यात्रा करने का इच्छुक था। पुलिस के अनुसार, आईजीआई हवाईअड्डा पुलिस थाने में आव्रजन अधिकारियों से एक शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि आठ और नौ जनवरी की रात को कुलदीप सिंह नाम के एक यात्री ने दुबई जाने के लिए हवाई अड्डे पर आव्रजन मंजूरी के लिए संपर्क किया था।

पुलिस उपायुक्त (आईजीआई हवाई अड्डा) संजय त्यागी ने बताया कि यात्रा दस्तावेजों की मंजूरी और जांच के दौरान उसके पासपोर्ट के एक पृष्ठ पर एक नकली कनाडाई वीजा चिपका हुआ पाया गया। इसमें मूल कनाडाई वीजा की तरह कोई सुरक्षा विशेषताएं नहीं थीं। एक मामला दर्ज किया गया और जांच की गई।

त्यागी ने कहा कि जब यात्री से पूछताछ की गई तो उसने खुलासा किया कि उसने फर्जी कनाडाई वीजा और अन्य दस्तावेज जोगिंदर सिंह नाम के एक एजेंट से 16 लाख रुपये में खरीदे थे। उन्होंने बताया कि यात्री ने यह भी खुलासा किया कि एजेंट जोगिंदर सिंह उसके साथ आठ जनवरी को हवाई अड्डे पर आया था।

# शीतलहर और कोहरे से बढ़ी गलन

## *अगले तीन दिनों तक मौसम में बदलाव की संभावना नहीं*

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के लोगों को फिलहाल कड़ाके की ठंड और शीतलहर से फिलहाल राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। मौसम विभाग का अनुमान है कि दिल्ली समेत पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान के कुछ हिस्सों में अगले दो दिनों तक कड़ाके की ठंड पड़ेगी। कुछ इलाकों में शीत दिवस से गंभीर शीत दिवस की स्थिति रहेगी। दो दिन बाद ठंड से राहत मिल सकती है।

सोमवार सुबह न्यूनतम तापमान 8.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शहर में कई स्थानों पर शीतलहर चलने का पूर्वानुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, सुबह साढ़े आठ बजे हवा में आर्द्रता का स्तर 87 प्रतिशत रहा। अधिकतम तापमान के 16 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक ने दिन में आसमान में आंशिक रूप से बादल रहने और हल्के से मध्यम कोहरा छाने का पूर्वानुमान लगाया है।

सोमवार सुबह आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहे और हल्के से लेकर कहीं-कहीं घना कोहरा छाया रहा। नोएडा-ग्रेटर नोएडा के इलाके में कई दिनों से घना कोहरा हो रहा है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले तीन-चार दिनों तक दिल्ली और आसपास के इलाकों में घना कोहरा रह सकता है। दिल्ली और एनसीआर के लोगों को पूरे दिन गलन वाली ठंड से जूझते देखा गया। अगले दो-तीन दिन मौसम ऐसा ही बना रहेगा। जनवरी के आखिरी हफ्ते से तापमान बढ़ने की उम्मीद है।

आईएमडी के अनुसार राजधानी दिल्ली में 21-22 जनवरी को बारिश हो सकती है। इसके साथ ही 21 जनवरी के बाद न्यूनतम तापमान में फिर इजाफा होगा और यह 10 से अधिक हो सकता है। मौसम विभाग का कहना है कि अभी दिन में शीतलहर का प्रभाव बना रहेगा।

# रैन बसेरों में जगह नहीं, ठंड में हजारों लोग फुटपाथ पर

## *कड़ाके की ठंड व शीतलहर में मजदूर और कामगार भटकने को मजबूर*

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

ओडिशा का मूल निवासी 40 वर्षीय रिक्शा चालक मुकेश साहू दिल्ली की भीषण ठंड में फतेहपुरी और चांदनी चौक के बाजारों के गलियारों में रात गुजारने को मजबूर है।

वह सर्दी से राहत पाने के लिए अक्सर अलाव सेंकता है, लेकिन वह जगह की कमी के चलते पास के रैन बसेरे में नहीं रह सकता। साहू ने कहा कि पहले, मैं चांदनी चौक स्थित रैन बसेरे में ही सोता था, लेकिन बीती सर्दी से सामाजिक दूरी के नियमों के पालन की अनिवार्यता के चलते मुझे वहां जगह ही नहीं मिलती।



फाइल फोटो

साहू की तरह दिल्ली में हजारों अन्य बेघर भीषण सर्दी से जूझते हुए पुल के नीचे बने फुटपाथ, बस अड्डों और उपमार्गों पर सर्द रातें काटने को मजबूर हैं। बिहार के समस्तीपुर का रहने वाला दिहाड़ी मजदूर अहमद अली का कहना है कि मुझे ठंडी हवाओं के चलते फुटपाथ पर सोने से डर लगता है। रैनबसेरों में या तो जगह की कमी है या उनकी हालत खस्ता है, इसलिए मैं कश्मीरी गेट पर एक पुल के नीचे रात गुजारता हूं।

2014 में हुए एक सरकारी सर्वेक्षण के मुताबिक, दिल्ली में 16 हजार से अधिक बेघर लोग हैं, लेकिन बेघरों के लिए काम करने वाले गैर सरकारी संगठनों का दावा है कि यह संख्या एक लाख के करीब हो सकती है। सरकारी प्राधिकारियों का कहना है कि बेघरों के रहने के लिए पर्याप्त प्रबंध किए गए हैं। दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड के एक अधिकारी ने अपनी पहचान गोपनीय रखने की शर्त पर कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में 209 स्थायी और 216 अस्थायी आश्रय गृह हैं ,जिनमें 21,000 बेघर लोगों को रखा जा सकता है, लेकिन कोविड-19 के कारण लोगों की रहने की क्षमता को संशोधित करके करीब 10,500 किया गया है।

सेंटर फॉर होलिस्टिक डेवलपमेंट के कार्यकारी निदेशक सुनील कुमार अलेदिया ने कहा कि आश्रय गृहों में जगह और सुविधाओं की कमी के कारण हजारों लोग सड़कों पर रात बिताने को मजबूर हैं।

## सोलह दिन में 2500 पुलिसकर्मी संक्रमित 767 हुए ठीक

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक जनवरी से अब तक 2500 पुलिसकर्मी कोरोना वायरस से संक्रमित हुए, जबकि इनमें से 767 ठीक होकर काम पर वापस आ चुके हैं। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) और दिल्ली पुलिस के प्रवक्ता चिन्मय बिस्वाल भी कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए थे, लेकिन फिलहाल वह स्वस्थ हो कर काम पर लौट आए हैं। इस अधिकारी ने यह भी बताया कि कोविड-19 से संक्रमित ज्यादातर पुलिसकर्मी ठीक होकर दिन प्रतिदिन के काम पर लौट रहे हैं।

# स्ट्रीट फॉर पीपल चैलेंज में शीर्ष 11 पुरस्कार विजेताओं में शामिल हुआ गुरुग्राम

## केन्द्रीय आवास एवं शहरी मामले मंत्रालय द्वारा वर्ष 2020 में शुरू किया गया था स्ट्रीट फॉर पीपल चैलेंज

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में सफाई के बाद साफ-सुथरा व खुला नजर आ रहा सदर बाजार।

**केन्द्रीय** आवास एवं शहरी मामले मंत्रालय द्वारा गुरुग्राम को स्ट्रीट फॉर पीपल चैलेंज में शीष 11 पुरस्कार विजेताओं में शामिल किया गया है। वर्ष 2020 में सरकार द्वारा 100 से अधिक शहरों को सुरक्षित, खुशहाल और सार्वजनिक स्थानों के रूप में सड़कों की कल्पना के प्रति प्रेरित करने के लिए स्ट्रीट फॉर पीपल चैलेंज की शुरूआत की गई थी।

नगर निगम गुरुग्राम की अतिरिक्त आयुक्त डा. वैशाली शर्मा के मुताबिक पीपल फॉर स्ट्रीट चैलेंज राष्ट्रीय परिवहन नीति-2006 के अनुरूप है, जो कार केन्द्रित सड़कों से नागरिक केन्द्रित सड़कों के एक आदर्श बदलाव का आह्वान करता है। चुनौती के पहले चरण में शहरों ने स्वस्थ सड़कों का एक शहर व्यापी नेटवर्क बनाने की दृष्टि से काम किया। कुल मिलाकर 113 शहरों ने चुनौती के लिए पंजीकरण किया। स्टेज-1 प्रस्ताव प्रस्तुत करने वाले 38 शहरों में से केन्द्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय की टीम ने 17 जनवरी को एक ऑनलाईन कार्यक्रम में शीर्ष 11 पुरस्कार विजेताओं की घोषणा की है, जिसमें गुरुग्राम भी शामिल है। उन्होंने बताया कि नगर निगम गुरुग्राम ने शहर में कार्यक्रम का नेतृत्व किया तथा सदर बाजार पैदल चलने की परियोजना व साथ के राजकीय विद्यालय क्षेत्र को चुना। नगर निगम ने पूरे 21 हेक्टेयर वाणिज्यिक सदर बाजार क्षेत्र का एक परिवर्तन परीक्षण किया, जिसमें पूरी तरह से पैदल चलने वाले 600 मीटर बाजार का मुख्य मार्ग शामिल है। इस कार्यक्रम में गुरुग्राम पुलिस, नॉलेज पार्टनर डब्ल्यूआरआई इंडिया, एंगेजमेंट पार्टनर राहगिरी फाउंडेशन, डिजाईन कंसलटेंट सिटी सभा, दियासरिया, सहरीती, स्टूडियो अर्थवॉर्म व कई हितधारकों के सहयोग से 20 मार्च 2021 को एक रात में लागू किया। साथ ही विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई।

उन्होंने बताया कि सदर बाजार पूरी तरह से एक व्यवसायिक सड़क है, जहां 95 प्रतिशत ग्राहक पैदल पहुंच सकते हैं। लेकिन उनके लिए केवल 15 से 20 प्रतिशत सड़क की जगह ही उपलब्ध होती है। सड़क पर बेतरतीब पार्किंग और वाहनों का कब्जा रहता है। बाजार का पूर्ण पैदल यात्रीकरण ग्राहकों के लिए सुरक्षित, आरामदायक, खरीददारी, बैठने का स्थान, प्रकाश व्यवस्था और सांस्कृतिक गतिविधियों जैसे अन्य सहायक तत्वों के अवसर प्रदान करेगा।

# आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने कोरोना के प्रति किया जागरुक


गुरुग्राम में लोगों को कोरोना से बचाव के प्रति जागरुक करते आप कार्यकर्ता।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बैनर और प्लेकार्ड लेकर सेक्टर-31 में जागरुकता अभियान चलाया। आप नेत्री डॉ. सारिका वर्मा ने बताया कि 97 प्रतिशत लोग जो अस्पताल में भर्ती हो रहे हैं, उन्होंने कोरोनारोधी की टीका नहीं लगवाया है। टीकाकरण बीमारी से बचाव कर रहा है।

उन्होंने बताया कि अधिकांश लोग, जिन्होंने दोनों डोज ले रखी हैं, अगर संक्रमित होते हैं तो हलके लक्षण के साथ घर पर रहकर ही ठीक हो रहे हैं। पिछले वर्ष कोविड की डेल्टा वेरिएंट्स ने बहुत कहर मचाया था। अब कुछ हफ्तों के लिए भीड़ से बचें। होम डिलीवरी सुविधा का प्रयोग करें। जो लोग वर्क फ्रॉम होम कर सकते हैं, उन्हें घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए।

लोगों को जागरुक करने के लिए सचिन शर्मा, पारस जुनेजा, सविता चावला, तरंग नागरथ, निखिल कालरा, शत्रुंजय बेनीवाल, अशोक वर्मा, नरेंद्र जांगड़ा, चारु व्यास, सुदेव, मंजूर अली, डॉ. करण जुनेजा और नरेंद्र कुमार ने बैनर प्ले कार्ड लेकर लोगों को जागरूक किया। लोगों को बताया कि मास्क सही से पहनें। भीड़-भाड़ से बचें और जल्द से जल्द टीकाकरण पूरा कराएं।

## संक्षिप्त समाचार

### सोहना में चोरी की मोटरसाइकिल समेत एक आरोपी गिरफ्तार

**सोहना।** यहां पर सीआईए पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर गिरोह के एक आरोपी को शहर में चुंगी एक पर एक स्थान पर लगाए गए नाके पर घेराबंदी डाल पकड़ने में कामयाबी पाई है। पकड़े गए आरोपी की पहचान शैलेन्द्र कुमार पुत्र रामबीर निवासी राज इंकलेव, थानाक्षेत्र छपरोला, जनपद गाजियाबाद, उत्तरप्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता सुभाष बोकन के अनुसार सोहना सीआईए पुलिस में कार्यरत इंस्पेक्टर सतप्रकाश को मुखबिर खास से सूचना हाथ लगी कि चोरी की मोटरसाइकिल पर सवार एक युवक सोहना शहर में चुंगी एक से होकर चोरी की मोटरसाइकिल को मेवात में बेचने के लिए जाने वाला है। सूचना को सही मान उन्होने सीआईए पुलिस में कार्यरत सबइंस्पेक्टर कमल सिंह की अगुवाई में एक टीम गठित कर चुंगी एक पर नाका लगाने का निर्देश दिया। जिस पर सीआईए पुलिस में कार्यरत सबइंस्पेक्टर कमल सिंह ने अपनी अगुवाई में नाका लगाकर दोपहिया वाहनों की जांच शुरू कर दी। पुलिस नाके को लगे देख जब सामने से सफेद रंग वाली अपाचे मोटरसाइकिल पर आ रहे एक मोटरसाइकिल सवार ने मोटरसाइकिल को वापिस मोडकर भागने का प्रयास किया तो नाके पर मौजूद सीआईए पुलिस टीम वहां पहुंच गई और युवक को मोटरसाइकिल समेत दबोच लिया और मोटरसाइकिल की मल्कियत संबंधी कागजात दिखाने को कहा तो वह कोई भी कागजात पेश नही कर पाया। पूछताछ में उसने खुलासा किया कि उसने ये मोटरसाइकिल दिल्ली में अशोक विहार थानाक्षेत्र से ताला तोड़कर उस वक्त चुराई थी, जब वहां कोई नही था। वह मोटरसाइकिल का ताला तोड़कर चोरी कर ले गया और चोरी की गई मोटरसाइकिल को एक स्थान पर ले जाकर छुपा दिया। जिसे वह सस्ते दामों पर बेचने के लिए सोहना के रास्ते मेवात में जाने वाला था कि पुलिस ने उसे पहले ही दबोच लिया। सीआईए पुलिस का कहना है कि आरोपी से पूछताछ चल रही है। पुलिस आरोपी को जल्द अदालत में पेश करेगी। सीआईए पुलिस में कार्यरत सबइंस्पेक्टर कमल सिंह ने बताया कि आरोपी को जमानत पर छोड़ा गया है।

### सब्जियों की एकीकृत फसलों पर प्रति एकड़ 8000 का अनुदान

**सोहना।** स्थानीय मार्किटकमेटी के चेयरमैन रहे व भाजपा के सहकारिता प्रकोष्ठ में प्रदेश सहसंयोजक दिनेश शर्मा खेड़लिया की माने तो समय के साथ-साथ खेती के तौर तरीकों में हो रहे बदलावों के प्रति छोटे व सीमांत किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहरलाल सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार के अनुदान दिए जा रहे हैं। इसी क्रम में किसानों के बीच एकीकृत सब्जियों की खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रति एकड़ 8000 रुपए का अनुदान दिया जा रहा है। सोमवार को यहां पर आयोजित एक कार्यक्रम में किसानों के बीच बोलते हुए स्थानीय मार्किटकमेटी के चेयरमैन रहे व भाजपा के सहकारिता प्रकोष्ठ में प्रदेश सहसंयोजक दिनेश शर्मा खेड़लिया ने अनुदान स्कीम की जानकारी देते हुए बताया कि किसान सूक्ष्म सिचाई या टपका सिचाई प्रणाली का उपयोग कर कम पानी वाली फसलों से अधिक मुनाफा कमा सके, इसके लिए सरकार द्वारा सब्जियों की एकीकृत फसलों पर प्रति एकड़ 8000 रुपए का अनुदान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चूंकि सोहना क्षेत्र में निरंतर घटता भूजल स्तर चिंता का विषय है। ऐसे में सब्जियों की खेती एक बेहतर विकल्प है। सब्जियों को उगाना इसलिए भी फायदेमंद है क्योंकि बाजार में ताजी सब्जियों की मांग हर समय बनी रहती है व इसकी बिक्री के बाद तुरंत नगद भुगतान मिल जाता है। किसान इसे बेचकर लगातार अच्छी आमदनी कमा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सब्जियों की खेती पर सरकार द्वारा अनुदान देने के साथ साथ निरंतर जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जा रहे है। स्थानीय मार्किटकमेटी के चेयरमैन रहे व भाजपा के सहकारिता प्रकोष्ठ में प्रदेश सहसंयोजक दिनेश शर्मा खेड़लिया की माने तो एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत उपरोक्त अनुदान स्कीम के माध्यम से एक किसान को यह मदद अधिकतम 5 एकड़ तक के लिए दी जा सकती है। शर्तों को पूरा करने पर यह पैसा सीधे किसान के बैंक अकाउंट में ट्रांसफर कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अनुदान का पात्र होने के लिए आपका वेबसाइट 222.hortharyana.gov.in/en पर रजिस्ट्रेशन होना आवश्यक है। बागवानी विभाग में चल रही विभिन्न स्कीमों के तहत किसानों को अनुदान का लाभ 'पहले आओ-पहले पाओ' के आधार पर दिया जाएगा।

### आंगनबाड़ी वर्कर्स व हेल्परों ने प्रशिक्षण शिविर का किया बहिष्कार


बादशाहपुर में स्थित प्ले स्कूल में प्रशिक्षण प्राप्त करते आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और हेल्पर।

**सोहना।** सोहना खंड में सोमवार से शुरु हुआ दस दिवसीय प्रशिक्षण में आंगनबाड़ी व हेल्पर कार्यकर्ता भाग नहीं ले रहे हैं। ब्लॉक के एकमात्र टीकली केन्द्र पर 9 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और 6 हेल्पर प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए पहुंचीं। सोमवार से खंड के सभी 222 आंगनबाड़ी केन्द्रों को बहुत ही जल्द प्ले स्कूल में परिवर्तन किया जा रहा है। उससे पहले सभी केन्द्रों पर लगी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और हेल्पर को प्ले स्कूल में आने वाले बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। सोमवार को खंड के चार केन्द्र भोंडसी, हरचंदपुर, सोहना और एक अन्य स्थान पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं हेल्पर को प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ करना था, लेकिन किसी भी केन्द्र पर एक भी कार्यकर्ता और हेल्पर प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए नहीं पहुंची। जबकि खंड के टीकली गांव में स्थित प्रशिक्षण केन्द्र पर 9 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और 6 हेल्पर पहुंची। जिन्हें अंजू सुपरवाइजर ने प्ले स्कूल के नियमानुसार प्रशिक्षण दिया। सुपरवाइजर अनीता ने बताया कि सोहना ब्लॉक को छोड़ जिला व प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर प्रशिक्षण प्राप्ति के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और हेल्पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में भाग न लेने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और हेल्पर की शिकायत उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है।

# कोरोनारोधी वैक्सीन लगवाकर खुद को करें सुरक्षित: पुनीत अग्रवाल

## संकट मोचन धाम में लगाया गया 19वां वैक्सीनेशन कैंप

## श्री श्याम परिवार फाउंडेशन ने स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से लगाया कैंप

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


सदर बाजार स्थित संकट मोचन धाम मंदिर प्रांगण में वैक्सीन लगवाते लोग।

**श्री श्याम** परिवार फाउंडेशन की ओर से स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से यहां सदर बाजार स्थित संकट मोचन धाम मंदिर प्रांगण में 19वां वैक्सीनेशन कैंप आयोजित किया। इस कैंप में लोगों को वैक्सीन लगाकर जरूरी ऐहतियात बरतने को जागरुक किया गया।

शिविर में श्री श्याम परिवार फाउंडेशन के अध्यक्ष पुनीत अग्रवाल, हिमांशु शर्मा, आशीष सिंगला, अनुज, प्रिंस मंगला, दिनेश कुमार व सुमन आदि ने लोगों को जागरुक किया। पुनीत अग्रवाल ने कहा कि भविष्य में भी यहां शिविर लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हर नागरिक कोरोना रोधी वैक्सीन लगवाकर खुद को सुरक्षित करे। यह भी देश सेवा है। इस सेवा में सभी का सहयोग जरूरी है। संस्था के उपाध्यक्ष नितिन अग्रवाल, व संरक्षक नवीन गुप्ता ने बताया कि सोमवार को नि:शुल्क वैक्सीनेशन कैम्प में 250 लोगों ने वैक्सीन लगवाई। इससे पहले इसी परिसर में 18वां कैंप लगाया गया था। फाउंडेशन का यही प्रयास है कि अधिक से अधिक लोगों को वैक्सीन लगे, ताकि लोग सुरक्षित हो सकें। बाजार में रोजाना हजारों लोग आते हैं, जिन्हें वैक्सीन नहीं लगी होती वे यहां पर शिविर में वैक्सीन लगवाते हैं। इसलिए संस्था समय-समय पर यहां शिविर आयोजित कर रही है।

# सिविल लाइन में पूर्णिमा के अवसर पर लगाया विशाल भंडारा

## इन आयोजन के पीछे संस्था का यही उद्देश्य है कि जरुरतमंद लोगों को प्रसाद के रुप में भोजन मिल सके

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम के सिविल लाइन में भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग।

**सोमवार** को पूर्णिमा के अवसर पर सिविल लाइंस क्षेत्र स्थित आपका सिटी प्लाजा के पास सामाजिक संस्था जनसेवा समिति द्वारा 8वें विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। इसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

संस्था से जुड़े विवेक बंसल, दलीप लूथरा, सुनील गर्ग, राहुल गर्ग आदि का कहना है कि संस्था प्रत्येक माह की पूर्णिमा व अन्य धार्मिक पर्वों के अवसर पर विशाल भण्डारों का आयोजन करती रही है। इन आयोजन के पीछे संस्था का यही उद्देश्य है कि जरुरतमंद लोगों को प्रसाद के रुप में भोजन मिल सके।

गुरुग्राम के सिविल लाइन में प्रतिदिन आस-पास के क्षेत्र से बड़ी संख्या में हर वर्ग के लोग आते हैं। उन्हें भोजन की किल्लत का भी सामना करना पड़ता है। ऐसे में इन संस्थाओं द्वारा किए जाने वाले इस प्रकार के पुण्य कार्यों का उन्हें लाभ भी मिल जाता है और उन्हें भरपेट भोजन भी उपलब्ध हो जाता है। आयोजन को सफल बनाने में संस्था के राजीव गुलाटी, प्रवेश वशिष्ठ, अभिषेक अग्रवाल, संजय मेहरा, अशोक सरदाना, बंशीलाल हसीजा, संजय ढींगड़ा, हरीश हसीजा, दीपक रखेजा आदि का भी सहयोग रहा।

# गुरुग्राम में हैं सबसे अधिक कोरोना केस, तैयारी पूरी रखें: संजीव कौशल


गुरुग्राम में अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्य सचिव संजीव कौशल।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने सोमवार को यहां वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर कोरोना की स्थिति का जायजा लिया। इसके साथ ही कानून व्यवस्था, कोर्ट केसों का निपटारा आदि विषयों पर चर्चा की।

मुख्य सचिव संजीव कौशल ने जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि कोरोना के मामलों पर निरंतर निगरानी रखें। समय रहते ऑक्सीजन, दवा आदि के प्रबंध सुनिश्चित कर लें, ताकि इस महामारी से लड़ने में आम जनता को किसी प्रकार की दिक्कत ना आए। प्रदेश के जिलों में सबसे ज्यादा कोरोना संक्रमित मरीज गुरुग्राम जिला में हैं। दिल्ली में मामले बढ़ने का असर यहां भी होता है। इसलिए अपनी तैयारी पूरी रखें। कोरोना बढ़ने की मौजूदा स्थिति को ध्यान में रखते हुए भविष्य में संक्रमण की स्थिति क्या हो सकती है, इसका आंकलन करके उसी हिसाब से प्रबंध करें। उन्होंने यह भी कहा कि कोरोना पर नियंत्रण के लिए राज्य सरकार के निर्देशों की दृढ़ता से पालना भी सुनिश्चित करें। श्री कौशल ने कहा कि पिछली बार कोरोना की दूसरी लहर के दौरान लोगों को काफी दिक्कतें आई थी। उपायुक्त डा. यश गर्ग ने बताया कि जिला में कोरोना के अब लगभग 3300 के करीब मामले हर रोज आ रहे हैं। सुखद पहलु यह है कि इस बार संक्रमण के मामले ज्यादा गंभीर नहीं हैं। लगभग एक प्रतिशत मरीज ही अस्पताल में दाखिल हैं। ज्यादात्तर मामले माइल्ड यानी हल्के लक्षणों वाले हैं तथा 4 से 5 दिन के होम आइसोलेशन से ही ठीक हो रहे हैं। डा. गर्ग ने बताया कि गुरुग्राम में कोरोना के मरीजों के लिए विभिन्न अस्पतालों में लगभग 6 हजार बेड उपलब्ध हैं।

### केस पॉजिटिविटी रेट है 8.66 प्रतिशत

**जिला** का केस पॉजिटिविटी रेट 8.66 प्रतिशत है, जबकि रिक्वरी रेट 89.70 प्रतिशत है। गुरुग्राम में कोरोना की ग्रोथ रेट 1.57 प्रतिशत है और डबलिंग रेट 53.02 है। जिले में 1634381 टेस्ट प्रति मिलियन हुए हैं। उपायुक्त ने बताया कि पिछली बार के अनुभव के बाद जिला में ऑक्सीजन की उपलब्धता भी बढ़ाई गई है। जिला के 11 सरकारी अस्पतालों व स्वास्थ्य केंद्रों पर 4150 एलपीएम क्षमता के ऑक्सीजन प्लांट लगाए गए हैं। इसके अलावा, निजी अस्पतालों में भी पीएसए ऑक्सीजन प्लांट लगे हैं।

### कानून व्यवस्था की भी ली जानकारी

**मुख्य** सचिव ने बैठक में उपस्थित डीसीपी वेस्ट से कानून व्यवस्था की स्थिति के बारे में जानकारी ली। मुख्य सचिव को बताया गया कि जिला में खुले में नमाज अता करने को लेकर पिछले दिनों गतिरोध पैदा हुआ था, लेकिन अब वह स्थिति भी नियंत्रण में है। कोरोना के मामले बढ़ने के कारण नमाज घर में ही अता की जा रही है।

# बालिका से दुष्कर्म कांड ने किया कांग्रेस का दोगला चेहरा उजागर

**सोहना।** सोहना नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन राजकुमार गोयल एडवोकेट, पूर्व नगरपार्षद कुसुम गोयल तथा सौरभ गोयल एडवोकेट का कहना है कि राजस्थान के अलवर में एक मूकबधिर नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म वाले मामले में कांग्रेस का दोगला चेहरा उजागर हो गया है।

उससे भी शर्मनाक ये है कि जब पीड़ित बालिका को न्याय दिलाने के लिए अन्य बालिकाओं का एक दल उपायुक्त से मिला तो उपायुक्त ने बालिकाओं को धमकाते हुए अपने पद का रौब गालिब कर उन्हे डराने और उनकी आवाज को दबाने का प्रयास किया। जिसकी जितनी निंदा की जाए, उतना कम है।

# डीटीपी विभाग के खिलाफ रिठौज परिवार जाएगा अदालत

## पीले पंजे को भेदभावपूर्ण बताते हुए कार्रवाई को तानाशाही करार दिया

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**जिला** नगर योजनाकार विभाग के खिलाफ रिठौज का एक परिवार अदालत का दरवाजा खटखटाएगा। पीड़ित परिवार ने डीटीपीओ पर मिल्कियत जमीन पर तोड़फोड़ करने का आरोप लगाया है।

रिठौज के ग्रामीणों की शनिवार को जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा अवैध कॉलोनियों पर चलाया पीला पंजा भेदभावपूर्ण बताते हुए अधिकारी की कार्रवाई को तानाशाही करार दिया है। रिठौज का एक परिवार अब डीटीपीओ के खिलाफ अदालत में याचिका दायर करेगा। पीड़ित परिवार ने रविवार को ग्रामीणों की पंचायत बुलाई। पंचायत में गांव के 200 से 250 लोगों ने भाग लिया। करीब एक घंटा तक चली पंचायत में पीडित परिवार ने अपनी बात रखते हुए डीटीपी विभाग पर मिल्कियत जमीन में तोड़फोड़ करने का आरोप लगाया है।

पीड़ित परिवार के सदस्य ओमवीर खटाना का कहना है कि उनकी 400 से 500 वर्गगज मिल्कियत जमीन है। जिस पर उन्होंने सीमेंट और सरिया बेचने का कारोबार किया हुआ है। इस जमीन को लेकर पहले से अदालत में मामला चल रहा है। जिस पर स्टे लगी हुई है। शनिवार को डीटीपीओ को जमीन से संबंधित कागजात दिखाएं गए थे। लेकिन अधिकारी ने उनकी एक बात को नहीं सुनी। अधिकारी अपनी मनमानी करते हुए मिल्कियत जमीन पर पीला पंजा चलाकर चला गया।

### भेदभाव पूर्ण नीति अपनाने का आरोप

**रिठौज** निवासी ओमवीर खटाना ने बताया कि जिला नगर योजनाकार विभाग अधिकारी अवैध कॉलोनियों में तोड़फोड़ का कार्य भेदभाव पूर्ण रुप से कर रहा है। बलदेव नगर कॉलोनी समेत अन्य कई ऐसी कॉलोनियां हैं। जहां पर अवैध प्लाटिंग और निर्माण हो रहे हैं।

# नागरिक अस्पताल में 24 घंटा मिलेगी पेयजल आपूर्ति

## सतत पेयजलापूर्ति को बन रहा 50 हजार लीटर का वाटर टैंक

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


सोहना के नागरिक अस्पताल में निर्माणाधीन वाटर टैंक।

**सोहना** के नागरिक अस्पताल में जल्द ही पेयजल संकट की समस्या को समाधान होगा। जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा नागरिक अस्पताल में 24 घंटा पेयजल सप्लाई देने के लिए 50 हजार लीटर का वाटर टैंक बनाया जा रहा है। नागरिक अस्पताल में पिछले कई वर्षों से ओपीडी, आपातकाल वार्ड, महिला एवं पुरुष रोगी वार्ड, जच्चा-बच्चा वार्ड, ओटी थिएटर समेत यहां बने स्टाफ क्वाटरों में पेयजल आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल पा रही थी।

इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल परिसर में 50 वर्ष पुरानी पेयजल आपूर्ति की पुरानी लाइन को उखाड़ फेंका है। जिसके स्थान पर नई पाइप लाइन बिछाई गई है। अब अस्पताल परिसर में 24 घंटा पेयजल सप्लाई की सुविधा तैयार की जा रही है। अस्पताल परिसर में ही 50 हजार लीटर का वाटर टैंक का निर्माण किया जा रहा है। जिस पर करीब 10 लाख रुपये की लागत आएगी।

इस वाटर टैंक को 24 घंटा पानी से लबालब रखा जाएगा। ताकि जरूरत पड़ने पर पानी की सप्लाई दी जा सके। जनस्वास्थ्य विभाग के जेई खुर्शीद अहमद ने बताया कि वाटर टैंक का 90 फीसदी निर्माण कार्य पूरा हो गया है।

### 72 लाख रुपये से सीवर व पेयजल संकट होगा दूर

**नागरिक** अस्पताल के एसएमओ डॉक्टर नवल किशोर ने बताया कि पेयजल समस्या के अलावा सीवर लाइन को भी बदला जा रहा है। जिसके लिए अस्पताल परिसर में सीवर लाइन को बदलते हुए सीवर वाटर टैंक का निर्माण भी किया है। दोनों ही योजना पर करीब 72 लाख रुपये खर्च किए जा रहे है।

# पंजाबी बिरादरी महासंगठन ने शुरू की घर-घर दस्तक मुहिम

## कोरोना के प्रति लोगों को कर रहे हैं जागरुक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


लोगों को जागरुक करते पंजाबी बिरादरी महासंगठन के सदस्य।

**पंजाबी** बिरादरी महासंगठन की ओर से सोमवार को घर-घर दस्तक मुहिम की शुरुआत की गई है। इस मुहिम के तहत लोगों को कोरोना महामारी के प्रति जागरुक किया जा रहा है। साथ ही लोगों को मास्क वितरित किए गए।

पंजाबी बिरादरी महासंगठन के प्रधान बोधराज सीकरी ने बताया कि जागरुकता अभियान के तहत 1500 एन-95 मास्क लोगों को वितरित किए गए। घर-घर दस्तक मुहिम का उद्देश्य यही है कि लोगों को उनके घर पर जाकर बताएं कि हम सबको कोरोना से लड़ाई लड़नी है। इस लड़ाई में हम इकट्ठे नहीं होंगे, बल्कि अपने घरों में बैठकर यह लड़ाई लड़ी जा सकती है। बोधराज सीकरी ने कहा कि हम सबको कोविड की हिदायतों का पूरी तरह से पालन करना है। महासंगठन आध्यात्मिक तरीके से लोगों से आग्रह कर रहा है कि वे कोरोना को हराने में सरकार, प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि हमें शुभ-अशुभ की धारणाओं से बचना होगा। विशेष रूप से इस जीवन को रक्षित व सुरक्षित रखने के लिए समय की पुकार समझनी होगी। लोगों को जागरुकता कार्य में कंवरभान वधवा, रामलाल ग्रोवर, रमेश चुटानी, अनिल कुमार, प्यारे लाल वर्मा, सुभाष गांधी, सुभाष डूडेजा, हरीश गाबा, सुभाष नागपाल, जय गोपाल ग्रोवर, लेखराज चावला, विकास आर्य, राजकुमार कथूरिया, ओपी कमरा, नरिंदर कथूरिया, अर्जुन नासा और ओपी कालरा आदि ने सहयोग दिया।


प्रधान बोधराज सीकरी।

# पॉजिटिव को दिए काम करने के आदेश, भड़का गुस्सा

कविता। फरीदाबाद

## एमपीएचडब्ल्यू कर्मचारियों ने शुरू कर दिए गुस्सें में सीएमओ मुर्दाबाद के नारे

**महामारी** में जहां एक तरफ तीसरी लहर का खतरा बढ़ता जा रहा है। वहीं जिले में लगातार बढ़ते मरीजों की संख्या के कारण डॉक्टर्स, मेडिकल स्टाफ के अलावा अन्य स्वास्थ्य कर्मी भी लगातार कोरोना संक्रमित हो रहे हैं। जिसे देखते हुए जिला स्वास्थ्य विभाग ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों के लिए अलर्ट जारी कर दिया है।

शीतकालीन अवकाश पर चल रहे डॉक्टर्स की छुट्टियां भी रद्द कर दी है। यहां तक कि कर्मचारियों की पॉजिटिव रिपोर्ट आने पर भी उन्हें मास्क लगाकर काम करने की सलाह दी है। जिस पर सोमवार को एमपीएचडब्ल्यू कर्मचारियों का गुस्सा भड़क उठा और उन्होंने सीएमओ मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए अपनी अन्य मांगों के साथ ही पॉजिटिव आने पर अवकाश की मांग शुरू कर दी।



पॉजिटिव को मास्क लगाकर काम करने के निर्देश पर भड़के एमपीएचडब्ल्यू कर्मी नारेबाजी करते हुए

**इसलिए की हड़ताल:** जिले भर के एमपीएचडब्ल्यू कर्मचारी सोमवार को बीके अस्पताल स्थित जिला सिविल सर्जन कार्यालय पर पहुंचे और उन्होंने सोमवार को अपनी मांगों को लेकर सीएमओ को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी किए गए मनमाने आदेशों को वापस लेने की मांग की। साथ ही सीएमओ द्वारा डॉक्टर और कर्मचारी के संग किए जा रहे भेदभाव को समाप्त करने की मांग की।

**कर्मचारियों की मांग:** एमपीएचई एसोसिएशन के जिला प्रधान जितेन्द्र मोर ने बताया कि कर्मचारियों से सारा काम लिया जा रहा है और उनके अवकाश बंद कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों ने मांग रखी है कि पॉजिटिव आने पर सात दिन का होम आईसोलेशन दिया जाए। पोर्टल पर कर्मचारी का नाम हो। कंट्रोल रूम को बदला जाए या हीटर की व्यवस्था की जाए। कर्मचारियों को जीएच तथा संडे का अवकाश दिया जाए। स्टाफ की ड्यूटी एरिये से दूर न हो। क्षयरोग का कार्य उनके स्टाफ से करवाया जाए। कोविड-19 की एंट्री करवाई जाए या इम्युनाईजेशन। सेक्टर-सात की डॉ. शिवाली की तानाशाही पर रोक लगाई जाए। तबीयत खराब होने पर तुरंत टेस्ट हो। आईकार्ड ईश्यु हो, ताकि काम के दौरान दिक्कत न आए।

**इसलिए भड़का गुस्सा:** एमपीएचडब्ल्यू कर्मचारियों का गुस्सा इसलिए भड़क उठा, क्योंकि पॉजिटिव आए एक कर्मचारी को अन्य कर्मचारियों के संग अधिकारियों ने मास्क लगाकर काम करने के निर्देश दे दिए। उसे अवकाश न देने पर सभी एमपीएचडब्ल्यू कर्मचारी एकत्रित हो गए और हंगामा शुरू कर दिया। गुस्से में सीएमओ फरीदाबाद मुर्दाबाद के नारे लगाये और सीएमओ को 11 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा।

# कोरोना : जिले में सात मरीजों की मौत स्वास्थ्य विभाग बता रहा सिर्फ तीन

## जिले में दो का अंतिम संस्कार, आंकड़ों में मात्र एक

## जिले में कोरोना विस्फोट जारी, 1435 नए संक्रमित

कविता। फरीदाबाद

**पिछले** चार दिनों से रोजाना कोरोना पॉजिटिव मरीजों की मौत हो रही है। कोरोना के रफ्तार पकड़ने के बाद सात मौते हो चुकी है। लेकिन जिला स्वास्थ्य विभाग की तरफ से पिछले चार दिनों में मात्र तीन ही मृतकों की मौत की पुष्टि की है।

जिला कोरोना नोडल अधिकारी से बात करने का प्रयास किया, तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। जारी आंकड़ों के मुताबिक सोमवार को 1435 पॉजिटिव और एक मरीज की मौत हुई है। एक्टिव केसों का आंकड़ा 10828 पर पहुंच गया है। जिसमें होम आईसोलेशन में 10624 मरीज है और अस्पताल में 204 मरीज भर्ती है। जिनमें 35 मरीज ऑक्सीजन पर, 28 आईसीयू में और वैंटीलेटर पर 9 मरीज भर्ती है।



कोरोना पॉजिटिव मृतक का कोविड-19 गाइडलाइन के अनुसार अंतिम संस्कार करवाते निगमकर्मी।

अब तक सात मौत: जिले में अब तक सात मौते हो चुकी है, लेकिन जिला स्वास्थ्य विभाग ने मात्र तीन की ही पुष्टि की है। इनमें पहली मौत 24 नवंबर 2021 को 52 वर्षीय एक बुजुर्ग व्यक्ति की, 12 जनवरी को दो मौते हुई, जिसमें बल्लभगढ़ निवासी 59 वर्षीय महिला, जोकि 11 जनवरी को सेक्टर आठ के निजी अस्पताल में भर्ती हुई थी और एसी नगर निवासी 70 वर्षीय एक बुजुर्ग व्यक्ति शामिल है। 15 जनवरी को डबुआ कालोनी निवासी 66 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति जोकि 12 जनवरी से कोविड अस्पताल में भर्ती की मौत हो गई। 16 जनवरी को 41 वर्षीय सेक्टर-49 निवासी व्यक्ति जिसे 11 जनवरी को एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था कि मौत आईसीयू में भर्ती के दौरान हो गई थी। 62 वर्षीय यूपी निवासी बुजुर्ग जोकि सात जनवरी को भर्ती हुआ था। उसकी मौत 16 जनवरी को हो गई। इसके अलावा 17 जनवरी को ईएसआई अस्पताल के कोविड आईसीयू वार्ड में गत 15 जनवरी से भर्ती 65 वर्षीय बल्लभगढ़ निवासी एक बुजुर्ग की मौत हो गई। इन सातों मृतकों का अंतिम संस्कार कोविड-19 गाइडलाईन के अनुसार किया गया है। जिले में 10828 एक्टिव: जिले में 1435 नए संक्रमित सामने आए है। जिससे जिले में एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 10828 पर है। जिसमें 10 हजार 624 मरीज होम आईसोलेशन में है। राहत यह रही कि 471 लोगों ने कोरोना की जंग जीत ली। वहीं जिले में कोविड-19 जांच को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिसके तहत पिछले 24 घंटे में विभाग की टीमों ने 4769 सैम्पल जांच किए हैं। वहीं जिले में सरकारी 3492 और निजी 1518 सैम्पलों की रिपोर्ट आनी शेष है।

# वितीय स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए निगमायुक्त का नया कदम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**नगर** निगम आयुक्त यशपाल यादव ने नगर निगम कि वितीय स्थिति को सुदृढ़ करने की कड़ी में एक नया कदम उठाया। निगम के कांफ्रेंस हाल में अधिकारियों को संबोधित करते कहा कि शहरी स्थानीय निकाय विभाग हरियाणा सरकार द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक छह जनवरी 2021 द्वारा एक नीति अधिसूचित की थी। जिसके द्वारा स्थानीय निकाय अपने- अपने क्षेत्रों में 20 वर्षों की अवधि से अधिक पट्टे किराये पर उन भूमियों को जिसका कब्जा निकाय के पास न होकर अभी तक ऐसे व्यक्तियों के पास ही है, को निहित शर्तों पर बिक्री करने के लिये कार्यवाही करने बारे आदेश दिए गए थे।

निगमयुक्त ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में कुल 1757 लीज् की सपतिया कथित नीति के दायरे में आती है। निगमयुक्त ने बताया कि नीति के अन्तर्गत योग्य व्यक्तियों द्वारा निर्धारित अवधि से तीन महीने के भीतर यानि के 31 अक्टूबर 2021 तक नगर निगम में ऑनलाइन आवेदन करना आवश्यक था जिसके बारे निगम स्तर व्यापाक प्रचार किया गया। सम्बन्धित व्यक्तियों को नोटिस भी जारी किये गये। लेकिन उपरोक्त अबधि के समाप्त होने तक केवल 175 व्यक्तियों ने निगम में आवेदन किया और बाकी 1582 ऐसे व्यक्ति है, जिन्होंने नोटिस मिलने के बाद भी उपरोक्त पॉलिसी का लाभ नहीं उठाया।

निगमायुक्त ने आगे बताया कि यदि कोई व्यक्ति इसका लाभ नहीं उठाता तो उपरोक्त पोलिसी के अनुसार नगर निगम के अधिकार है कि पोलिसी में निधारित फार्मूले के अनुसार उस स्थान के कलेक्टर दर के अनुसार किराया बढ़ा दे और यदि ऐसे व्यक्ति किराया नहीं जमा कराते तो उनके पट्टे को रद्द करते हुए उनकी दुकान का कब्जा वापिस ले। अत: निगमायुक्त ने इस बारे आगामी कार्यवाई करने बारे सभी क्षेत्रीय एवं कर अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के आदेश दिये ताकि निगम की वितीय स्थिति को दुरस्त किया जा सके।

# वैक्सीन की डोज लेकर कोरोना को हराएं जनता : नागर



वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित शिविर में टीका लगाती स्वास्थ्यकर्मी।

**फरीदाबाद।** तिगांव से भाजपा विधायक राजेश नागर ने सेक्टर 88 स्थित सावना सोसाइटी में एक स्वास्थ्य जांच एवं निशुल्क वैक्सीनेशन कैंप का उद्घाटन किया। इसका आयोजन सावना वेलफेयर सोसाइटी, लायंस क्लब ऑफ फरीदाबाद सेंट्रल और जिला रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था।

कैंप का उद्घाटन करने के मौके पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि पहला सुख निरोगी काया है। इसलिए सभी लोगों को अपने स्वास्थ्य की नियमित जांच करवानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि हमारी सामाजिक संस्थाओं द्वारा लोगों की पहुंच में इस प्रकार के कैंपों का आयोजन किया जाता है जिससे स्वास्थ्य जांच सरल हो जाती है। नागर ने कहा कि आप लोग अपनी अपनी वैक्सीन की डोज भी अवश्य ही लगवाएं जिससे कोरोना की महामारी को हराया जा सके। विधायक नागर ने कहा कि अब 15 से 18 वर्ष के किशोरों के लिए भी वैक्सीन उपलब्ध हो गई है। इसके साथ ही 60 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों को बूस्टर डोज भी लगवानी चाहिए। यदि हम सभी मिलकर सरकार को सहयोग करेंगे तो कोरोना को जरूर हरा सकेंगे। इस अवसर पर लायंस क्लब से राहुल सिंघल प्रधान, अनिल अरोड़ा वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर,एनके गुप्ता कैबिनेट सेक्रेटरी, महेश गुप्ता, रवि मनचंदा रीजनल चेयरपर्सन, शिव अग्रवाल सचिव, एसएल जैन, राकेश गुप्ता, योगेश गुप्ता, आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।

# निराश्रित बच्चों को प्रति माह 1600 रुपये की सहायता: डीसी

**फरीदाबाद।** जिला उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि जिला में 21 वर्ष तक की आयु का बच्चा जो अपने माता-पिता की सहायता अथवा देखभाल से उनकी मृत्यु होने के कारण, अपने पिता के घर से पिछले 2 वर्ष की अवधि से अनुपस्थित होने के कारण अथवा माता-पिता के लम्बी सजा, जोकि एक वर्ष से कम न हो या मानसिक व शारीरिक अक्षमता के कारण वंचित हो जाते हैं और जिनके माता-पिता, अभिभावक की सभी साधनों से वार्षिक आय दो लाख से अधिक नहीं है।

उन्होंने बताया कि उपरोक्त विभाग द्वारा एक परिवार में दो बच्चों तक 1600 रुपये प्रति माह प्रति बच्चा पेंशन प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त स्कीम का लाभ लेने के इच्छुक व्यक्ति के पास बेसहारा होने का प्रमाण पत्र, बच्चों के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र व आवेदक का 5 वर्ष या उससे अधिक की अवधि का हरियाणा राज्य में निवासी होने का दस्तवेज जैसे कि फ़ोटोयुक्त वोटर कार्ड या राशन कार्ड आदि की स्वयं सत्यपित फोटोप्रति होना आवश्यक है।

# मुकदमा वापस न लेने पर सगाई समारोह में युवक की गोली मारकर हत्या

## तिगांव में आयोजित एक लग्न सगाई समारोह में हिस्सा लेने आया था मृतक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



बीके अस्पताल की मोरची के बाहर खड़े मृतक युवक के परिजन। इनसेट में मृतक कपिल की फाइल फोटो।

**तिगांव** में आयोजित एक सगाई समारोह के दौरान बीती रात दो युवकों ने सरेआम एक युवक को गोली मार दी। आरोपी युवक मृतक पर अदालत में विचाराधीन एक मुकदमें को वापस लेने का दबाव बना रहे थे। युवक को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। जहां कुछ देर बाद ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

तिगांव थाने में दर्ज मामले के मुताबिक तिगांव निवासी सतनाम ने अपनी शिकायत में कहा है कि उसका भतीजा सोनू तिगांव बाजार में रेडिमेड कपड़ों की दुकान करता है। 22 नवंबर 2021 को उसकी दुकान पर तिगांव निवासी आकाश और सागर कपड़े लेने आए थे। उसी दौरान दोनों मारपीट और दुकान में तोड़फोड़ करते हुए सोनू से साढ़े तीन हजार रुपये व सोने की चेन छीनकर ले गए। समझौता न होने पर पुलिस ने छह दिसंबर को तिगांव निवासी आकाश व सागर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। रविवार को तिगांव-मंझावली रोड पर रहने वाले उनके परिजन वीरेंद्र के बेटे की लग्न सगाई थी। जिसमें सतनाम के साथ भाई कपिल, भतीजा सोनू व ताऊ का बेटा देवेंद्र भी गए थे। चारों रात करीब साढ़े आठ बजे समारोह में खाना खा रहे थे। तभी वहां पर आकाश और सागर पहुंच गए। दोनों उन पर मुकदमें को वापस लेने का दबाव बनाने लगे। लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया। आरोप है कि तभी आकाश ने सागर से कहा कि ये ऐसे नहीं मानेंगे, इनको गोली मारो।

आरोप है कि इसी बीच सागर ने देसी पिस्टल निकालकर खाना खा रहे कपिल की छाती में गोली मार दी। गोली मारने के बाद हमलावर खेतों की तरफ भाग निकले। गोली चलने पर सगाई समारोह में भगदड़ मच गई। घायल कपिल को सेक्टर आठ स्थित सर्वोदय अस्पताल ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# गणतंत्र दिवस को लेकर पुलिस ने की ठोस सुरक्षा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

## गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर पुलिस पूरी तरह से अलर्ट, चाक-चौबंद रहेगी सुरक्षा व्यवस्था

## सभी थाना प्रबंधक एवं क्राइम ब्रांच होटल, गेस्ट हाउस, ओयो एवं संदिग्ध व्यक्ति वाहनों की करें चेकिंग

**पुलिस** आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने 26 जनवरी समारोह के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम करने के लिए सभी डीसीपी, एसीपी, थाना प्रबंधक एवं क्राइम ब्रांच को आदेश जारी किए हैं।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि डीसीपी मुख्यालय नीतीश अग्रवाल के निर्देश अनुसार सभी थाना प्रबंधक यह सुनिश्चित करें कि साइबर कैफे के मालिक/ प्रबंधक प्रत्येक व्यक्ति का डाटा रजिस्टर में दर्ज करें। बिना आईडी के किसी भी व्यक्ति को साइबर कैफे में एंट्री नहीं मिलनी चाहिए। सभी अपने सीसीटीवी कैमरा के रिकॉर्ड को कम से कम 30 दिन तक बरकरार रखेंगे।साइबर कैफे मालिक को अगर किसी व्यक्ति पर शक होता है तो उसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दें। यदि किसी थाना क्षेत्र में पीसीओ मालिक कॉल करने के लिए आने वाले प्रत्येक व्यक्ति का ब्यौरा रखें। खासकर, जो व्यक्ति पाकिस्तान और बांग्लादेश बात करते हैं, उनके बारे में अपने नजदीकी थाने में सूचित करें। ड्रोन उड़ाने पर पूर्ण प्रतिबंध है। ड्रोन रखने वाले अपना ड्रोन संबंधित नजदीकी थाने में जमा कराएं। गेस्ट हाउस, ओयो, होटल प्रबंधक/मालिक सुनिश्चित करें कि उनके होटल गेस्ट हाउस ओयो में रूकने वालों का पूरा विवरण रजिस्टर में दर्ज कर ब्यौरा रखें और संदिग्ध व्यक्ति के बारे में तुरंत पुलिस को सूचना दें।



नीतीश अग्रवाल

फरीदाबाद जिले में पुराने वाहन मोटरसाइकिल/कार बेचने वाले डीलर प्रत्येक ग्राहक के बारे में जानकारी प्राप्त करें और उसी को ही वाहन बेचे जिसके पास खुद की ओरिजिनल आईडी हो और सही पता हो। जिस किसी को भी वाहन बेचे गए हैं उन सभी का रिकॉर्ड (ऑटो फोर सेल/परचेज डीलर) के पास होना अति आवश्यक है। सुरक्षा के मद्देनजर सिम कार्ड और मोबाइल फोन बेचने वाले दुकानदारों के लिए भी दिशा निर्देश जारी किए हैं कि वह बिना फोटो और ओरिजिनल आईडी के किसी भी व्यक्ति को सिम कार्ड और फोन ना दें। माल्स, मार्केट, बाजार, भीड़ भाड़ वाली जगह पर क्राइम ब्रांच सादी वर्दी में तैनात रहे अपराधिक प्रवृत्ति एवं असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखें एवं उनकी धरपकड़ करें। यातायात पुलिस संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखें वाहनों की निरंतर चेकिंग करें, ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करें। शहर को सुरक्षित रखने और कानून व्यवस्था बनाए रखने में आमजन पुलिस का मददगार बने। किसी भी व्यक्ति को कोई भी संदिग्ध वाहन/वस्तु/व्यक्ति के बारे में पता चलता है अथवा सूचना मिलती है तो तुरंत इस बारे में डायल 112 पुलिस कंट्रोल रूम या नजदीकी थाना में सूचना दें। कोविड-19 नियमो का पालन करें, मास्क लगाएं, समय-समय पर हाथ धोते रहे, स्वस्थ रहे - सुरक्षित रहें।

# आंगनबाड़ी वर्कर्स करेंगे प्ले स्कूल ट्रेनिंग का बहिष्कार



सेक्टर 8 कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा के कार्यालय पर धरना देकर प्रदर्शन करती आंगनबाड़ी वर्कर।

**फरीदाबाद।** प्रदेश की तमाम आंगनवाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स प्ले वे स्कूल के नाम पर दी जाने वाली ट्रेनिंग का बहिष्कार करेंगी। आंगनवाड़ी वर्कर्स एंड हेल्पर्स यूनियन हरियाणा(सीटू) की प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्री शर्मा, ने कहा कि राज्य सरकार वर्कर्स और हेल्पर्स की समस्याओं का समाधान नहीं कर रही हैं। एक तरफ सरकार ने कोरोना के चलते स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों को बंद करने का आदेश दे रखा है। इसके साथ साथ स्कूल स्टाफ को भी सीमित संख्या में बुलाया जा रहा है। दूसरी तरफ प्ले वे स्कूलों की ट्रेनिंग करना और कुछ नहीं बल्कि राज्य में जारी आंगनवाड़ी कर्मियों की हड़ताल को कमजोर करने की साजिश है। इस साजिश को सफल नहीं होने दिया जाएगा।इस आंदोलन को मजबूती प्रदान करते हुए, यूनियन ने आज सोमवार को कड़ाके की ठंड होने के बावजूद भी प्रदेश के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा के कार्यालय पर सेक्टर 8 में जोरदार प्रदर्शन करके उन्हें अपनी मांगों ज्ञापन सौंपा। मंत्री जी ने यूनियन शिष्टमंडल को मुख्यमंत्री से शीघ्र वार्तालाप कराने का आश्वासन दिया। इस प्रदर्शन में हजारों वर्कर और हेल्पर्स ने भाग लिया।

# संक्षिप्त समाचार

## ओमिक्रॉन एक पॉजिटिव से तीन एक्टिव

**फरीदाबाद।** जिले में ओमिक्रॉन के अब तक 45 मामले सामने आ चुके हैं। जिसमें से मात्र तीन ही पॉजिटिव बाकी रह गए है। इन तीन पॉजिटिव में एक मरीज की पुष्टि जिला स्वास्थ्य विभाग ने सोमवार को की है। इस बारे में जानकारी देते हुए जिला सिविल सर्जन डॉ. विनय गुप्ता ने बताया कि जिले में ओमिक्रॉन के तेजी के साथ मामले सामने आ रहे थे। लेकिन फिलहाल पिछले कुछ समय से ठीक होने वाले मरीजों की संख्या में तेजी आई है। उन्होंने बताया कि फिलहाल जिले में ओमिक्रॉन के तीन ही एक्टिव केस हैं। जिसमें एक सोमवार को सामने आया है। जोकि 41 वर्षीय पुरुष है। विदेशों से आने वाले सभी नागरिकों का डाटा विभाग के पास है, उन्हें कॉल करके समय-समय पर जागरूक किया जा रहा है और जांच करवाने के लिए भी कहा जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ जिले में कोविड हेल्पलाइन नंबर 0129-2415623 या 8882916056 पर डायल की सुविधाएं मरीजों के लिए शुरू की है। इसके अलावा, जिला प्रशासन के कोविड हेल्पलाइन नंबर 0129-2221000 पर भी मरीज संपर्क कर सकते हैं।

## 1.315 किलोग्राम गांजे सहित आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम की दिशा निर्देश अनुसार क्राइम ब्रांच सेक्टर-17 की टीम ने नशे के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए गांजा तस्करी के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी रणबीर उर्फ रन्नी से टीम ने 1 किलो 315 ग्राम गांजा बरामद किया है। आरोपी रणबीर फरीदाबाद में भुपानी थानाक्षेत्र के टीकावली गांव का रहने वाला है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने इस मामले में जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच से0 17 प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार की टीम ने आरोपी को इसके घर से गिरफ्तार किया है। आरोपी के बारे में छानबीन करने पर यह बात सामने आयी कि आरोपी पहले अवैध शराब की तस्करी करता था। ज्यादा मुनाफा कमाने के चक्कर में वह गाँजा की तस्करी करने लगा। आरोपी ने टीम को बताया कि वह यूपी से गांजा लाकर फरीदाबाद में सप्लाई करता है। क्राइम ब्रांच द्वारा आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। कानूनी कार्यवाई जा रही है।

## स्कूटी समेत दो चोर गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 की टीम ने चोरी के मामले मे कार्रवाई करते हुए 2 चोरो को थाना सेक्टर-8 के क्षेत्र से चोरी की गई स्कूटी के मुकदमें में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी शशि बिहार के सीतामढ़ी हाल सेक्टर 10 फरीदाबाद और आरोपी करण भी सेक्टर 10 का रहने वाला है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपियो ने स्कूटी को केएल मेहता टयूशन सेंटर सेक्टर-11 के बहार से 15 जनवरी को चोरी किया था। इस संबंध में थाना सेक्टर-8 में मुकदमा दर्ज कर किया गया था। क्राइम ब्रांच सेक्टर 65 की टीम ने आरोपियो को गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर बाटा चौक से गिरफ्तार किया है। आरोपियों से चोरी की स्कूटी बरामद की गई है। पूछताछ में पता चला की आरोपी नशे के आदि है आरोपी नशे के इंजेक्शन लगाते है। आरोपियों ने नशे कि पूर्ति के लिए चोरी की घटना को अंजाम दिया था। आरोपियो को अदालत मे पेश कर जेल भेजा गया।

## सीकरी-हरफला रोड पर लूटपाट का आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादयान द्वारा लूट, चोरी, स्नैचिंग के मामलों पर कार्रवाई करने के दिए गए निर्देश पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 की टीम ने 3 लाख 28 हजार रुपए व एक लैपटॉप एक मोबाइल देसी कट्टे के बल पर की गई स्नैचिंग के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी टेक चंद गांव जाजरू बल्लभगढ़ का रहने वाला है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मोबाईल फोन व मनि ट्रांसफर की दुकान चलाने वाले व्यक्ति से 14 अगस्त को सीकरी हरफला रोड पर चार लोगो ने स्नैचिंग कि घटना को अंजाम दिया था। आरोपियो ने शिकायतकर्ता से 3 लाख 28 हजार रुपए व एक लैपटॉप एक मोबाइल फोन देसी कट्टे के बल पर छीने थे। आरोपियो के खिलाफ थाना सेक्टर-58 में स्नैचिंग व अवैध हथियार रखने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई। स्नैचिंग की घटना को अंजाम देने वाले चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। स्नैचिंग के मामले में आरोपी सचिन से 53 हजार, विक्रम से 20 हजार और सुनिल से 15 हजार, अजय उर्फ जय से 10 हजार रुपए बरामद किए जा चुके है। आरोपी टेकचंद को लूट के पैसा रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से 5 हजार रुपए बरामद किये गये है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को अदालत मे पेश किया। अदालत ने आरोपी को नीमका जेल भेज दिया।


## युवा सप्ताह के दौरान युवा शांति दिवस का आयोजन



राजीव कालोनी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करती खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग की वाईसीओ सुनीता।

**फरीदाबाद।** युवा सप्ताह के छंटवे दिन युवा शांति दिवस का आयोजन खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग की ओर से राजीव कॉलोनी में करवाया गया। इस कार्यक्रम को जन्या फाउंडेशन एवं उजाला महिला मंडल के सहयोग से करवाया गया। इस कार्यक्रम के दौरान युवाओं के बीच चल रही अशांति चाहे वह आंतरिक हो या सामाजिक को उजागर कर उसे दूर करने के उपाय बताए गए। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को ध्यान मुद्रा का भी ज्ञान दिया गया जिससे कि वे अपना ध्यान अपनी सफलता के बिंदू पर केंद्रित कर सके। इस कार्यक्रम में युवाओं के साथ उनके अभिभावकों ने भी बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया। इस अवसर पर खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग की सुनीता ने बताया कि जिला स्तर पर फरीदाबाद में युवा दिवस/युवा सप्ताह का आयोजन विभिन्न संस्थाओं एवं युवा क्लबों के माध्यम से किया जा रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को स्वामी विवेकानंद जी के जीवनादर्श से प्रेरित करना है। आज युवा शांति दिवस मानने का उद्देश्य युवाओं में आत्म शांति को बढ़ावा देना तथा उनके भीतर सकारात्मक विचारों का संचार करना था। इस अवसर ब्रह्म कुमारी सुधा एवं मेधा ने युवाओं को शांति सन्देश दिया तथा मानसिक शांति को बढ़ाने के नियम बताए। इस मौके पर आशा रानी, राहुल वर्मा, गौरव और हिमांशु भट्ट मौजूद रहे।

## बच्चों का किया गया टीकाकरण



**फरीदाबाद।** सिविल सर्जन बीके हॉस्पिटल एवं रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से सेक्टर 3 से आई मेडिकल टीम द्वारा कोविड वैक्सिनेशन कैंप का आयोजन शिरडी साई बाबा टैम्पल सोसाइटी सेक्टर 86, फरीदाबाद में 15 से 18 वर्ष के 89 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इस टीकाकरण के दौरान कोविड प्रोटोकोल का पालन किया गया। शिरडी साईं बाबा टैम्पल सोसाइटी अध्यक्ष डा. मोतीलाल गुप्ता ने कहा कि साईं धाम हमेशा से ही सामाजिक और धार्मिक कार्य में आगे रहता है। अगला कोविड वैक्सिनेशन कैंप 18 जनवरी 2022 को साई धाम में लगाया जाएगा। कैंप का समय प्रात: 10 बजे से 3 बजे रहेगा।

## ओमीक्रोन पर विजय

### दिल्ली का दावा

**आंकड़े** साथ नहीं दे रहे हैं और यह चिन्ता का विषय है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने ओमीक्रान स्वरूप के कारण पैदा कोविड-19 की नवीनतम लहर के शहर में शिखर पर पहुंचने का दावा किया है। मंत्री ने अनुमान लगाया है कि अब मामले घटने लगेंगे। गुरुवार को 28,867 नए मामले आए। उनकी संख्या शुक्रवार को घट कर 24,383 तथा शनिवार को 20,718 हो गई। लेकिन वे विपक्ष के इस आरोप का जवाब देने के लिए डेटा नहीं पेश कर सके कि टेस्टिंग की संख्या घटने के कारणा मामले कम दिख रहे हैं। जैन ने यह भी कहा था कि दिल्ली में शिखर तक 'पहुंच गए' हैं। उनका विश्वास है कि अस्पतालों में कम भर्तियां इस बात का प्रमाण है कि शहर में मामले घट रहे हैं। इसके साथ ही दिल्ली सरकार ने यह भी स्वीकार किया है कि ओमीक्रान स्वरूप कम प्रभावशाली है जिससे अस्पताल में भर्ती के मामले घट रहे हैं। मीडिया की खबरों से संकेत मिलता है कि दिल्ली में हजारों लोग होम एंटीजेन किट खरीद रहे हैं। कोई भी अनुमान लगा सकता है कि इनमें से अनेक पाजिटिव होंगे, पर वे इसकी रिपोर्ट नहीं देते हैं और वे सरकारी रिकार्डों का हिस्सा नहीं बनती हैं। 13 जनवरी तक कुल पाजिटिविटी रेट 30.64 था तथा 17,974 स्थानीय कंटेनमेंट जोन सक्रिय थे। ऐसे में दिल्ली सरकार को यह सिद्ध करने की जल्दी क्यों है कि शहर में ओमीक्रान पर विजय प्राप्त हो गई है? यह मुद्दा केवल दिल्ली या उनकी सरकार का नहीं है। इसका संबंध समुचित आंकड़ों के अभाव से है जिसके आधार पर उचित सूचनाओं को देखते हुए प्रशासनिक उपाय, स्वास्थ्य नीति तथा इलाज के दिशानिर्देश तय नहीं किए जा सकते हैं।

सवाल है कितनी एंटीबाडी पूर्ण संरक्षण सुनिश्चित कर सकती हैं?



मोनोक्लोनल एंटीबाडी के बारे में क्या कहा जा सकता है? अमीर लोग अत्यधिक महंगी मोनोक्लोनल एंटीबाडी खरीद रहे हैं, लेकिन वे यूरोपीय अध्ययनों को अनदेखा करते हैं जिनके अनुसार ओमीक्रान उनके प्रति प्रतिरोधी है। कोई भी डेटा पहली खूराक, दूसरी खूराक, दोनों खूराकों तथा संक्रमण के कारण पैदा प्रतिरक्षण की प्रभावशीलता नहीं प्रदर्शित करता है। राज्य जितना अधिक टेस्टिंग करेंगे, उतने ही सटीक डेटा उपलब्ध होंगे जो खूराक व संक्रमण के बीच संबंध स्थापित करेंगे। संक्रमण के मामलों की गहन जीनोम सीक्वेंसिंग से पता चल सकता है कि उनका कारण कौन सा स्वरूप है। वायरसविज्ञानियों का कहना है कि टीकाकरण स्तर तथा कोविड-19 स्वरूप के बारे में महत्वपूर्ण सूचनाओं का होना किसी लहर से निपटने के लिए जरूरी है। उदाहरण के लिए, वैज्ञानिक डेटा पर आधारित होने पर रात्रि कर्फ्यू को त्वरित प्रतिक्रिया नहीं कहा जा सकता था। कोविड-19 वायरस लगातार विकसित हो रहा है और इसकी समाप्ति के बारे में कोई पूर्वानुमान संभव नहीं है। इससे निपटने के लिए समान रूप से तेज और विकसित हो रही चिकित्सकीय सूचना जरूरी है जिससे रोगियों को सटीक दवा मिल सकती है। पिछले दो साल में 'सीमित आपात्कालीन प्रयोग' की सहमति कई दवाओं को मिली है जिनमें हाइड्रोक्सीक्लीनीन, फैवीपिरावीर, इटोलीजुमाब, मोलनीपिरावीर, आदि शामिल हैं। इनमें से कुछ कभी कारगर नहीं रहीं, जबकि बाकी के पार्श्व प्रभाव थे। दूसरी ओर हमें अस्पताल जाने पर संस्थागत ट्रीटमेंट प्रोटोकाल नहीं मिलते हैं। यदि हजारों लोग वर्तमान लहर से बिना अस्पताल गए बच गए हैं तो इसका कारण केवल यह है कि ओमीक्रान संक्रमण हल्का है। अब शोधकर्ताओं ने दावा किया है कि ओमीक्रान स्वरूप 'विकास की गलती' है तथा अगला स्वरूप ज्यादा खतरनाक हो सकता है। ऐसी स्थिति में क्या होगा?

# चुनाव में अहम जातीय समीकरण

भारतीय जनता पार्टी उचित ही अखिलेश यादव को हल्के में नहीं ले रही है क्योंकि उत्तर प्रदेश 2024 में आम चुनाव की दिशा तय करेगा।



**शिवाजी सरकार**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



उत्तर प्रदेश में कुछ जातियों के नेताओं के भाजपा छोड़ने पर गंभीरता से गौर किया जा रहा है। क्या यह जातियों का पुन: ध्रुवीकरण है या बंगाल चुनाव का दुहराव जहां सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस से भाजपा में चुनावों के पहले भारी पलायन दिखा था? ऐसा लगता है कि उत्तर प्रदेश में 'विकास' की तुलना में जाति ज्यादा प्रभावी है। यह एक जटिल स्थिति है। यह भी कहा जा सकता है कि क्या विकास वोट बटोरने का माध्यम बनेगा या नहीं। यह याद करना दिलचस्प होगा कि बंगाल में अनेक नेता और विधायक दूसरी पार्टियों से भाजपा में शामिल हुए थे और उनमें से अधिकांश को टिकट भी मिल गए थे। लेकिन इन 73 विधायकों में से कुछ ही 2020 के बंगाल विधानसभा चुनाव में जीत सके। कहानी यहीं समाप्त नहीं होती है। ममता बनर्जी के प्रचंड बहुमत से सत्ता में लौटने के बाद नेताओं का विपरीत पलायन बड़ी संख्या में शुरू हुआ और वह आज भी जारी है। इनमें मटुआ समुदाय के नेता भी शामिल हैं जिन्होंने भाजपा के 2019 में उभार में सहायता की थी। लेकिन यह तुलना थोड़ी अनुचित लगती है। बंगाल और उत्तर प्रदेश की राजनीति अलग है। हालांकि, आमतौर से यह सवाल जरूर उठता है कि क्या उत्तर प्रदेश में बंगाल जैसी स्थिति पैदा हो रही है। क्या इसका अर्थ है कि समाजवादी पार्टी शक्तिशाली हो गई है और वह भाजपा को सत्ता से उखाड़ सकती है? यह कहना आसान नहीं है, पर सपा जातीय पुन: ध्रुवीकरण कुछ उसी तरीके से कर रही है जिस तरह भाजपा ने सालों पहले किया था। सपा नेता अखिलेश यादव विभिन्न जातीय समूहों को साथ ला रहे हैं। 11 अक्टूबर, 2021 के बाद से 17 नेता भाजपा छोड़ चुके हैं और उनमें से अधिकांश सपा में शामिल हो गए हैं।

दिसंबर, 2021 के बाद भाजपा छोड़ने वाले अधिकांश नेताओं में विभिन्न ओबीसी समूहों के नेता हैं जिनका प्रभाव विभिन्न क्षेत्रों में है। इनमें सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के ओमप्रकाश राजभर शामिल हैं जो राजभरों की जातीय पार्टी के नेता हैं। वे अति पिछड़े ओबीसी वर्ग से आते हैं जिसका प्रभाव पूर्वी उत्तर प्रदेश के अनेक हिस्सों में है। स्वामी प्रसाद मौर्य एक और जातीय समूह के नेता हैं जो 30 निर्वाचन क्षेत्रों में फैली हुई है। अब तक उनके साथ चार अन्य नेता रोशल लाल वर्मा, भगवती सागर, रोशन लाल प्रजापति तथा मंत्री दारा सिंह चौहान व धर्मपाल सैनी पार्टी छोड़ चुके हैं। कहा जाता है कि बहुत से अन्य लोग भी लाइन में लगे हैं। उत्तर प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का कहना है कि ये लोग अपने निहित स्वार्थों के लिए पार्टी छोड़ रहे हैं। कुल मिला कर यह छवि बन रही है कि सपा ने अपनी खोई हुई जमीन प्राप्त कर ली है क्योंकि जयंत चौधरी की रालोद के नेतृत्व मे जाट और अल्पसंख्यक उनके साथ आ गए हैं। अधिकांश यादव सपा के साथ हैं।

अखिलेश यादव अन्य छोटी पार्टियों को अपने साथ लाकर बिखरे जातीय वोट समेटना चाहते हैं। इसी रणनीति ने भाजपा को 2017 में विजय में सहायता की थी। भाजपा प्रवक्ता संगीत रागी का कहना है कि पिछले चुनाव की तरह भाजपा अपने 50 से 60 प्रतिशत विधायक बदलना चाहती थी और पार्टी छोड़ने वालों को भय था कि उनके टिकट कट जाएंगे। हाल ही में अपना दल की एक और जातीय नेता ने राज्य चुनावों में 36 सीटों पर उतरने का दावा किया है। अब तक भाजपा ने उनको पांच सीटें दी थीं। ऐसे में भाजपा को जातीय पार्टियों के मजबूत किलों पर कब्जा करना आसान नहीं होगा। भाजपा अपनी कीमत पर छोटी पार्टियों को मजबूत नहीं कर सकती है। भाजपा की अपनी चिन्तायें हैं। वह जातीय पार्टियों के लिए स्थान छोड़ कर उनके नेताओं को सशक्त नहीं करना चाहती है। उसकी चिन्ता उचित है। अधिकांश जातीय नेताओं को महत्वपूर्ण पार्टी या मंत्रिमंडलीय पद दिए गए थे। उनको अपने क्षेत्रों में जनाधार और बढ़ाने से वंचित नहीं किया गया था। लेकिन यह बात भाजपा और उसके कार्यकर्ताओं के राष्ट्रीय लक्ष्य प्राप्त करने में बाधा बन रही थी। कुछ क्षेत्रों में कार्यकर्ता नाराज हैं और भाजपा को महत्वपूर्ण समय पर उनकी चिन्ता करने की जरूरत है। पार्टी तथा सहयोगी संगठनों के कार्यकर्ता भाजपा का अभियान चलाते हैं और वे बूथ स्तर तक फैले हुए हैं। वे मतदाताओं को ईवीएम बूथों तक लाते हैं। सोशल इंजीनियरिंग ने भाजपा को 403 सीटों में 325 पर विजय दिलाने में सहायता की थी, लेकिन इसके साथ अनेक छोटी पार्टियों का बोझ भी आया था। ये पार्टियां बड़े भाई के लिए अनेक समस्यायें पैदा करती हैं। छोटे समूहों को बोझ की तरह देखा जाता है, लेकिन कोई यह कह नहीं सकता है।

पार्टी नेताओं का विश्वास है कि एक प्रकार से पार्टी छोड़ कर जाने वाले नेता भाजपा की सहायता कर रहे हैं। लेकिन यह भी चिन्ता है कि इनके जातीय समूहों को साथ कैसे रखा जाए।

भाजपा छोड़ कर जाने वालों में ब्राह्मण, अति पिछड़े वर्ग व निषाद शामिल हैं जिन्होंने 2017 में पार्टी को लाभ पहुंचाया था। वे प्रयागराज, बलिया, बस्ती, संत कबीरनगर, सीतापुर, आजमगढ़ जैसे क्षेत्रों से हैं जो सभी पूर्वी उत्तर प्रदेश में आते हैं। आगरा और बुंदेलखंड से भी कुछ ने पार्टी छोड़ी है। इसी प्रकार प्रमुख पश्चिमी जिलों में भी चुनौती सामने आई है जिनमें मथुरा, अलीगढ़, हाथरस, बागपत व इनसे जुड़े क्षेत्र शामिल हैं। इनमें रालोद का प्रभाव है। चुनौती के लिए मजबूत होती सपा को देख कर भाजपा ने भी कुछ अन्य पार्टियों से पालाबदल करवाये हैं। लेकिन इनका स्तर बहुत कम है। आक्रामक अखिलेश यादव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 80 प्रतिशत भाजपा के साथ और 20 प्रतिशत विपक्ष के साथ वाले बयान को चुनौती दे रहे हैं और इसे उलट कर पेश कर रहे हैं। वे इसे सांप्रदायिक आयाम देने के लिए योगी की निन्दा करते हैं। भाजपा को लगता है कि विपक्षी चुनौती से मुकाबला करने में हिंदुत्व उसकी सहायता करेगा। पार्टी ने लगभग 100 सीटें 100 से 2000 वोटों से जीती थीं। ये सीटें चिन्ता का विषय हैं। इसका कारण यह भी है कि सपा का वोट प्रतिशत 2017 में 21.5 प्रतिशत से बढ़ कर 31 प्रतिशत हो गया है। चुनाव सर्वेक्षणों के अनुसार भाजपा का मत प्रतिशत 40 प्रतिशत बना हुआ है। इसे 2017 में 39.67 प्रतिशत वोट मिले थे। इसका अर्थ है कि सपा ने अपने क्षेत्र में विस्तार किया है। भाजपा का हिस्सा स्थिर है अथवा वह हिंदुत्व, राम मंदिर, विश्वनाथ कारीडोर तथा श्रीकृष्ण मंदिर के बावजूद समर्थन बढ़ा नहीं पाई है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में भाजपा के एक चुनाव प्रबंधक इसे छोटा मामला मानते हैं। पार्टी को विश्वास है कि वह सपा से बेहतर स्थिति में है। यह भी देखना होगा कि इस चुनाव में कांग्रेस कैसा प्रदर्शन करती है। हालांकि, कोई नहीं कहता कि उसकी शक्ति बहुत है, लेकिन हालिया रोडशो में प्रियंका गांधी का आकर्षण कुछ क्षेत्रों में उसका समर्थन बढ़ा सकता है। अब तक सपा व कांग्रेस के बीच कोई समझदारी नहीं दिखी है। यदि ऐसा होता है तो नतीजों में कुछ बदलाव हो सकता है। बसपा फिलहाल एक पहेली बनी हुई है।

भाजपा संगठनकर्ताओं को लगता है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भाजपा को सीमित सफलता मिलेगी। इसलिए उसे पूर्वी उत्तर प्रदेश में अधिकतम प्राप्त करना होगा। अवध के मध्य क्षेत्र में भी उसकी उपलब्धियां मिश्रित होंगी। भाजपा ने सपा की बढ़त पर गौर किया है, लेकिन उसका कहना है कि उसे अनेक समस्याओं से निपटना होगा। हालिया पंचायत चुनावों में यादवों की आक्रामकता ने ग्रामीण क्षेत्रों में अन्य लोगों को परेशान किया है। इससे उनको 2012-2017 की अराजकता वाली स्थितियां याद आई हैं। अल्पसंख्यक सपा के साथ जुड़ रहे हैं, लेकिन इससे उसे नुकसान हो सकता है। कम से कम फिलहाल यही समझ है। एकजुट होकर अल्पसंख्यकों के वोट देने की प्रतिक्रिया में भी एकजुट मतदान होता है जिससे भाजपा को सहायता मिलती है। हिंदुत्व तथा अल्पसंख्यक आयाम भाजपा को फिर सत्ता में आने में सहायक हो सकते हैं। इस पूरे परिदृश्य में वास्तव में विकास बड़ा चुनावी मुद्दा नहीं है, हालांकि भाजपा के कुछ दावों का विपक्ष ने खंडन किया है। अब तक चुनाव की धुरी मोदी, योगी, अखिलेश, मंदिर और जातियों पर टिकी है। बेरोजगारी, किसानों के मुद्दे तथा महंगाई लोगों को परेशान करते हैं, पर वे विपक्षी प्रयासों के बावजूद केन्द्र में नहीं हैं। भाजपा अखिलेश को हल्के में नहीं ले रही है क्योंकि उत्तर प्रदेश 2024 में आम चुनाव की दिशा तय करेगा। चुनाव किसी के लिए भी बहुत आसान नहीं हैं। परिदृश्य जटिल और दिलचस्प बना हुआ है।

# संक्रमण से बचाने में मास्क की भूमिका

> संक्रामक रोगों के खिलाफ लड़ाई जीतने के लिए यह एक साधारण सा किन्तु प्रभावी उपकरण है।

**प्रीतम सिंह**
(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)



वायरस या प्रदूषण के खिलाफ सबसे किफायती सुरक्षा फेस मास्क पहनने की प्रथा कोई नई बात नहीं है। अधिकांश भारतीयों ने इसे कोविड-19 महामारी के दौरान देखा होगा, लेकिन इसकी जड़ें चिकित्सा और विज्ञान के इतिहास में हैं, जो चीन में 'मंचूरिया' महामारी के प्रसार से जुड़ी हैं। बाद में, 'स्पेनिश-फ्लू' के दौरान फेस मास्क का इस्तेमाल किया गया, जिसकी कीमत पूरी दुनिया में 40 मिलियन से अधिक थी, और 1919-20 के दौरान 'बॉम्बे फीवर।'

कैम्ब्रिज में पढ़े-लिखे डॉक्टर वू लियंट-तेह ने सबसे पहले फेसमास्क को एक 'रोगनिरोधी उपकरण' के रूप में वर्णित किया, जिसे सभी अपनी रक्षा के लिए पहन सकते हैं। एक सदी से भी अधिक समय से, यह संक्रामक रोग के खिलाफ लड़ाई जीतने के लिए एक प्रभावी और विनम्र उपकरण बना हुआ है।

विज्ञान निश्चित रूप से मास्क का उपयोग करने का समर्थन करता है, हाल के अध्ययनों से पता चलता है कि वे विभिन्न तरीकों से जीवन बचा सकते हैं। हीडलबर्ग में सर्जरी के लिए कुर्सी संभालने वाले डॉ मार्टिन किर्श्नर ने पहली बार 1935 में फेसमास्क पहनने की आवश्यकता को संक्रमण से निपटने के उपाय के रूप में वर्णित किया। इसने कपड़े की अलग-अलग मोटाई वाले फेसमास्क पर शोध का मार्ग प्रशस्त किया। बाद में यह साबित हुआ कि "अपेक्षाकृत अप्रभावी फेस मास्क को अपनाने से कोविड-19 के सामुदायिक संचरण को सार्थक रूप से कम किया जा सकता है और अस्पताल में भर्ती होने और मौतों को कम किया जा सकता है।"

विभिन्न उद्देश्यों के लिए मास्क हैं - एंटीवायरल, एंटीमाइक्रोबायल, एंटी-गंध। इन सबसे ऊपर, वे चेहरे पर अच्छी



तरह से फिट और आरामदायक होने चाहिए। संक्रामक रोगों के सबसे आम प्रेरक एजेंटों का आकार - रोगजनकों के रूप में जाना जाने वाला वायरस और जीवाणु - 0.4 माइक्रोन (एक मीटर के लगभग दस लाखवें हिस्से) की सीमा में है। ) और 0.02 से 0.25 माइक्रोन। यह उनके निकट निकटता में एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में आसान और चोरी-छिपे स्थानांतरण की अनुमति देता है। सबसे प्रभावी फेसमास्क में वायरस के खिलाफ अवरोध के रूप में कार्य करने के लिए कसकर बुने हुए कपड़े जैसे कपास की कई परतें होती हैं। फेस मास्क जो बिना किसी अंतराल के नाक और मुंह दोनों को ढकता है, सार्वजनिक स्थानों या बस, ट्रेन या विमान जैसे सार्वजनिक परिवहन पर वायरस के संचरण को सीमित करता है। एक शोध रिपोर्ट में कहा गया है कि सिंगल-लेयर मास्क की तुलना में मल्टी-लेयर क्लॉथ मास्क अधिक प्रभावी होते हैं, जो 50-70 प्रतिशत तक छोटी बूंदों और कणों को रोकते हैं। निओश्च का शोध - नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ऑक्यूपेशनल सेफ्टी एंड हेल्थ - सबसे व्यापक रूप से उपलब्ध एन95 फेस मास्क की सिफारिश करता है क्योंकि यह 95 प्रतिशत कणों को 0.3 माइक्रोन जितना छोटा करता है। यह धोने योग्य नहीं है, थोड़ा महंगा है और गंदे, क्षतिग्रस्त, या सांस लेने में मुश्किल होने पर इसे त्यागने की जरूरत है।

शोध अध्ययनों में कहा गया है कि डबल मास्क (प्रक्रिया मास्क के ऊपर कपड़े का मास्क पहनना) से उपयोगकर्ता के एरोसोल के संपर्क में सुधार हो सकता है या नकली बूंदों के कणों को 95 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है।

जबकि शिशुओं को गंभीर बीमारी का बहुत अधिक जोखिम होता है, यह वारंट करता है कि दो वर्ष और उससे अधिक उम्र के प्रत्येक बच्चे को स्कूलों जैसे सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनना चाहिए। दो साल से कम उम्र के बच्चों को सांस लेने में कोई समस्या है, या एक बच्चा जिसकी ऐसी स्थिति है जो बिना मदद के मास्क को हटाने में सक्षम नहीं है, माता-पिता/अभिभावकों द्वारा एहतियाती उपायों और सावधानीपूर्वक देखभाल की आवश्यकता है।

फेसमास्क, टीकाकरण, शारीरिक दूरी बनाए रखने आदि जैसे सुरक्षा प्रोटोकॉल का उपयोग, कोविड-19 और इसके प्रकारों के प्रसार और संचरण को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। रात्रि-कर्फ्यू लगाने जैसे उपायों के प्रभाव का कोई प्रमाण नहीं है। डब्ल्यूएचओ की मुख्य वैज्ञानिक सौम्या स्वामीनाथन का विचार है कि यदि 90 प्रतिशत आबादी हर समय फेस मास्क का उपयोग करती है, तो कोविड-19 के संचरण में भारी कमी आएगी। कार्यालयों या शैक्षणिक संस्थानों को बंद करना तब अंतिम उपाय होगा।

## आप की बात

### विचारणीय प्रश्न

**वैज्ञानिकों** ने वर्षों पर कठोर परिश्रम के बाद इसमें सफलता पाई है कि एक इंसान में सूअर का हृदय ठीक से काम कर रहा है। आनुवंशिक रूप से संव्द्धित सूअर से प्रत्यारोपित हृदय प्राप्त करने वाला पहला व्यक्ति बाल्टीमोर, मैरीलैंड में सही सलामत है। प्रत्यारोपण करने वाले सर्जनों को उम्मीद है कि और भी लोग पशु अंग लेने आगे आएंगे। भारत में एक अलग तरह की चर्चा तेज है। असम के डॉक्टर धनीराम बरुआ ने 25 साल पहले 32 साल के एक व्यक्ति में सूअर का दिल प्रत्यारोपित किया था। हालांकि, वह मरीज सात दिन ही जीवित रहा। इस प्रयोग के लिए डॉक्टर बरुआ और उनके सहयोगी हांगकांग के सर्जन जोनाथन हो के-शिंग को चालीस दिन जेल में रहना पड़ा था। क्या हृदय प्रत्यारोपण का श्रेय डॉक्टर धनीराम को दिया जा सकता है? डॉ बरुआ जैसी कई प्रतिभाएं हमारे देश में दर-दर की ठोकरें खा रही है ! आरक्षण के चलते उन्हें उचित अवसर नहीं मिलते और विदेश में जाकर काम धंधा करने और अपने प्रतिभा का उपयोग करने का उनके पास पैसा नहीं होता। बाद में इतने बड़े अविष्कारों का श्रेय विदेशी वैज्ञानिक ले उड़ते हैं। अब वक्त आ गया है कि सरकार अपने वैज्ञानिकों को जेनेटिक इलाज के लिए प्रयोग करने की छूट दे।

- **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### कोरोना टीके के लाभ

**बिहार** जिले के माधेपुरा के औराय निवासी ब्रह्मदेव मंडल जिनकी उम्र 84 वर्ष की थी। कोरोना वैक्सीन की 12डोज लगवा लिया। मंडल घुटने की बीमारी से ग्रस्त थे। स्वास्थ्य विभाग ने 12 टीके लगवाने के कारण मंडल के ऊपर प्राथमिकी दर्ज करवा दिया। दूसरी ओर बोकारो के दुलारचंद जो सड़क दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। रिम्स के न्यूरोंलॉजी विभाग में इलाज के बाद भी वह चलने फिरने और बोलने में असमर्थ हो गया था। कोविड शील्ड की वैक्सीन का टीका लगवाने के बाद दुलारचंद के शिथिल शरीर मे जान आ गई। इसी तरह टायफायड से पीड़ित व्यक्ति,बहुत दिनों से बुखार झेलने वाले लोगो को भी फायदा मिला। कोरोना वैक्सीन के एक अरब टीकाकरण देश मे लगने के बाद जो लोगो को पुरानी बीमारियों में फायदा हो रहा है। ऐसे लोगो पर चिकित्साविज्ञानियो को अनुसंधान करना चाहिये। कोरोना के टीकाकरण द्वारा उनकी न्यूरो,जोड़ो में दर्द आदि पर अनुसंधान होना चाहिये। वही बिहार के ब्रह्मदेव मंडल पर शोध हो जो 12टीके लगवाने पर पूर्ण स्वस्थ महसूस कर रहे है। बिहार सरकार को मंडल पर दर्ज प्राथमिकी समाप्त कर मेडिकल शोध के लिये बुलाना चाहिये।

- **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव


### गलाकाटू चायना डोर

**जब** से देश में खतरनपाक किस्म की चायना डोर आई है, तब से वह गला काटकर अनजानों को मौत के मुंह में पहुंचा रही है। उज्जैन में 18 वर्षीय छात्रा का चायना डोर से मौत होना अत्यंत दुखद घटना है । प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी ने ना केवल खेद प्रकट किया है, बल्कि चायना डोर को लेकर काफी कड़े निर्देश भी दिए हैं। जो दुखद घटना को देखकर स्वाभाविक प्रतिक्रेया भी है । केवल दुख व खेद जताने से समस्या का अंत नहीं होने वाला है । अगर चोर पैदा करने वाली नानी को ही मार दिया जाए तो ना बास रहेगा, ना बांसुरी बजेगी ! चायना डोर जैसी जो भी खतरनाक व जानलेवा चीजें हैं, जो चीन जैसे शातिर देशों से आती है, उनका आयात ही नहीं किया जाए तो भला दुकानों पर बिकेगी भी नहीं, तो ऐसे दुखद हादसे भी नहीं होंगे । उक्त दुखद हादसों से सबक लेते हुए, केंद्र सरकार मौत की डोर को पूर्णत- प्रतिबंधित सूची में रखकर, इसके आयात पर ही रोक लगा दे, तो निश्चित ही चोर (मौत) की नानी (चायना डोर) मर जाएगी !

- **हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




"10 मार्च को दमन का अंत हो जाएगा और दमनकर्ता सिंहासन से अपदस्थ कर दिए जाएंगे।

- **अब्दुल्ला आज़म**
सपा नेता

**यदि** पीड़ित परिवार चाहे तो हमारी सरकार अलबर बलात्कार कांड की जांच अन्य एजेंसी से कराने को तैयार है।

- **अशोक गहलोत**
मुख्यमंत्री राजस्थान





**चंद्रशेखर** को पता होना चाहिए कि डॉ. अम्बेडकर और डॉ. लोहिया ने एक साथ काम किया और उन्हें भी हमारे साथ सकारात्मक भावना से मिलकर काम करना चाहिए।

- **अखिलेश यादव**
सपा प्रमुख"

# ठंड में बुजुर्ग, निराश्रितों का रखें ख्याल

## अस्पतालों, गौशालाओं व रैन बसेरों का निरीक्षण करें अधिकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**कोविड** से बचाव के इंतजाम, शीतलहर और ओलावृष्टि की स्थिति में जिलों की व्यवस्थाओं की पड़ताल के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आला अधिकारियों को सोमवार की टीम-9 की उच्चस्तरीय बैठक में निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि शीतलहर और कोविड को देखते हुए असहाय, निराश्रित लोगों, अकेले रह रहे बुजुर्ग जनों, दिव्यांगजनों पर विशेष ध्यान दिया जाए। रैन बसेरों में समुचित प्रबंध रखे जाएं। पुलिस, राजस्व और नगर विकास और स्वास्थ्य विभाग की टीम इनके इलाज, भोजन की व्यवस्था करें। इनमें अगर संक्रमण की पुष्टि हो तो अतिरिक्त संवेदनशीलता का भाव रखा जाए। सीएम ने कहा कि जिलों में कोविड ट्रेसिंग, टेस्टिंग, टीकाकरण, अस्पतालों की व्यवस्था, गौशालाओं के प्रबंधन, रैन बसेरों के इंतजाम आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराएं। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि जनपदों में इंटीग्रेटेड कोविड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर को हमेशा एक्टिव रखा जाए। कोरोना की पहली और दूसरी लहर की तरह ही वहां नियमित बैठकें आयोजित की जाएं। आईसीसीसी में विशेषज्ञ चिकित्सकों का पैनल मौजूद रहे। सीएम ने अधिकारियों को आदेश देते हुए कहा कि प्रदेश के जो जिले बारिश और ओलावृष्टि के कारण प्रभावित हैं वहां तत्काल सुविधाएं पहुंचाएं। वहीं जिन जिलों से जन-धन की क्षति होने की सूचना मिली है वहां राहत विभाग पूरी तत्परता और संवेदनशीलता के साथ प्रभावित लोगों से संपर्क करें। लोगों को तत्काल सहायता मुहैय्या कराए।

उन्होंने बैठक में कहा कि गांवों में प्रधान के नेतृत्व में और शहरी वार्डो में पार्षदों के नेतृत्व में निगरानी समितियां क्रियाशील रहें। घर-घर संपर्क कर बिना टीकाकरण वाले लोगों को चिन्हित कर उनकी सूची जिला प्रशासन को दी जाए। जरूरत के मुताबिक लोगों को मेडिसिन किट उपलब्ध कराई जाए। कोविड के उपचार में उपयोगी जीवनरक्षक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जाए। इसके साथ ही लोगों को टेलीकन्सल्टेशन की सुविधा दी जाए। आईसीसीसी हेल्पनंबर सार्वजनिक कर इसका व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए ताकि लोग किसी जरूरत पर तत्काल वहां संपर्क कर सकें। उन्होंने कहा कि निगरानी समिति और इंटीग्रेटेड कोविड कमांड सेंटर को पूरी तरह सक्रिय किया जाए।

# सरकार की गरीब कल्याण की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएंः स्वतंत्र देव

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने पश्चिम के मंडल अध्यक्षों से किया संवाद, कहा कि डोर-टू-डोर संपर्क कर लोगों को भाजपा से जोड़ें

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बीजेपी** के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने ऑडियो ब्रिज के माध्यम से पश्चिम उप्र के मंडल अध्यक्षों के साथ बात कर उन्हें चुनाव में जुटने और भाजपा उम्मीदवारों को जिताने के लिए योजना बनाकर काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंडल अध्यक्ष सभी बूथों और शक्तिकेन्द्रों के कार्यकर्ताओं से संवाद कर पार्टी की योजना के अनुरूप उन्हें जनसंपर्क अभियान से जोड़ें। उन्होंने कहा कि डोर टू डोर संपर्क अभियान में जाने वाले कार्यकर्ता मोदी और योगी सरकार की उपलब्धियों को बताएं और लोगों को भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करें।

उन्होंने कहा कि चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों का जनसंपर्क तेज करने एवं चुनाव की गतिविधियों को बूथ स्तर तक सक्रिय करने के लिये सभी को जुट जाना है। पार्टी का बूथों पर लाभार्थियों के साथ जनसंपर्क का कार्य चल रहा हैं। इस कार्य को तेज करते हुये चुनाव अभियान को गति देना है। सभी व्यक्ति और सामाजिक वर्गों से संपर्क के कार्य को और आगे बढ़ाना है। सामाजिक संपर्क के कार्य में सभी टोलियों को निकालना है। श्री सिंह ने कहा कि मंडल पर सोशल मीडिया टीमों को सक्रिय कर भाजपा सरकार की गरीब कल्याण की योजनाओं का प्रचार करें। लाभार्थी परिवारों के लोगों के फीडबैक भी साझा करें। अधिक से अधिक लोगों तक पार्टी की योजनाओं तक पहुंचाएं। हर कार्यकर्ता को किसी न किसी काम में अवश्य लगाएं।

# झूठे संकल्प की जमीन पर विकल्प की खेती नहीं होती

## उप मुख्यमंत्री ने अखिलेश यादव पर साधा निशाना, कहा कि सत्ता में रहे तो किसानों का करोड़ों का भुगतान फंसाया अब रिवॉल्विंग फंड का दिखा रहे सपना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**डिप्टी** सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सपा के भंडार में माफिया, अपराधियों, दंगाइयों को संरक्षण, अनेकानेक घोटाले और चीनी मिलों को बंदकर किसानों की बर्बादी की दास्तां रखने वाले अखिलेश यादव अन्नदाता को बरगलाने की लाख कोशिश कर लें, किसान अब उनके झांसे में नहीं आने वाले। यह उन्होंने 2017 के चुनाव में ही जता दिया था और उसे ही इस चुनाव में भी दोहराने जा रहे हैं। अखिलेश यादव को यह भली भांति समझ लेना चाहिए कि झूठे संकल्प की जमीन पर किसी का विकल्प बनने की खेती नहीं हो सकती।

पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि हाथ मे अन्न लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा किए गए संकल्प को सियासी ड्रामा बताते हुए उन्होंने कहा कि काश!अखिलेश संकल्प का मतलब भी समझ पाते। यदि उन्हें अन्नदाता किसानों की फिक्र रही होती तो जब जनता ने पूरे पांच साल मौका दिया था तब वह सिंचाई, गन्ना मूल्य भुगतान, एमएसपी पर खरीद जैसे बुनियादी काम करते। इसकी बजाय उन्हें चीनी मिलों की बंदी पसंद आई, गन्ना किसानों का करोड़ों रुपये का भुगतान फंसा, रखने में मजा आया। बिचौलियों को लगाकर किसानों की फसल औने-पौने दाम पर खरीदना भाया। ऐसे कार्यों की ख्याति अपने नाम करने वाले अखिलेश आखिर किस मुंह से उस अनाज को हाथ में लेकर संकल्प ले रहे हैं जिसे अन्नदाता अपने खून पसीने से उपजाता है। उन्होंने कहा कि आज झूठ के शहंशाह फार्मर्स रिवाल्विंग फंड बनाने और किसानों को 15 दिन में गन्ना मूल्य भुगतान का वादा कर रहे हैं। बेहतर होता कि इस संकल्प के साथ वह अपने और भाजपा सरकार द्वारा किसान हित में किए गए कार्यों का भी ब्यौरा किसानों को बता देते। हिम्मत होती तो यह भी जाहिर कर देते कि किसानों को अनाज व गन्ना मूल्य का कितना भुगतान उन्होंने किया था और कितना योगी सरकार ने। केशव ने कहा कि मोदी-योगी की डबल इंजन की सरकार ने अन्नदाता के हित में जो किया। उस आईने में अगर अखिलेश अपने काम देखेंगे तो सब कुछ स्याह दिखेगा।

एमएसपी पर अनाज की रिकार्ड खरीद और भुगतान, पहली ही कैबिनेट में 36 हजार करोड़ रुपये की कर्ज माफी, लंबित सिंचाई परियोजनाओं से लाखों हेक्टेयर भूमि सिंचन क्षमता का विस्तार, सभी चीनी मिलों को चालू करवाना, नई और अत्याधुनिक चीनी मिलों की स्थापना, खंडसारी और गुड़ उद्योग को प्रोत्साहन, गन्ना किसानों को अब तक का ऐतिहासिक भुगतान, किसान सम्मान निधि आदि ऐसे अनेक कार्य और उपलब्धियां हैं जिन्हें आप भले जानबूझकर न याद रखें लेकिन हर किसान को यह अक्षरशः याद हैं।

यही वजह है कि अन्नदाता किसान योगी सरकार को दोबारा लाने का संकल्प ले चुके हैं। केशव ने कहा कि दरअसल सपा किसानों की दुश्मन है। फसल सूख जाती थी बिजली नही आती थी। किसानों की फसल आपदा में बर्बाद हो जाये तो 2-2 साल तक मुआवजा नहीं मिलता था। ये तो दुश्मनी हुई। उन्होंने कहा कि सपा, बसपा, कांग्रेस एक ही थाली के चट्टे बट्टे हैं। इनकी एक ही नीति है जो भी योजना बने उसका 15 प्रतिशत ही योजना पाने वालों तक जाए, शेष ये सफाचट कर जाएं।

भाजपा सरकार ने इसपर लगाम लगाने का काम किया है। प्रदेश ही नही देश के किसानों का समर्थन भाजपा के साथ था और रहेगा किसान बिलों पर किसान भाई नही माने तो प्रधानमंत्री ने बड़ा दिल दिखाते हुए किसान बिल वापस लिया माफियाओं, अपराधियों दंगाइयों के सरपरस्त और आतंकियों के पैरोकार सपा के लोग गरीबों का हित क्या जानें।

# आरएलडी ने छपरौली व बड़ौत से उतारे प्रत्याशी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** विधानसभा चुनाव को लेकर सोमवार को समाजवादी पार्टी की तरफ से जारी प्रत्याशियों की सूची में आरएलडी के दो उम्मीदवारों को टिकट दिया गया है। आरएलडी के लिए जारी सूची में शामिल यह प्रत्याशी छपरौली व बड़ौत से मैदान में भाग्य आजमाएंगे। गठबंधन में पार्टी ने बागपत के छपरौली से पूर्व विधायक वीरपाल राठी और बड़ौत से जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष जयवीर सिंह तोमर को मैदान में उतारा है। आरएलडी में छपरौली से टिकट मांगने वालों की काफी लंबी लाइन थी लेकिन जयंत चौधरी ने पूर्व विधायक वीरपाल राठी को उम्मीदवार घोषित किया हैं। वीरपाल राठी वर्ष 2012 में छपरौली से विधायक रह चुके हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव की कमान भी वीरपाल राठी ने ही संभाली थी। शायद इसीलिए उन्हें जयंत ने उम्मीदवार घोषित किया है। वहीं बडौत सीट से जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष जयवीर सिंह तोमर को रालोद का उम्मीदवार घोषित किया गया है। तोमर बागपत जिला बार एसोसिएशन के तीन बार अध्यक्ष रहे हैं।

# सोशल मीडिया पर चुनावी गानों की धूम

## बीजेपी ने कमल का ही बटन दबाना, भूल नहीं जाना रे गाने को तो आम आदमी पार्टी ने यहां भी केजरीवाल का झाड़ू छाप आया है को लांच किया है

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**देश** का सबसे बड़ा राज्य यूपी चुनावी महासंग्राम को तैयार है। राजनीतिक दल पहले और दूसरे चरण के चुनाव के लिए योद्धाओं को जनता के सामने पेश कर चुके हैं। राजनीतिक दल एक तरफ अपने विरोधियों पर निशाना साध रहे हैं तो दूसरी तरफ चुनावी रोडमैप को भी बता रहे हैं। इन सबके बीच सुर संगीत के जरिए अपनी अच्छाई और दूसरे की बुराई के बारे में भी जनता को बताया जा रहा है।

पहले दो चरण के मतदान के लिए प्रत्याशियों की लिस्ट जारी की जा चुकी है। रैलियों पर पाबंदी है, लेकिन वर्चुअल प्रचार जारी है। विपक्षी पार्टियों को चित करने के मकसद से भाजपा की ओर से एक नया गाना लॉन्च किया गया। जिसको पार्टी की और से सभी सोशल साइट्स पर पोस्ट किया गया। भाजपा ने कमल का ही बटन दबाना, भूल नहीं जाना रे गाने को लॉन्च किया है। इस चुनावी





गीत के बोल जनता है जनार्दन, सुन लो यूपी के जन मन, कमल का ही बटन दबाना, भूल नहीं जाना रे है। आएगी तो बीजेपी ही के हैशटैग संग ये गाना पोस्ट किया जा रहा है।

इससे पहले भाजपा ने एक और चुनावी गाना जारी किया था। यह गाना श्रीलंकाई सिंगर योहानी डिलोका डिसिल्वा के प्रसिद्ध गाने मनिके मागे हिते की तर्ज पर बनाया गया है। सोशल मीडिया पर यह गाना खूब पसंद किया जा रहा है। खास बात यह है कि इस गाने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ की उन तस्वीरों को शामिल किया गया है, जिसमें पिछले दिनों दोनों नेता साथ नजर आए थे।

विदित हो कि भाजपा सांसद और गायक मनोज तिवारी ने भी जनता को लुभाने के लिए मंदिर बनने लगा है, भगवा रंग चढने लगा है गाना गाया है। ये गाना अभी लॉन्च नहीं किया है। मनोज तिवारी ने अपने गीत में अयोध्या में बन रहे राम मंदिर के निर्माण शुरू होने पर प्रकाश डाला है।

वहीं आम आदमी पार्टी ने यूपी में चुनाव प्रचार के लिए यूपी का कचरा साफ करने आया है, यहां भी केजरीवाल का झाड़ू छाप आया है, पहली पहली बार झाड़ू छाप आया है, गीत को लांच किया। इस गीत को आम आदमी पार्टी बिहार के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष लोकेश सिंह ने तैयार किया है और स्वर मशहूर गायिका अंतरा ने दिए हैं। पार्टी के यूपी प्रभारी और राज्य सभा सदस्य संजय सिंह ने इस गीत की लांचिंग की जानकारी पत्रकारों को दी। उन्होंने कहा कि आजादी के आंदोलन से लेकर परिवर्तन की कोई भी लड़ाई पूरी दुनियां में लड़ी गई तो उसमें गीतों का बड़ा रोल रहा। गीतों के जरिए अपनी बात पहुंचाने का एक बड़ा ही अच्छा तरीका समय समय पर आंदोलनों ने इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि यह गीत उत्तर प्रदेश में आम आदमी पार्टी अपने गीत के रूप में अपना संदेश पहुंचाने के रूप में इस्तेमाल करेगी। व्हाट्सएप पर यह सांग लोगों तक पहुंचेगा, फेसबुक के जरिये यह सांग लोगों तक पहुंचेगा, टिवटर के जरिये और जितने भी माध्यम हैं सोशल मीडिया के उसके जरिये यह गीत हर उत्तर प्रदेश के नागरिक तक पहुंचेगा। इस अवसर पर लोकेश ने बताया कि एक और गीत आ रहा है सुबह सवेरे घर से निकलकर लाइन में लग जाएंगे झांसे में नहीं आएंगे आप पर बटन दबाएंगे, जल्द आ रहा है। पूर्वांचल के लोगों के लिए भी एक गीत बना है सारा सिस्टम में आ जाई सुधार जब बनै आम आदमी की सरकार भी जल्द आ रहा है। दूसरी तरफ सपा की तरफ से भी वोटरों को लुभाने तथा भाजपा सरकार को कठघरे में खडा करने के लिये तरह-तरह के गाने सोशल मीडिया पर साझा किये जा रहे है।





लखनऊ स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में भाजपा को हटाने व हराने के लिए लिया गया अन्न संकल्प

### सपा छात्र सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में पदाधिकारी नामित

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति से समाजवादी छात्र सभा राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा यादव द्वारा समाजवादी छात्र सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में 12 पदाधिकारी नामित किये गये है। पदाधिकारियों में 5 सचिव 5 सदस्य एवं 2 विशेष आमंत्रित सदस्य हैं। समाजवादी छात्र सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय सचिव मो इरशाद शेख बहराइच, दुष्यंत राजपूत हमीरपुर, विवेक कुमार रिशु कौशाम्बी, बजरंगबली मौर्य सिद्धार्थनगर, राजेश यादव कुशीनगर एवं राष्ट्रीय सदस्य सरदार कमलजीत सिंह शाहजहांपुर, सुनील कुमार यादव प्रतापगढ़, आदित्य यादव गोरखपुर, श्रीकांत भुर्जी फतेहपुर, अरविंद सिंह सोनभद्र तथा विशेष आमंत्रित सदस्य हर्ष कटियार कानपुर देहात, सत्यवीर सिंह मुरादाबाद को नामित किया गया है।

### मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड में नावेद व संदीप राष्ट्रीय सचिव नामित

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति से सिद्धार्थ सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड द्वारा मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में नावेद रिज़वी सिद्धार्थनगर तथा संदीप यादव गाजियाबाद को राष्ट्रीय सचिव नामित किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मो इकबाल कादरी द्वारा समाजवादी अल्पसंख्यक सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में नदीम कुरैशी जिला बरेली को राष्ट्रीय सचिव नामित किया गया है। समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप तिवारी द्वारा राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राजू यादव सिंगापुर निवासी ग्राम प्रतापपुर पोस्ट बेहटाकलॉ बैसवारा लालगंज रायबरेली को राष्ट्रीय सदस्य नामित किया गया है।

# जब्त की गई 5465 लीटर शराब, 89 अभियुक्त गिरफ्तार

**लखनऊ।** अपर मुख्य सचिव आबकारी संजय आर भूसरेड्डी ने बताया कि विधान सभा चुनाव में आदर्श आचार संहिता के दृष्टिगत अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए प्रदेश स्तर पर विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है । इसके अन्तर्गत जिलाधिकारी तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक के माध्यम से आबकारी, पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीमें गठित की गयी हैं । आबकारी पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीमों द्वारा निरन्तर अवैध शराब के विरुद्ध दबिश की कार्यवाही के साथ साथ राष्ट्रीय व राज्य राजमार्गों पर चेकिंग कार्य किया जा रहा है। अपर मुख्य सचिव द्वारा बताया गया कि विशेष प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान बीते दिन प्रदेश में 170 मुकदमे दर्ज किए गए ए जिसमें 5,465 लीटर अवैध शराब की बरामदगी की गयी तथा लगभग 19,370 किग्रा लहान एवं कई भट्ठियों को मौके पर नष्ट किया गया। अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त 89 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम एवं आईपीसी की धाराओं में कार्यवाही की गयी तथा 1 वाहन जब्त किया गया । इसी क्रम में सेंथिल पांडियन सी आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश द्वारा अवगत कराया गया कि चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के दौरान गत दिवस जनपद सोनभद्र में आबकारी एवं एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही करते हुए ग्राम गंगुवार थाना राबेट्सगंज अन्तर्गत 560 लीटर स्प्रिट तथा अवैध शराब के निर्माण में प्रयुक्त होने वाले 13000 ढ़क्कन 1.5 किग्रा यूरिया तथा 300 खाली शीशी की बरामदगी की गयी तथा 4 अभियुक्तों के विरुद्ध आबकारी एवं आईपीसी की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। इसी प्रकार जनपद गोरखपुर में आबकारी विभाग द्वारा थाना चौरीचौरा अन्तर्गत विभिन्न संदिग्ध स्थानों पर दबिश देकर 80 लीटर स्प्रिट एवं अवैध शराब के निर्माण की सामग्री एवं उपकरण बरामद किये गये तथा 3 व्यक्तियों के विरुद्ध आबकारी एवं आईपीसी की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया गया।

# योगी सरकार ने युवाओं के ऊपर जुल्म ज्यादती और अत्याचार किया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने फेसबुक लाइव के जरिए योगी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि योगी राज में यूपी भयए भूख और भ्रष्टाचार का पर्याय बन गया है। योगी सरकार ने युवाओं के ऊपर जुल्मए ज्यादती और अत्याचार करने का काम किया है। नौजवान बेरोजगारी का दंश झेल रहा है। 69,000 शिक्षकों की भर्ती में इसी सरकार ने दलित, पिछड़ो, नौजवानों के साथ धोखा किया।

उन्होंने कहा कि अनेक भर्तियों में गड़बड़ियों के चलते या तो नौजवान कोर्ट के चक्कर काट रहा है या फिर सड़कों पर आंदोलन कर रहा हैए लाठी खा रहा है, जेल जा रहा है। टीईटी की परीक्षा में 21 लाख से अधिक नौजवान परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा देने के लिए बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन समेत अन्य जगहों पर रात गुजारी। सवेरे सेंटरों पर परीक्षा देने के बाद उन्हें पता चला कि पेपर आउट हो गया।

नौजवान हताश हुआ, परेशान हुआ और पेपर आउट होने के नाते लगातार उपेक्षा, सरकार द्वारा की जा रही ठगीए धोखे ने युवाओं के अंतर्मन पर चोट पहुंचाई है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि दारोगा भर्ती का नौजवान हो, चाहे सिपाही, पीएससी भर्ती का हो, लेखपाल भर्ती का हो, सहायक अभियंता हों, तमाम भर्तियों के नौजवान संविदा पर काम करने वाले नौजवान धरने पर हैं। सरकार ने उनके साथ भद्दा मजाक और विश्वासघात करने का काम किया है।

# कई पूर्व विधायक बीजेपी में शामिल



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**डिप्टी** सीएम केशव प्रसाद मौर्य के समक्ष बीजेपी के प्रदेश मुख्यालय पर सोमवार को कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष व तिंदवारी बांदा से पूर्व विधायक दलजीत सिंह, समाजवादी पार्टी की मऊरानीपुर झांसी से पूर्व विधायक रश्मि आर्या, बहुजन समाज पार्टी के पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री झांसी-चित्रकूट मण्डल जोनल कोआर्डिनेटर व बबेरू बांदा से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी बृजमोहन सिंह कुशवाहा, जनवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सत्येन्द्र चौहान तथा समाजवादी पार्टी से कायमगंज से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी डा सुरभि ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। श्री मौर्य ने पट्का पहनाकर सभी नवागन्तुकों का भाजपा परिवार में स्वागत किया। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष व जॉइनिंग कमिटी के सदस्य दयाशंकर सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, प्रदेश प्रवक्ता हीरो बाजपेयी भी उपस्थित रहे।

# आम आदमी पार्टी मुद्दों की राजनीति करती हैः संजय सिंह

- जिसको 300 यूनिट बिजली फ्री चाहिए वो हमारा वोट बैंक, आम आदमी पार्टी ने यूपी में चुनाव प्रचार के लिए लांच किया कैंपेन सॉन्ग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ





**राजधानी** लखनऊ में यूपी प्रभारी और राज्य सभा सदस्य संजय सिंह ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि सरकार की विश्वसनीयता होनी चाहिये उसने समाज के लिए क्या किया है इसको परखा जाना चाहिये। चुनाव के समय इस तरह की उथल पुथल कोई नई चीज नहीं है।

कैंडिडेट्स के चयन में अब तक अन्य पार्टियों की लिस्ट आई है उसने जनता को काफी निराश किया है। वही घिसी पिटी राजनीति, वही चेहरे सामने आ रहे हैं जिनपर एक हजार प्रश्न पहले भी उत्तर प्रदेश की जनता उठा चुकी है। और मुझे तो नहीं लगता कि इन लोगों के हाथ में सत्ता जाएगी तो उत्तर प्रदेश का कोई भला होने वाला है। तो इसपर उत्तर प्रदेश की जनता को जरूर विचार करना होगा। आम आदमी पार्टी मुद्दों की राजनीति करती है आम आदमी पार्टी ने खुले तौर पर कहा है कि हमारा कोई वोट बैंक नहीं है। जिसको 300 यूनिट बिजली फ्री चाहिये वो हमारा वोट बैंक, जिससको नौकरियां और बेराजगार भत्ता चाहिये वो हमारा वोट बैंक, जिसको किसान की फसल का दाम चाहिये वो हमारा वोट बैंक,जिसको अच्छी शिक्षा और इलाज चाहिये वो हमारा वोट बैंक। तो ये जो वोट बैंक की राजनीति करने वाले नेता है इन्होंने हिन्दुस्तान के बैंकों को खाली किया है। आम आदमी के बैंक को खाली किया है। हमने तो काम करके दिखाया है केजरीवाली जी का मॉडल इसलिये पूरी दुनिया में लोकप्रिय हो रहा है। वहीं आम आदमी पार्टी ने यूपी में चुनाव प्रचार के लिए यूपी का कचरा साफ करने आया है, यहां भी केजरीवाल का झाड़ू छाप आया है, पहली पहली बार झाड़ू छाप आया है, गीत को लांच किया। प्रेस वार्ता के दौरान आम आदमी पार्टी के यूपी प्रभारी और राज्य सभा सदस्य संजय सिंह ने इस गीत की लांचिंग की जानकारी पत्रकारों को दी। उन्होंने कहा कि यह गीत उत्तर प्रदेश में आम आदमी पार्टी अपने गीत के रूप में अपना संदेश पहुंचाने के रूप में इस्तेमाल करेगी। यह हमारा कैम्पेन सांग है प्रदेश के चुनावी अभियान के लिए और ये गीत हमारी 403 विधानसभाओं में पहुंच जाएगा। डोर टू डोर कम्पेनिंग करने वाले हमारे जितने भी लोग हैं उन तक पहुंच जाएगा। हर विधानसभा में हमने न्यूनतम 20 टीमें बनाई हैं। व्हाट्सएप पर यह सांग लोगों तक पहुंचेगा, फेसबुक के जरिये यह सांग लोगों तक पहुंचेगा, टिवटर के जरिये और जितने भी माध्यम हैं सोशल मीडिया के उसके जरिये यह गीत हर उत्तर प्रदेश के नागरिक तक पहुंचेगा। ये गीत सिर्फ गीत नहीं है हमारा संदेश है हमारे मुददे हैं केजरीवाल जी का वायदा और गारंटी है।

# निवेश के क्षेत्र में रोज नए आयाम गढ़ रहा यूपी

## सिंगल विंडो सिस्टम से उद्यमियों को हर दिन मिलीं साढ़े तीन सौ एनओसी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**वैश्विक** महामारी कोरोना की कठिन चुनौतियों के बावजूद यूपी निवेश के क्षेत्र में नए आयाम गढ़ रहा है। प्रदेश में पहली बार हुआ है कि उद्योगों को निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से 1446 दिनों में 5,04,798 एनओसी दी गई है। इसमें विदेशी कंपनियों से लेकर घरेलू कंपनियां भी शामिल हैं, जो प्रदेश में लाखों करोड़ रुपए का निवेश कर उत्पादन कर रही हैं। सरकार के निवेश फ्रेंडली सिस्टम के कारण 2,43,161 उद्यमियों ने संतुष्टि भी जाहिर की है।

श्रम विभाग ने सबसे अधिक 63,617 एनओसी दी है। ज्यादातर आवेदन में 21, 30 और 60 दिन में एनओसी की समय सीमा निर्धारित थी लेकिन ज्यादातर आवेदन में एनओसी एक, दो और पांच दिन में दी गई। ऐसे ही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने 23,509 एनओसी औसतन 10 दिन में दी है। इसमें ज्यादातर आवेदन के लिए समय सीमा 10, 90 और 120 दिन निर्धारित थी। फूड सेफ्टी एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन विभाग ने औसतन छह दिन में 21,373 एनओसी दी है, जबकि सरकार की ओर से समय सीमा सात, 15 और 30 दिन निर्धारित थी। इस बारे में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव एसपी गोयल ने ट्विट कर कहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार के निवेश मित्र पोर्टल के तहत जारी प्रमाणपत्र-एनओसी-स्वीकृति-सहमति की संख्या पांच लाख पार कर गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में पहली बार उद्योगों को आनलाइन एनओसी देने के लिए फरवरी 2018 में सिंगल विंडो सिस्टम की शुरूआत की थी और निवेश मित्र पोर्टल लांच किया था। इस पोर्टल के माध्यम से सभी प्रकार की एनओसी पारदर्शिता के साथ निर्धारित समय में दी जाती है। इससे उद्यमियों को चक्कर काटने से मुक्ति मिलती है और उनका समय बचता है। औद्योगिक क्षेत्र के विशेषज्ञ कहते हैं कि यूपी सरकार ने प्रदेश में निवेश बढ़ाने के लिए जो प्रयास किए हैं, यह उसी का परिणाम है। निवेश मित्र पोर्टल से उद्यमियों की काफी समस्याओं का समाधान समय रहते हो रहा है। इसी वजह से प्रदेश में नए निवेशक आकर्षित हो रहे हैं। वह कहते हैं कि सरकारी क्षेत्र में तकनीकी के इस्तेमाल से उद्यमियों को बेवजह की पेचीदगियों से मुक्ति मिली है। उद्यमियों के लिए सरकार ने सभी स्वीकृतियां, अनुमोदन और अनुमति आनलाइन की है। कई तरह के लाइसेंसों, एनओसी, स्वीकृतियों और अनुमोदन का डिजिटाइजेशन किया गया है। औद्योगिक इकाइयों की ओर से विभिन्न अधिनियमों के तहत दाखिल करने वाले रिटर्न या सूचनाओं को तर्कसंगत और एकीकृत करते हुए कम किया गया है। पहले उद्योगों को एनओसी मिलने में कई बार कई साल लग जाते थे, लेकिन अब 72 घंटे में एनओसी दी जा रही है। लंबित भुगतान के लिए 18 मंडलों में फैसिलिटेशन काउंसिल का गठन किया गया है जबकि प्रदेश में पहले यह सिर्फ कानपुर में था।

# हरक सिंह अपने परिवार के लोगों के लिए टिकट का दबाव बना रहे थे: धामी

**भाषा**। देहरादून/नई दिल्ली



**आसन्न** विधानसभा चुनाव से पहले कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से निष्कासित किए जाने के बाद सोमवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दावा किया कि वह अपने और परिवार के लिए टिकट का दबाव बना रहे थे। धामी के अनुसार पार्टी ने तय किया है कि एक परिवार से एक व्यक्ति को ही टिकट दिया जाएगा।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन कौशिक के साथ नई दिल्ली से लौटने के बाद देहरादून में संवाददाताओं से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि पार्टी ने हरक सिंह रावत को कोटद्वार मेडिकल कॉलेज सहित विकास के सभी मुद्दों पर हमेशा सम्मान दिया।

उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी विकासवाद और राष्ट्रवाद पर चलने वाली पार्टी है, वंशवाद से दूर रहने वाली पार्टी है। हम सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। धामी ने कहा कि रावत की बातों से कई बार पार्टी असहज हुई है। उन्होंने कहा, लेकिन फिर भी...चूंकि हमारी बड़ी पार्टी है। हमारा बड़ा परिवार है, हमने हमेशा उनको साथ लेकर चलने की कोशिश की, लेकिन परिस्थितियां ऐसी हो गई थीं...वह खुद समेत अपने परिवार के और लोगों के लिए टिकट का दबाव बना रहे थे। उन्होंने कहा कि इसलिए पार्टी ने यह फैसला (उन्हें निष्कासित करने का) किया। हमने तय किया है कि एक परिवार से एक व्यक्ति को ही टिकट दिया जाएगा।

किसी भी परिवार को हम दो या तीन टिकट नहीं देंगे, क्योंकि हमारी पार्टी हमेशा इसके खिलाफ रही है। मुख्यमंत्री ने हालांकि इस बात से इंकार किया कि पार्टी में कहीं कोई फूट है या अन्य विधायक भी भाजपा छोड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि कोई विधायक कहीं नहीं जा रहा है। पूर्व मंत्री रावत के कांग्रेस में शामिल होने की अटकलों के बीच भाजपा ने रविवार को उन्हें छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया था। पौड़ी गढवाल जिले की कोटद्वार विधानसभा सीट से विधायक रावत अपनी सीट बदलने के साथ ही अपनी पुत्रवधू अनुकृति के लिए भी भाजपा से टिकट मांग रहे थे। समझा जाता है कि इन मुद्दों पर भाजपा के राजी न होने पर वह कांग्रेस में शामिल होने की संभावनाएं टटोल रहे थे। उल्लेखनीय है कि उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री रावत को अनुशासनहीनता का आरोप लगाते हुए भाजपा ने रविवार को छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया। उन्हें इससे पहले राज्य मंत्रिमंडल से भी बर्खास्त कर दिया गया था।

रावत उत्तराखंड मंत्रिमंडल में वन और श्रम मंत्री थे। रावत उन 10 कांग्रेस विधायकों में शामिल थे, जो वर्ष 2016 में तत्कालीन हरीश रावत सरकार के खिलाफ बगावत कर भाजपा में शामिल हुए थे। इधर दिल्ली में मीडिया से बातचीत में रावत ने इस बात की पुष्टि कि उन्होंने पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व से अपनी पुत्रवधू को लैंसडाउन से टिकट देने पर विचार करने को कहा था। उन्होंने दावा किया उत्तराखंड में अगली सरकार कांग्रेस की बनेगी और वह कांग्रेस के लिए काम यह भी कहा कि उन्हें पार्टी से निष्कासित किए जाने से पहले पार्टी नेतृत्व ने कोई बात नहीं की और उन्हें उनके निष्कासन की जानकारी सोशल मीडिया से मिली। इस प्रकार भाजपा से निकाले जाने पर वह भावुक भी हो गए।

## महिला कांग्रेस अध्यक्ष सरिता आर्य भाजपा में शामिल, कांग्रेस ने किया निष्कासित



**देहरादून**। उत्तराखंड में 14 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले उत्तराखंड महिला कांग्रेस अध्यक्ष और नैनीताल से पूर्व विधायक सरिता आर्य सोमवार को भाजपा में शामिल हो गईं। इस बीच, प्रदेश कांग्रेस ने आर्य को सभी पदों से हटाते हुए उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया।

आर्य ने यहां प्रदेश भाजपा मुख्यालय पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक की मौजूदगी में पार्टी का दामन थामा। भाजपा का पटटा पहनाकर पार्टी में आर्य का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वह हमेशा गरीबों, शोषितों और वंचितों के अधिकारों के लिए संघर्षरत रही हैं जबकि मातृशक्ति के लिए भी प्रदेश में उनका बहुत बडा योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि उनके आने से पार्टी को हर क्षेत्र में मजबूती मिलेगी। इस मौके पर कौशिक ने उम्मीद जाहिर की कि सरिता आर्य पार्टी की रीति-नीति को आगे बढाते हुए पार्टी को मजबूत करेंगी। सरिता आर्य ने 2012 विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के टिकट पर जीत हासिल की थी हालांकि, 2017 में हुआ अगला चुनाव वह भाजपा के टिकट पर चुनाव लडे संजीव आर्य से हार गई थी।

गौरतलब है कि अपने पिता और कददावर दलित नेता यशपाल आर्य के साथ पिछले साल कांग्रेस में शामिल होने के बाद संजीव आर्य को इस बार कांग्रेस से टिकट मिलना तय माना जा रहा है और इसी के चलते पार्टी से खफा होकर सरिता आर्य भाजपा में शामिल हुई हैं।

सरिता आर्य ने शनिवार को संवाददाताओं से बातचीत में भाजपा में शामिल होने का संकेत देते हुए कहा था कि अगर भाजपा उन्हें टिकट देती है तो वह उसमें क्यों नहीं शामिल होंगी। इस बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने उन्हें सभी पदों से हटाते हुए छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया।

यहां जारी एक पत्र में गोदियाल ने कहा कि शनिवार को मीडिया के सामने उनके द्वारा विधानसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में की गई बयानबाजी प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष पद की गरिमा के अनुकूल नहीं है और इससे पार्टी की छवि धूमिल हुई है। गोदियाल ने कहा कि पार्टी के केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व द्वारा इसे गंभीरता से लिया गया है।



प्रयागराज में पौष पूर्णिमा के अवसर पर संगम में स्नान करते हिन्दू श्रद्धालु

# कांग्रेस ने दलित वोटों के लिए चन्नी के भाई का इस्तेमाल किया: आप

**भाषा**। चंडीगढ़

**आम** आदमी पार्टी (आप) के नेता राघव चड्ढा ने सोमवार को कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के भाई और एक अन्य रिश्तेदार को टिकट से वंचित कर कांग्रेस ने साबित कर दिया है कि उसने महज अनुसूचित जाति के वोट हासिल करने के लिए औजार के रूप में इस्तेमाल करने के लिए उन्हें मुख्यमंत्री बनाया है। शनिवार को जारी की गई कांग्रेस की 86 उम्मीदवारों की पहली सूची में बस्सी पठाना (अनुसूचित जाति आरक्षित) सीट से वर्तमान विधायक गुरप्रीत सिंह जीपी को ही टिकट दिया है, जबकि इस सीट पर चन्नी के भाई मनोहर सिंह की नजरें थीं।

मनोहर सिंह ने रविवार को इस सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में विधानसभा चुनाव लड़ने की घोषणा की। चड्ढा ने यहां संवाददाताओं से कहा कि चन्नी के भाई बस्सी पठाना सीट से चुनाव लड़ने के लिए कांग्रेस से टिकट मांग रहे थे, लेकिन उन्हें नहीं दिया गया। आप नेता ने कहा कि इसी तरह, जालंघर में आदमपुर सीट से टिकट पाने के इच्छुक चन्नी के रिश्तेदार मोहिंदर सिंह केपी को भी वंचित कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि केपी को इसलिए टिकट नहीं दिया गया, क्योंकि वह चन्नी के रिश्तेदार हैं।

चड्ढा ने हालांकि यह भी कहा कि सत्तारूढ़ दल कांग्रेस ने फतेहगढ़ साहिब के सांसद अमर सिंह और मंत्री ब्रह्म मोहिंद्रा के बेटों को टिकट दिया। उन्होंने कहा कि मनोहर सिंह को इसलिए टिकट नहीं दिया गया, क्योंकि वह चन्नी के भाई थे।

कांग्रेस पार्टी ने साबित कर दिया है कि पार्टी ने चन्नी साहब इस्तेमाल किया। हम कह सकते हैं कि चन्नी साहब को बस दलित समुदाय के वोटों को हासिल करने के लिए इस्तेमाल करने के वास्ते मुख्यमंत्री बनाया गया।

उन्होंने सत्तारूढ़ दल पर निशाना साधते हुए कहा, चन्नी साहब की पार्टी में इतनी भी नहीं चलती कि वह अपने परिवार के लिए दो टिकट ले पाएं। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि चन्नी का कांग्रेस ने बस एक खास समुदाय के लोगों को खुश करने के लिए औजार की तरह इस्तेमाल किया। कांग्रेस ने पिछले साल चन्नी को मुख्यमंत्री नियुक्त किया था। वह पंजाब के पहले दलित मुख्यमंत्री हैं। उससे पहले अमरिंदर सिंह को इस पद से इस्तीफा देना पड़ा था। चड्ढा ने आरोप लगाया कि पहले भी कांग्रेस ने खास समुदाय के वोटों की खातिर सुशील कुमार शिंदे को कुछ महीनों के लिए महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनाया था, लेकिन चुनाव के बाद शिंदे को हटा दिया गया था।

## पंजाब में मुख्यमंत्री पद के आप के उम्मीदवार की घोषणा आज: केजरीवाल

**नई दिल्ली**। दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार की घोषणा मंगलवार को की जाएगी। केजरीवाल ने 13 जनवरी को पंजाब की जनता से मुख्यमंत्री पद के लिए अपने पसंदीदा उम्मीदवार का नाम बताने की अपील की थी। इस बाबत उन्होंने एक मोबाइल नंबर भी जारी किया था। केजरीवाल ने तब कहा था कि वह आप सांसद भगवंत सिंह मान को मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करना चाहते थे, लेकिन मान ने यह फैसला पंजाब की जनता पर छोड़ने पर जोर दिया। केजरीवाल ने यहां एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से मुखातिब होते हुए कहा, पंजाब में आप के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार का नाम मंगलवार दोपहर 12 बजे घोषित किया जाएगा। आप के राष्ट्रीय संयोजक ने जून 2021 में कहा था कि 2022 के पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का मुख्यमंत्री पद का दावेदार सिख समुदाय से होगा और पूरे पंजाब को पार्टी के चयन पर नाज होगा। पंजाब की 117 विधानसभा सीटों पर मतदान 14 फरवरी को होगा।



कोलकाता में आगामी गणतंत्र दिवस परेड के लिए पूर्वाभ्यास के दौरान सेना का एक जवान राष्ट्रीय ध्वज को लपेटता हुआ

# मुकुल रॉय पर फैसला दो हफ्ते में आने की संभावना : न्यायालय

**नई दिल्ली**। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को उम्मीद जताई कि पश्चिम बंगाल विधानसभा के अध्यक्ष दो सप्ताह में मुकुल रॉय को अयोग्य ठहराने के लिए दी गई अर्जी पर फैसला कर लेंगे। मुकुल रॉय राज्य विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा से अलग होकर तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए थे। न्यायमूर्ति एल नगेश्वर राव और न्यायमूर्ति बीवी नागरत्न की पीठ ने इसके साथ ही मामले की सुनवाई फरवरी के दूसरे सप्ताह तक के लिए टाल दी। विधानसभा अध्यक्ष (स्पीकर) की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने पीठ से अनुरोध किया कि इस मामले की अगली सुनवाई फरवरी के तीसरे सप्ताह तक टाल दी जाए क्योंकि सख्त समय सीमा तय करना व्यवहारिक नहीं होगा। शीर्ष अदालत ने हालांकि, मामले की सुनवाई फरवरी के दूसरे सप्ताह तक टाली और कहा कि वह उम्मीद करती है कि समय पर फैसला होगा। पीठ ने कहा कि हम उन्हें दो सप्ताह का समय देंगे। मामले को सुनवाई के लिए फरवरी के दूसरे सप्ताह सूचीबद्ध करे। इस बीच सुनिश्चित करें कि यह पूरा हो, हम आदेश में वह नहीं कह रहे हैं। शीर्ष अदालत दो अलग-अलग अपील पर सुनवाई कर रही थी जो पश्चिम बंगाल विधानसभा के अध्यक्ष बिमान बनर्जी और उनके सचिव और पीठासीन अधिकारी ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ दाखिल की हैं। उच्च न्यायालय ने बनर्जी से कहा था कि रॉय को विधानसभा सदस्य के तौर पर अयोग्य करार देने के लिए दायर याचिका पर सात अक्टूबर तक फैसला करें। भाजपा नेता एवं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने 17 जून को अध्यक्ष के समक्ष अर्जी देकर रॉय को अयोग्य करार देने का अनुरोध किया था। भाजपा विधायक अम्बिका रॉय ने जुलाई में उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटा लोकलेखा समिति (पीएसी) के अध्यक्ष पद पर मुकुल रॉय की नियुक्ति को चुनौती दी थी।

# उच्च न्यायालय का भाजपा विधायक नितेश को अग्रिम जमानत देने से इनकार

**भाषा**। मुंबई

**बंबई** उच्च न्यायालय ने सोमवार को सिंधुदुर्ग जिले में पुलिस द्वारा दर्ज हत्या के प्रयास के एक मामले में भाजपा विधायक नितेश राणे को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति सी वी भडांग की एकल पीठ ने केंद्रीय मंत्री नारायण राणे के बेटे नितेश की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी लेकिन उसने मामले के एक अन्य आरोपी मनीष दलवी की याचिका को स्वीकार कर लिया। नितेश के वकील नितिन प्रधान ने तब उच्च न्यायालय से पुलिस के पहले के आश्वासन को आगे बढ़ाने की मांग की कि विधायक के खिलाफ एक और सप्ताह कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी।

इस पर पीठ ने विशेष लोक अभियोजक सुदीप पासबोला से पूछा कि क्या पुलिस को दंडात्मक कार्वाई से छूट को एक और हफ्ते तक बढ़ाने पर कोई आपत्ति है। इस पर पासबोला ने कहा कि पुलिस भाजपा विधायक के खिलाफ एक हफ्ते तक कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करेगी।

उच्च न्यायालय ने कह कि हम पुलिस के इस बयान को स्वीकार करते हैं कि वह 27 जनवरी तक आवेदक (नितेश राणे) के खिलाफ आखिरी मौके पर कोई दंडात्मक कार्वाई नहीं करेगी। नितेश और दलवी ने उनके खिलाफ सिंधुदुर्ग पुलिस द्वारा दिसंबर 2021 में भारतीय दंड संहिता की धारा 307, 120 (बी) और 34 के तहत दर्ज मामले में अग्रिम जमानत मांगी थी। कंकावली विधायक राणे ने दावा किया था कि उन्हें राजनीतिक कारणों से झूठे मामले में फंसाया गया था जबकि पुलिस ने दावा किया कि नितेश शिवसेना कार्यकर्ता की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी और मुख्य साजिशकर्ता है।

## घृणा भाषण मामले में गिरफ्तार यति नरसिंहानंद के खिलाफ नए आरोप दर्ज

**देहरादून**। हरिद्वार घृणा भाषण मामले में गिरफ्तार यति नरसिंहानंद के खिलाफ एक पत्रकार और एक छायाकार को अपशब्द कहने के मामले में ताजा आरोप दर्ज किए गए हैं। एक साक्षात्कार के दौरान एक सवाल पूछे जाने से उत्तेजित होकर उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में डासना मंदिर के मुख्य पुजारी नरसिंहानंद ने पत्रकार और छायाकार को अपशब्द कहे। हरिद्वार धर्म संसद में घृणा भाषण दिए जाने के मामले में नरसिंहानंद 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में है और फिलहाल रोशनाबाद जेल में बंद है। हरिद्वार शहर पुलिस कोतवाली के थानाध्यक्ष ने बताया कि पत्रकार की शिकायत के आधार पर नरसिंहानंद के खिलाफ ताजा आरोप दर्ज किए गए हैं।

# गोवा में बाहरी तृणमूल में शामिल होना गलती थी : लॉरेंको

**भाषा**। पणजी

**कई** सप्ताह पहले कांग्रेस छोड़ तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने और तृणमूल से भी बिना कारण बताए रविवार को नाता तोड़ने वाले गोवा में कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष एलिक्सो रेजिनाल्डो लॉरेंको ने सोमवार को संकेत दिया कि वह अपनी मूल पार्टी में वापस आ रहे हैं। उन्होंने अपने समर्थकों और शुभचिंतकों से भी अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले ममता बनर्जी नीत तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने के फैसले को लेकर की गई गलती पर माफी मांगी।

लॉरेंको ने पणजी में सोमवार को संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने के बाद उन्हें गंभीर प्रतिघात का सामना करना पड़ा जिसने नई सुबह का वादा किया था। उन्होंने कहा कि उनके समर्थकों को आशंका थी कि तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने से गोवा में बाहरी पार्टी को न्योता मिलेगा और उससे मतों में बिखराव होगा। उल्लेखनीय है कि लॉरेंको ने दिसंबर महीने में कर्टोरिम सीट से विधायक पद के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया था और तृणमूल में शामिल हो गए थे। उस समय वह गोवा में कांग्रेस इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष थे। लॉरेंको ने रविवार को बिना कोई कारण बताए तृणमूल कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने पार्टी छोड़ने के अपने फैसले से ममता बनर्जी को पत्र लिखकर अवगत कराया।

उन्होंने सोमवार को कहा कि ममता बनर्जी की पार्टी में शामिल होना उनकी गलती थी और अब वह पुराने व्यक्ति की तरह रहना चाहते हैं जिसपर लोग भरोसा करते हैं। लॉरेंको ने संवाददाताओं से कहा, मैंने (तृणमूल में जाने से) कई दोस्तों, करीबियों व समर्थकों को आहत किया। मैं अपने परिवार के सदस्यों को भी आहत किया जो मेरे हर अच्छे-बुरे समय में साथ खड़े रहे।

भविष्य की रणनीति के बारे में लॉरेंको ने कहा कि उनके समर्थकों ने कांग्रेस में दोबारा शामिल होने को कहा है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता माइकल लोबो ने मुझे दोबारा कांग्रेस पार्टी में शामिल होने को कहा है। मैं अपने लोगों की बात सुनूंगा कि वे क्या कहते हैं।

## असम में पुलिस की गोली से संदिग्ध मादक पदार्थ तस्कर घायल

**भाषा**। दीफू

**असम** के कार्बी आंगलॉन्ग जिले में सोमवार को एक संदिग्ध मादक पदार्थ तस्कर को पुलिस ने उस समय गोली मारकर घायल कर दिया जब वह कथित तौर पर हिरासत से भागने की कोशिश कर रहा था। वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने खटखटी पुलिस थाना के अंतर्गत बोकाजान जांच चौकी के पास रविवार देर रात करीब डेढ़ बजे एक ट्रक को रोका और करीब 20 करोड़ रुपए की हेरोइन बरामद होने के बाद मादक पदार्थ तस्कर सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया।

उन्होंने बताया कि ट्रक मणिपुर से आ रहा था। अधिकारी ने बताया कि शुरुआती जांच में दोनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि उनकी योजना जब्त मादक पदार्थ की नजदीकी इलाके में डिलिवरी करने की थी।

अधिकारी ने बताया कि जब दोनों को डिलिवरी के स्थान पर ले जाया जा रहा था तो एक मादक पदार्थ तस्कर ने घबराहट की शिकायत की जिसके बाद उसे पुलिस वाहन से उतारा गया।

# प्राथमिकी दर्ज होने पर बघेल ने कहा, निर्वाचन आयोग को अपनी भूमिका निष्पक्ष रखनी चाहिए

**भाषा**। नई दिल्ली

**छत्तीसगढ़** के मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल ने नोएडा में चुनाव प्रचार के दौरान कोविड-19 संबंधी नियमों के उल्लंघन के आरोप में अपने खिलाफ प्राथमिकी दर्ज होने के बाद सोमवार को कहा कि निर्वाचन आयोग को अपनी भूमिका निष्पक्ष रखनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि आयोग को बताना चाहिए कि मौजूदा स्थिति में कैसे प्रचार करना है।

बघेल ने कहा कि मेरे साथ कई सुरक्षाकर्मी रहते हैं। कई पत्रकार भी थे। लोग आ रहे हैं, मिल रहे हैं। आखिर चुनाव प्रचार कैसे होगा? निर्वाचन आयोग को बताना चाहिए कि कैसे प्रचार करना है। उन्होंने कहा कि मेरे खिलाफ कार्रवाई क्यों हुई? अमरोहा में भाजपा के प्रत्याशी और मंत्री के खिलाफ कार्वाई क्यों नहीं हुई, जबकि वे घर-घर जाकर प्रचार कर रहे हैं? निर्वाचन आयोग को अपनी भूमिका निष्पक्ष रखनी चाहिए। अभी शुरुआत में निष्पक्षता दिखाई नहीं दे रही है तो आखिर में क्या उम्मीद करें? उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में नोएडा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी के प्रचार के लिए रविवार को नोएडा आए बघेल के खिलाफ कोविड-19 संबंधी नियमों के उल्लंघन के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई।

बघेल कुछ समर्थकों के साथ नोएडा में कांग्रेस की प्रत्याशी पंखुड़ी पाठक के समर्थन में घर-घर प्रचार के लिए गए थे, जब नियमों का कथित उल्लंघन हुआ। महामारी कानून के तहत दर्ज मामले में आरोपियों में छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ कांग्रेस नेता के अलावा अन्य के नाम भी हैं।



कोच्चि में आईएसी विक्रांत तीसरा समुद्री परीक्षण पूरा करने के बाद लौटा। इस दौरान बड़ी संख्या में उपकरणों और विभिन्न प्रणालियों पर प्रशिक्षण के साथ परीक्षण किया गया

## तीसरा समुद्री परीक्षण पूरा कर कोच्चि बंदरगाह लौटा आईएसी विक्रांत

**कोच्चि**। भारत का पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत (आईएसी) विक्रांत अपना तीसरा समुद्री परीक्षण पूरा करने के बाद कोच्चि बंदरगाह लौट आया है। एक रक्षा प्रवक्ता ने सोमवार को यहां यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने कहा, कि आईएसी 16 जनवरी (रविवार) को समुद्री परीक्षणों से लौटा, जिसमें बड़ी पोत प्रणालियों का संचालन और परीक्षण किया गया था तथा पोत में लगे विभिन्न उपकरणों पर प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने कहा कि परीक्षण आंकड़े का विश्लेषण अब पोत पर अनिवार्य निरीक्षण और शेष कार्य के साथ किया जाएगा। आईएसी ने गहरे समुद्र में जटिल कौशल अभ्यास करने के लिए नौ जनवरी को अपना समुद्री परीक्षण शुरू किया था। इस पोत को अगस्त में नौसेना में शामिल किए जाने का कार्यक्रम है।

# सेबी ने आईपीओ से जुटाई गई राशि के इस्तेमाल नियमों को कड़ा किया

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से संबंधित नियमों को सख्त करते हुए भविष्य के अज्ञात अधिग्रहणों के लिए निर्गम से प्राप्त राशि के इस्तेमाल की सीमा तय करते हुए प्रमुख शेयरधारकों की तरफ से जारी किए जाने वाले शेयरों की संख्या को भी सीमित कर दिया है। सेबी ने एक अधिसूचना में कहा है कि एंकर निवेशकों की लॉक-इन अवधि 90 दिनों तक बढ़ा दी गई है और अब सामान्य कंपनी कामकाज के लिए आरक्षित कोष की निगरानी भी क्रेडिट रेटिंग एजेंसियां करेंगी। सेबी ने गैर-संस्थागत निवेशकों (एनआईआई) के लिए आवंटन पद्धति को भी संशोधित किया है। इन सभी बदलावों को अमल में लाने के लिए सेबी ने पूंजी निर्गम एवं खुलासा अनिवार्यता (आईसीडीआर) नियमन के तहत नियामकीय मसौदे के विभिन्न पहलुओं में संशोधन किए हैं।

सेबी ने यह संशोधन नए दौर की प्रौद्योगिकी कंपनियों के आईपीओ के माध्यम से वित्त जुटाने के लिए सेबी के पास प्रस्ताव का मसौदा जमा करने में आई तेजी के बीच किया है। सेबी ने कहा कि अगर कोई कंपनी अपने निर्गम दस्तावेज में भावी वृद्धि के लिए एक प्रस्ताव रखती है, लेकिन यदि उसके किसी अधिग्रहण या निवेश लक्ष्य को चिह्नित नहीं किया है तो इसके लिए रखी गई राशि कुल जुटाई गई रकम के 35 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी। यह पाबंदी उस समय लागू नहीं होगी जब प्रस्तावित अधिग्रहण या रणनीतिक निवेश उद्देश्य निर्दिष्ट किया गया है और निर्गम दस्तावेज जमा करने के समय के समुचित खास खुलासे किए गए हों। जानकारों का कहना है कि भविष्य के ऐसे अधिग्रहण जिनकी पहचान नहीं की गई है, के लिए कोष जुटाने की क्षमता सीमित करने से कुछ यूनिकॉर्न कंपनियों की धन जुटाने की योजना पर असर पड़ेगा।

## वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणाली पेश करने की तैयारी

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी निवेशकों और विनियमित संस्थाओं के बीच विवादों को हल करने के लिए एक वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणाली शुरू करने के संबंध में परीक्षण कर रहा है। नियामक ने एक बयान में यह जानकारी दी। सेबी ने प्रतिभूति बाजार में निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए नवंबर, 2021 में एक निवेशक चार्टर या घोषणापत्र प्रकाशित किया था। मकसद बाजार में पारदर्शिता लाना तथा निवेशकों के बीच जागरूकता, भरोसा और विश्वास बढ़ाना था। सेबी ने कहा कि तब से चार्टर को लागू करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं।

## सेबी ने तरजीही आवंटन नियमों में बदलाव किया

**नई दिल्ली।** सेबी ने कंपनियों के लिए शेयरों के तरजीही आवंटन के जरिए धन जुटाने को आसान बनाते हुए मूल्य निर्धारण मानदंडों और लॉक-इन अनिवार्यताओं में ढील दी है। नियामक ने एक अधिसूचना जारी कर लॉक-इन अवधि के दौरान प्रवर्तक या प्रवर्तक समूह को तरजीही निर्गम के तहत आवंटित शेयरों को गिरवी रखने की अनुमति दी है। सेबी ने कहा कि किसी भी तरजीही निर्गम के चलते नियंत्रण में बदलाव या पांच प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी आवंटन के लिए एक पंजीकृत मूल्यांकनकर्ता से रिपोर्ट लेनी होगी।

## चीन की अर्थव्यवस्था 2021 में 8.1 प्रतिशत की दर से बढ़ी

**बीजिंग।** कोविड-19 महामारी की चुनौतियों के बीच चीन की अर्थव्यवस्था 2021 में 8.1 प्रतिशत बढ़कर लगभग 18,000 अरब अमेरिकी डॉलर की गई। राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो (एनबीएस) द्वारा सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार चीन की अर्थव्यवस्था में पिछले साल की चौथी तिमाही में चार प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो तीसरी तिमाही के मुकाबले कम है। तीसरी तिमाही में वृद्धि दर 4.9 प्रतिशत थी। सरकार ने 2021 के लिए छह प्रतिशत वृद्धि दर का लक्ष्य रखा था, हालांकि इस दौरान चीन ने 8.1 प्रतिशत की दर से वृद्धि हासिल की। चीन की सरकारी संवाद एजेंसी शिन्हुआ ने कहा कि ए वृद्धि महामारी से पुनरुद्धार और एक जटिल विदेश व्यापार दशाओं के बीच हासिल की गई। एनबीएस ने सोमवार को कहा कि चीन की जीडीपी वार्षिक आधार पर 8.1 फीसदी बढ़कर।,14,370 अरब युआन (लगभग 18,000 अरब अमेरिकी डॉलर) हो गई है।







# कोरोना में 16 करोड़ और लोग गरीब हुए अमीरों ने जमकर की कमाई

**भाषा।** नई दिल्ली दावोस

**कोरोना वायरस** महामारी के पहले दो साल में दुनिया में 99 प्रतिशत लोगों की आमदनी में गिरावट आई है और 16 करोड़ से अधिक लोग गरीब की श्रेणी में आ गए हैं। वही दूसरी तरफ महामारी काल में दुनिया के दस सबसे अमीर व्यक्तियों की संपत्ति प्रतिदिन 1.3 अरब डॉलर (9,000 करोड़ रुपए) की दर से बढ़कर।,500 अरब डॉलर (111 लाख करोड़ रुपए से अधिक) पर पहुंच गई।

विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के ऑनलाइन दावोस एजेंडा शिखर सम्मेलन के पहले दिन जारी अपनी रिपोर्ट इनइक्वलिटी किल्स में ऑक्सफैम इंटरनेशनल ने कहा कि असमानता की वजह से प्रतिदिन कम से कम 21,000 लोग या प्रति चार सेकंड में एक व्यक्ति की मौत हो रही है। इस रिपोर्ट में स्वास्थ्य देखभाल, लिंग आधारित हिंसा, भूख और जलवायु की वजह से वैश्विक स्तर पर होने वाली मौतों पर निष्कर्ष निकाला गया है। रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के दस सबसे धनी व्यक्तियों की संपत्ति महामारी के पहले दो वर्षों के दौरान 15,000 डॉलर प्रति सेकंड की दर से बढ़ी है। यदि ए दस व्यक्ति अपनी संपत्ति का 99.999 प्रतिशत गंवा भी देते हैं, तो भी वे दुनिया के 99 प्रतिशत लोगों से ज्यादा अमीर रहेंगे। ऑक्सफैम इंटरनेशनल की कार्यकारी निदेशक गैब्रिएला बूचर ने कहा, दुनिया के शीर्ष दस अमीरों के पास सबसे गरीब 3.1 अरब लोगों की तुलना में छह गुना अधिक संपत्ति है। ऑक्सफैम इंटरनेशनल के अनुसार, अरबपतियों की संपत्ति पिछले 14 साल की तुलना में महामारी के पिछले दो साल में सबसे तेजी से बढ़ी है।

# कंपनियों केशेयरों में उछाल से सेंसेक्स और निफ्टी लाभ के साथ बंद

**मुंबई।** यूरोपीय बाजारों के मजबूत रुझान और वाहन, आईटी, ऊर्जा तथा एफएमसीजी कंपनियों के शेयरों में तेजी से सोमवार को सेंसेक्स और निफ्टी मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। काफी हद तक सीमित दायरे में रहे कारोबारी सत्र में सेंसेक्स 85.88 अंक यानी 0.14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 61,308.91 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 19 लाभ में रहे जबकि 11 में नुकसान रहा। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 52.35 अंक यानी 0.29 प्रतिशत बढ़कर 18,308.10 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी सपाट स्तर पर खुला और शुरुआती कारोबार में गिरने के बाद दोपहर के सत्र में उबरने में सफल रहा। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में अल्ट्राटेक सीमेंट करीब तीन प्रतिशत की तेजी के साथ सर्वाधिक लाभ में रही। इस सीमेंट कंपनी ने तीसरी तिमाही में अपने शुद्ध लाभ में करीब आठ प्रतिशत की बढ़त दिखाई है।

इसके अलावा अल्ट्राटेक ने अपने आधुनिकीकरण पर 965 करोड़ रुपए खर्च करने की योजना भी घोषित की है। इसके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.19 प्रतिशत, मारुति सुजुकी 2.08 प्रतिशत, टाटा स्टील 1.35 प्रतिशत, टीसीएस 1.26 प्रतिशत, एलएंडटी 1.2 प्रतिशत, एसबीआई 1.14 प्रतिशत और एचयूएल 1.04 प्रतिशत की बढ़त दर्ज करने में सफल रहीं। दूसरी तरफ एचसीएल टेक, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, टेक महिंद्रा, पावरग्रिड और सन फार्मा के शेयरों में 5.89 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई।

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, कई कंपनियों के वित्तीय नतीजों से प्रभावित होने वाले सप्ताह में घरेलू बाजार सूचकांक टिकाऊ उपभोक्ता उत्पादों, ऊर्जा एवं वाहन कंपनियों के दम पर हल्की बढ़त लेने में सफल रहे। नायर ने कहा कि एशियाई बाजारों में चीन के जीडीपी के दिसंबर तिमाही के आंकड़े आने के बाद काफी हद तक मिलाजुला रुख रहा। कोविड महामारी से जुड़ी पाबंदियों और संपत्ति से जुड़ी चिंताओं के बीच मांग पर असर पड़ने से चीन की अर्थव्यवस्था दिसंबर तिमाही में चार प्रतिशत बढ़ी है। नायर ने कहा, वैश्विक स्तर पर कोविड संक्रमण बढ़ने से निवेशकों की धारणा पर असर बना हुआ है। आनंद राठी शेयर्स एंड स्टॉक ब्रोकर्स फर्म के इक्विटी शोध (बुनियादी) प्रमुख नरेंद्र सोलंकी ने कहा, भारतीय बाजार एशियाई बाजारों के मिश्रित रुख के बीच थोड़े सकारात्मक स्तर पर खुले।

दोपहर के सत्र में बाजारों को इससे थोड़ी मजबूती मिली कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों का तीन महीने से जारी बिकवाली का रुझान हाल में बदला है। वित्तीय, आईटी एवं स्वास्थ्य देखभाल कंपनियों के कमजोर प्रदर्शन की वजह से लाभ एक दायरे तक ही सीमित रहा। बीएसई मिडकैप 0.23 प्रतिशत चढ़ गया, जबकि स्मालकैप में 0.61 प्रतिशत का लाभ रहा। बीएसई ऑटो में 1.98 प्रतिशत, बीएसई यूटिलिटी में 1.51 प्रतिशत, बीएसई पावर में 1.41 प्रतिशत, बीएसई रियल्टी में 1.37 प्रतिशत और बीएसई कंज्यूमर गुड्स में 1.02 प्रतिशत तक की बढ़त रही। वहीं बीएसई हेल्थकेयर में 0.76 प्रतिशत, बीएसई बैंकेक्स में 0.33 प्रतिशत और बीएसई फाइनेंस में 0.18 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई। एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख एस रंगनाथन ने कहा, वाहन कंपनियों के शेयर वाहनों की कीमतों में की गई बढ़ोतरी और इलेक्ट्रिक वाहनों पर जोर दिए जाने से स्थिर बने रहे।

बाजार काफी हद तक सकारात्मक ही रहा। कारोबार वाले 3,739 शेयरों में से 2,297 बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 1,308 में गिरावट आई और 134 शेयर अपरिवर्तित बंद हुए। अन्य एशियाई बाजारों की बात करें तो शंघाई और तोक्यो में बाजार बढ़त के साथ बंद हुए जबकि हांगकांग और सियोल में नुकसान में रहे। यूरोपीय बाजार दोपहर के सत्र में लाभ के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 10 पैसे की गिरावट के साथ 74.25 रुपए प्रति डॉलर के भाव पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.26 प्रतिशत की गिरावट 85.84 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर रहा।

## क्विक न्यूज

### बैंकों और वित्तीय संस्थानों में बढ़ रहे हैं धोखाधड़ी के मामले: सर्वेक्षण

**नई दिल्ली।** कोविड-19 महामारी और नए डिजिटल परिचालन के मद्देनजर बैंक और वित्तीय संस्थान धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाओं से निपटने के लिए जूझ रहे हैं, और ए रुझान जारी रहने की संभावना है। डेलॉयट इंडिया के एक सर्वेक्षण ने सोमवार को यह जानकारी दी गई है। डेलॉयट टच तोहमात्सु इंडिया एलएलपी ने एक बयान में कहा कि अगले दो वर्षों में धोखाधड़ी की घटनाओं में बढ़ोतरी के लिए जिन प्रमुख कारणों की पहचान की गई है, उनमें बड़े पैमाने पर कार्य स्थल ने अलग बैठकर काम करना, ग्राहकों द्वारा शाखा से इतर बैंकिंग माध्यमों का बढ़ता उपयोग, और फॉरेंसिक विश्लेषण साधनों की सीमित उपलब्धता शामिल है। डेलॉयट ने कहा कि सर्वेक्षण में उसने भारत में स्थित विभिन्न वित्तीय संस्थानों के 70 वरिष्ठ अधिकारियों की राय ली, जो जोखिम प्रबंधन, लेखा परीक्षण, संपत्ति की वसूली जैसे कार्यों के लिए जिम्मेदार है।

### टेक महिंद्रा ने यूरोपीय कंपनी सीटीसी का 31 करोड़ यूरो में अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी टेक महिंद्रा ने यूरोपीय कंपनी कॉम टेक सीओ आईटी (सीटीसी) में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया है। कंपनी ने इसके अलावा दो आईटी मंचों में 25-25 प्रतिशत हिस्सेदारी भी खरीदी है। ए सौदे 33 करोड़ यूरो या करीब 2,800 करोड़ रुपए में हुए हैं। टेक महिंद्रा ने सोमवार को कहा कि ए अधिग्रहण कंपनी के डिजिटल इंजीनियरिंग और बीमा प्रौद्योगिकी कारोबार को मजबूत करेंगे। अप्रैल, 2010 में घोटाले से प्रभावित सत्यम के अधिग्रहण के बाद यह समझौता कंपनी का दूसरा सबसे बड़ा सौदा है। टेक महिंद्रा ने कहा कि उसने 31 करोड़ यूरो (करीब 2,628 करोड़ रुपए) में कॉम टेक सीओ आईटी का अधिग्रहण किया है, जिसमें कमाई और तालमेल से जुड़े भुगतान शामिल हैं। कंपनी इसके अलावा एसडब्ल्यूएफटी और सुरेंस मंचों में 25-25 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए और दो करोड़ यूरो का और निवेश कर रही है। ए दोनो मंच सीटीसी के ही संस्थापक समूह का हिस्सा है।

### एनटीपीसी की ईसीबी के जरिए 75 करोड़ डॉलर जुटाने की योजना

**नई दिल्ली।** सार्वजानिक क्षेत्र की कंपनी एनटीपीसी ने बाहरी वाणिज्यिक उधार (ईसीबी) के जरिए 75 करोड़ डॉलर (लगभग 5,570 करोड़ रुपए) जुटाने के लिए प्रस्ताव के अनुरोध (आरएफपी) आमंत्रित किए हैं। एनटीपीसी की तरफ से सोमवार को जारी आरएफपी दस्तावेज के मुताबिक, एनटीपीसी लिमिटेड 50 करोड़ डॉलर समेत ग्रीन शू के विकल्प में सावधि ऋण के रूप में 25 करोड़ डॉलर की ईसीबी जुटाने की तलाश कर रही है। कंपनी ने अपनी बिजली और नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए ए बोलियां आमंत्रित की है।

### महिंद्रा ने ट्रक रेंज पर अधिकतम माइलेज की गारंटी की घोषणा की

**मुंबई।** महिंद्रा ट्रक एंड बस डिवीजन (एमटीबी) महिंद्रा समूह ने अपने अद्वितीय और डिसरप्टिव ग्राहक मूल्य प्रस्ताव अधिक माइलेज पाएँ या ट्रक लौटाएँ गारंटी की घोषणा की। यह गारंटी बीएस-6 की उनकी समूची रेंज, ब्लेज़ो एक्स हेवी, फ्यूरियो इंटरमीडिएट और फ्यूरियो, एवं जायो सहित लाइट कमर्शियल ट्रक्स पर लागू है। नई रेंज में फ्यूलस्मार्ट टेक्नोलॉजी के साथ प्रमाणित 7.2 एमपावर इंजन और एमडीआई टेक इंजन प्रमाणित बॉश आफ्टर ट्रीटमेंट सिस्टम के साथ माइल्ड ईजीआर है। जो अत्याधुनिक आईमैक्स टेलीमैटिक्स समाधान के अलावा कम एड ब्लू खपत एवं अन्य उन्नत तकनीकें प्रदान करता है, जो सभी मिलकर गारंटीशुदा उच्च माइलेज सुनिश्चित करते हैं। इस अवसर पर बोलते हुए महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के ऑटोमोटिव सेक्टर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वीजय नाकरा ने कहा कि ट्रक्स की रेंज के लिए अधिक माइलेज पाएँ या ट्रक लौटाएँ, हल्के, मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहन उद्योग के लिए एक ऐतिहासिक कदम है।

### करीब 50 स्टार्टअप यूनीकॉर्न बनने को तैयार, 2022 में कुल संख्या बढ़कर होगी 100 से अधिक

**मुंबई।** सलाहकार फर्म पीडब्ल्यूसी इंडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में करीब 50 स्टार्टअप 2022 में यूनीकॉर्न बन सकते है, यानी उनका मूल्यांकन बढ़कर एक अरब डॉलर से अधिक हो सकता है। सोमवार को आई इस रिपोर्ट में कहा गया कि 2022 में एक अरब डॉलर से अधिक मूल्यांकन वाले स्टार्टअप की कुल संख्या 100 से अधिक हो सकती है। भारत में 2021 के दौरान सूचीबद्ध और गैर-सूचीबद्ध कंपनियो के मूल्यांकन में भारी बढ़ोतरी देखने को मिली और इस दौरान यूनीकॉर्न की संख्या बढ़कर 68 हो गई। देश ने 2021 में 43 यूनीकॉर्न जोड़े। पीडब्ल्यूसी इंडिया के मुताबिक सिर्फ अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में भारतीय स्टार्टअप इकोसिस्टम में 10 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश किया गया।

## चालू वित्त वर्ष में अस्पताल श्रृंखलाओं की कमाई में जबर्दस्त उछाल की उम्मीद

**मुंबई।** कोरोना वायरस की तीसरी लहर के बीच सर्जरी पर असर पड़ा है और साथ ही बड़ी संख्या में चिकित्सा कर्मी संक्रमण से प्रभावित हो रहे हैं। इसके बावजूद चालू वित्त वर्ष में अस्पताल श्रृंखलाओं की आय और मार्जिन में जबर्दस्त उछाल आने की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी इक्रा की रिपोर्ट के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में बड़ी संख्या में अस्पतालों श्रृंखलाओं ने आमदनी में 85 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जिससे परिचालन मार्जिन में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस वृद्धि के साथ अस्पतालों को तीसरी तिमाही में मजबूत वृद्धि की उम्मीद है। हालांकि, चौथी तिमाही में कुछ झटके लग सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि कोरोना वायरस महामारी के नए मामलों की संख्या में लगातार वृद्धि के साथ देशभर के अस्पतालों में वैकल्पिक सर्जरी प्रभावित हुई है। इसके अलावा बड़ी संख्या में स्वास्थ कर्मचारियों के भी कोरोना वायरस से संक्रमित होने से भी कुछ हद तक स्वास्थ सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।

## फाडा ने दोपहिया वाहनों पर जीएसटी घटाकर 18 प्रतिशत करने की मांग की

**नई दिल्ली।** ऑटोमोबाइल डीलरों के संगठन फाडा ने सरकार से दोपहिया वाहनों पर जीएसटी दरों को घटाकर 18 प्रतिशत करने की मांग की है, ताकि इस खंड में मांग पैदा की जा सके। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने कहा कि दोपहिया वाहन कोई लक्जरी उत्पाद नहीं है और इसलिए जीएसटी दरों में कमी की जरूरत है। फाडा का दावा है कि वह 15,000 से अधिक ऑटोमोबाइल डीलरों का प्रतिनिधित्व करता है, जिनके पास करीब 26,500 डीलरशिप हैं। उद्योग निकाय ने सोमवार को कहा, फाडा वित्त मंत्रालय से दोपहिया वाहनों पर जीएसटी दरों को 18 प्रतिशत तक कम करने का अनुरोध करता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को वित्त वर्ष 2022-23 का आम बजट संसद में पेश करेंगी।

## राजकुमार राव बने रिन्यूबाय के ब्रांड एंबेसडर

**कानपुर।** भारत की प्रमुख इंश्योरटेक कंपनियों में रिन्यूबाय ने अपने ब्राण्ड की खास खूबी स्मार्ट टेक, राइट एडवाइस के साथ पहला 360 डिग्री विज्ञापन कैम्पेन शुरू किया। इसके लिए कंपनी ने भारत के लोकप्रिय और सबके चहेते फिल्म अभिनेता राजकुमार राव को पहला ब्रांड एंबेसडर बनाया है। विज्ञापन कैम्पेन में बीमा की ज़रूरतों को पूरा करने के ब्रांड के वादे को प्रमुखता से दिखाया गया है जिसे पूरा करने के लिए रिन्यूबाय का डिजिटल माध्यम से कार्यरत बीमा पीओएसपी (प्वाइंट ऑफसेल पर्सन) सलाहकार नेटवर्क काफी प्रभावी रहा है। स्मार्ट टेक राइट एडवाइस थीम पर आधारित कैम्पेन में दर्शाया गया है कि रिन्यूबाय सबसे विश्वसनीय इंश्योरटेक प्लेटफॉर्म होने के बुनियादी मूल्य पर खरा उतरता है। उपभोक्ता देश के किसी भी हिस्से से डिजिटल माध्यम से बीमा पॉलिसियों का लाभ ले सकते हैं। रिन्यूब्यू के डिजिटली सक्षम पीओएसपी बीमा सलाहकारों का मजबूत राष्ट्रव्यापी नेटवर्क है। कैम्पेन शुरू करने के बारे में रिन्यूबाय के मुख्य विपणन अधिकारी देवेश जोशी ने कहा कि रिन्यूबाय ने हाल में 60 मिलियन अमरीकी डालर का धन जुटाया है। इसका उपयोग अधिक से अधिक बीमा सलाहकार जोड़ने और उपभोक्ताओं तक पहुंचने की तकनीक लागू करने पर किया जाएगा।

## जोशी ने एनएलसी इंडिया की नई पुनर्वास नीति का शुभारंभ किया

**नई दिल्ली।** कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सोमवार को एनएलसी इंडिया लिमिटेड (एनएलसीआईएल) की नई पुनर्वास और पुन:स्थापना (आरएंडआर) नीति का शुभारंभ किया। उन्होंने इस बात पर जिक्र किया कि प्रभावित ग्रामीणों को मुआवजा निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया के आधार पर दिया जाएगा। साथ ही नई नीति में परियोजना प्रभावित परिवारों को बढ़ी हुई सुविधाओं के प्रावधान हैं। केंद्रीय मंत्री ने ऑनलाइन माध्यम से एनएलसी इंडिया की नई पुनर्वास और पुन:स्थापना नीति को पेश करते हुए एक लचीली पुनर्वास नीति तैयार करने के लिए सार्वजानिक क्षेत्र की कंपनी और तमिलनाडु सरकार की प्रशंसा की। यह नई आरएंडआर नीति खान क्षेत्र के भूमि मालिकों के लिए है। जोशी ने कहा कि एनएलसी इंडिया पिछले छह दशकों के प्रदर्शन के दौरान देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## भारत के 99 प्रतिशत सीईओ की राय, 12 माह में रफ्तार पकड़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था: सर्वे

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस महामारी और वैश्विक स्तर पर अड़चनों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था अगले 12 माह के दौरान रफ्तार पकड़ेगी। पीडब्ल्यूसी के वार्षिक वैश्विक सीईओ सर्वे में यह निष्कर्ष निकाला गया है। इस सर्वे में दुनिया के 89 देशों के 4,446 मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के विचार लिए गए। इनमें से 77 सीईओ भारत से हैं। यह सर्वे अक्टूबर-नवंबर 2021 के दौरान किया गया। सोमवार को जारी इस सर्वे के अनुसार, कई तरह की अड़चनों, विशेषकर महामारी की वजह से आने वाली बाधाओं के बावजूद भारतीय मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आगामी वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूत वृद्धि को लेकर आशान्वित हैं।

सर्वे में शामिल 99 प्रतिशत भारतीय सीईओ का मानना है कि अगले 12 महीनों में आर्थिक वृद्धि दर में सुधार होगा। वहीं 94 प्रतिशत भारतीय मुख्य कार्यकारी मानते हैं कि अगले एक साल में वैश्विक वृद्धि दर भी सुधरेगी। वहीं ऐसा मानने वाले वैश्विक मुख्य कार्यकारियों की संख्या 77 प्रतिशत है। जहां तक अपनी संबंधित कंपनियों की आमदनी का सवाल है तो 98 प्रतिशत सीईओ ने इसमें वृद्धि की उम्मीद जताई।

सर्वे में शामिल वैश्विक सीईओ आर्थिक वृद्धि को लेकर पिछले साल जितने ही आशान्वित हैं। लेकिन वृद्धि को लेकर भारतीय मुख्य कार्यकारी अधिकारियों का भरोसा बढ़ा है। वर्ष 2022 में आर्थिक वृद्धि की संभावनाओं को लेकर 94 प्रतिशत भारतीय सीईओ आशान्वित हैं। पिछले साल ऐसा कहने वाले सीईओ की संख्या 88 प्रतिशत थी। पीडब्ल्यूसी की भारतीय इकाई के चेयरमैन संजीव कृष्णन ने कहा कि कोरोनावायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन ने चीजों को कुछ प्रभावित किया है और मुख्य कार्यकारी फिलहाल अपने कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

# पेज एक का शेष

## मार्च से 12-14 वर्ष के...

सोमवार को सुबह सात बजे तक की अनंतिम टीकाकरण रिपोर्ट के अनुसार 24 घंटे के दौरान 39 लाख से अधिक खुराक दी गई और कुल संख्या 157.20 करोड़ से अधिक हो गई है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, अब तक 15-18 साल के बच्चों को 3.45 करोड़ से अधिक पहली खुराक दी जा चुकी हैं। भारत में कोविड टीकाकरण अभियान पिछले साल 16 जनवरी को शुरू हुआ था।

## एजिथ्रोमाइसिन, फेविपिरवीर और...

संशोधित दिशानिर्देशों के अनुसार, हल्के लक्षणों वाले घर में क्वॉरंटीन रोगियों को सख्ती से हाथों की स्वच्छता, शारीरिक दूरी और मास्क का उपयोग करने की सलाह दी गई है, जबकि मध्यम कोविड के निदान वाले रोगियों में सांस लेने की दर और ऑक्सीजन की आवश्यकता की निगरानी होनी चाहिए। देश में सोमवार को 24 घंटों में कोविड-19 के 2,58,089 नए मामले सामने आए और 385 लोगों की मौत हुई है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सोमवार को सुबह आठ बजे जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार 29 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों में अभी तक कोरोना वायरस के 'ओमीक्रोन' स्वरूप के 8,209 मामले मिले हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, हरेक संक्रमित के नमूनों का जीनोम अनुक्रमण मुमकिन नहीं है, लेकिन इस मौजूदा लहर में अधिकतर मामले 'ओमीक्रोन' के ही हैं। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में संक्रमण से मौत के 385 मामलों में से सबसे अधिक 158 केरल से हैं। उसके बाद 36 मौतें पश्चिम बंगाल में हुई हैं। राजधानी दिल्ली में कोरोना मामलों में तेजी से गिरावट हो रही है और यहां सोमवार को कुल 12,527 नए केस आए तथा 24 लोगों की मौत हुई। बीते शुक्रवार को दिल्ली में महामारी के 24,383 नए मामले आए थे। उत्तर प्रदेश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोविड-19 संक्रमित नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि संक्रमण के 15622 नए मामले सामने आए हैं ।

## सपा ने अपराधियों से...

उन्होंने आरोप लगाया कि सपा ने अपने उम्मीदवारों की सूची जारी की है और ऐसा करते हुए अपराधियों की पृष्ठभूमि को नजरंदाज करते हुए उनसे पैसे लिए। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी को रोकने के लिए दूसरी दूसरी लहर से सबक लेते हुए तीसरी लहर को काफी हद तक नियंत्रण करने में सफलता पाई है। उन्होंने कहा कि दूसरी लहर के दौरान ऑक्सीजन की दिक्कत आई थी, इसे देखते हुए पूरे उत्तर प्रदेश में कुल 551 ऑक्सीजन प्लांट स्थापित किए गए हैं। इनमें 12 प्लांट गाजियाबाद में लगे हैं और इनमें 11 चालू हो चुके हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि गाजियाबाद में 94 प्रतिशत लोगों को पहली खुराक लग चुकी है। इससे पहले उन्होंने संतोष अस्पताल में कोविड सेंटर का निरीक्षण किया। इस अवसर पर केंद्र सरकार के मंत्री वीके सिंह, राज्यमंत्री अतुल गर्ग, राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, सीएमओ डॉ. भवतोष शंखधर और सीडीओ अस्मिता लाल उपस्थित थे।

## कांग्रेस का समर्थन करेंगे...

तौकीर अहमद रजा खां ने कहा कि मैंने चुनाव में शामिल तमाम सियासी पार्टियों के नेताओं से मुस्लिम समाज की समस्याओं पर चर्चा की और उन्हें अपने घोषणा पत्र में तथा पार्टी की बैठकों में इन समस्याओं पर चिंतन करने के लिए कहा मगर कांग्रेस के अलावा किसी भी राजनैतिक दल ने इन समस्याओं पर खुलकर बात करना उचित नहीं समझा। उन्होंने कहा कि मैं अपनी तमाम मांगों को लेकर प्रियंका गांधी से भी मिला और उनसे विस्तार से चर्चा की। उनसे मिलने के बाद मुझे महसूस हुआ के इस देश एवं प्रदेश का भविष्य, सांप्रदायिक सौहार्द और संविधान इन्हीं के हाथों में सुरक्षित रह सकता है जिन्होंने और जिनके परिवार ने देश की एकता एवं अखंडता के खातिर अपना बलिदान दिया है। तौकीर ने यह भी कहा कि विशेष तौर पर अखिलेश यादव जिस अहंकार से ग्रस्त हैं और मुस्लिम लीडरशिप को किनारे लगाकर बीजेपी से हाथ मिलाकर सपा का झण्डा बुलन्द करने चले हैं, उनका सपना कभी साकार नहीं होगा। पूर्व में भी इन्ही की सरकारों के समय मुस्लिम समाज ने स्वयं को सबसे ज्यादा ठगा हुआ समझा है और यह हमारे ही दम पर सरकारों में बने रहे है। प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने मौलाना तौकीर रजा खां द्वारा दिए गए समर्थन के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में उत्तर प्रदेश में सरकार बनाने में यह समर्थन महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि अखिलेश यादव एवं योगी, दोनों के कार्यकाल ने सभी वर्गों को केवल निराशा दी है। इस मौके पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. आजम बेग, अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश चेयरमैन शाहनवाज आलम, प्रदेश प्रवक्ता कृष्णकांत पाण्डेय, आसिफ रिजवी रिंकू, उमा शंकर पांडेय, विशाल लोधी राजपूत, सचिन रावत, प्रदीप सिंह, प्रदेश प्रवक्ता चौधरी सलमान कादिर एवं जावेद अहमद, प्रदेश महासचिव शहनवाज खान मौजूद रहे।

## पंजाब में 14 के बजाय 20...

पंजाब के मुख्यमंत्री चन्नी और पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा कि यह फैसला स्वागत योग्य है। शिअद अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल, केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता सोम प्रकाश और आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता हरपाल सिंह चीमा ने अपने बयानों में कहा कि वे चुनाव आयोग के फैसले का स्वागत करते हैं।

## राजपथ पर तीनों सेनाओं...

फ्लाई पास्ट चार एमआई-17 विमानों के साथ ध्वज के निर्माण के साथ शुरू होगा, इसके बाद क्रमश: 4 और 5 अत्याधुनिक लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) के साथ रुद्र और राहत का भी निर्माण करेगा। परेड में अपनी ताकत दिखाने वाले अन्य विमानों में राफेल, भारतीय नौसेना के मिग 29 के, पी-8आई निगरानी विमान और जगुआर लड़ाकू विमान शामिल हैं। परेड में अपनी ताकत दिखाने वाले अन्य विमानों में राफेल, भारतीय नौसेना के मिग 29 के, पी-8आई निगरानी विमान और जगुआर लड़ाकू विमान शामिल हैं। नौसेना के पी 8 आई लंबी दूरी के समुद्री टोही विमान जो लद्दाख और पहले डोकलाम में चीनी गतिविधियों को लेने के लिए तैनात किए गए थे, वे भी फ्लाई पास्ट का हिस्सा होंगे। पी8आई वरुण निर्माण में नौसेना के दो मिग 29के विमानों के साथ उड़ान भरेगा। आजादी का अमृत महोत्सव की थीम को ध्यान में रखते हुए, शानदार फ्लाई पास्ट में लड़ाकू जेट, लड़ाकू हेलीकॉप्टर और तीनों सेनाओं का प्रतिनिधित्व करने वाले परिवहन विमान शामिल होंगे। इस आयोजन में 39 लड़ाकू जेट, 28 हेलीकॉप्टर और भारतीय वायुसेना, सेना और नौसेना के आठ परिवहन विमान शामिल होंगे जो विभिन्न संरचनाओं में उड़ान भर रहे हैं। राफेल को तीन रूपों में देखा जाएगा। विनाश संरचना में पांच राफेल जेट होंगे, बाज संरचना में एक राफेल होगा, जिसके किनारे दो जगुआर, दो सुखोई-30 और दो मिग 29 होंगे। फ्लाई पास्ट दो चरणों में होगा - पहला परेड से पहले और दूसरा मार्चिंग दल के राजपथ से गुजरने के बाद। परेड शुरू होने से पहले पहला फॉर्मेशन 4 एमआई 17 वी5 हेलीकॉप्टरों के द्वारा ध्वज के साथ होगा। पहले के पास राष्ट्रीय ध्वज के बाद थल सेना, नौसेना और वायु सेना के झंडे प्रदर्शित करेंगे। इन ध्वज के चार रुद्र लड़ाकू हेलीकॉप्टर की निगरानी में चलेंगे। दूसरे चरण में, तीनों सेनाओं द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले विभिन्न विमानों के साथ 13 संरचना होंगे। अंतिम संरचना का निर्माण आजादी के 75 साल पूरे होने पर अमृत का निर्माण करेंगे जिसमें 17 जगुआर फाइटर जेट शामिल होंगे।

## कथक के एक युग...

इसने भारतीय संगीत एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में बड़ा सा खालीपन ला दिया है। वह एक प्रतीक बन गए थे, जिन्होंने कथक को विश्व स्तर पर लोकप्रिय बनाने के लिए अतुलनीय योगदान दिया। उनके परिवार एवं प्रशंसकों के प्रति संवेदनाएं। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक ट्वीट में कहा, कथक सम्राट, पद्म विभूषण पंडित बिरजू महाराज जी का निधन अत्यंत दु:खद है। उनका जाना कला जगत की अपूरणीय क्षति है। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान व शोकाकुल परिजनों को यह दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करें। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि भारतीय सांस्कृतिक नृत्य के क्षेत्र में उनका योगदान अतुलनीय है और उन्हें इसके लिए याद किया जाएगा। दिसंबर में पीटीआई-भाषा के साथ अपने आखिरी साक्षात्कार में, पद्म विभूषण से सम्मानित बिरजू महाराज ने कहा था कि भारत में कथक का भविष्य उज्ज्वल है और नई पीढ़ी इस परंपरा को आगे बढ़ा रही है।

# चीन की जनसंख्या 2021 में पांच लाख से भी कम बढ़ी

भाषा। बीजिंग

**चीन की** जनसंख्या पिछले साल के अंत तक 1.4126 अरब रही यानी कुल आबादी में पांच लाख से भी कम की वृद्धि हुई क्योंकि जन्म दर लगातार पांचवें साल घटी। ए आंकड़े विश्व की सबसे ज्यादा आबादी वाले देश के ऊपर मंडराते जनसांख्यिकी खतरे और उसके चलते होने वाले आर्थिक खतरे को लेकर भय पैदा करते हैं। राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो (एनबीएस) ने कहा कि 2021 के अंत तक, चीन के मुख्य भूभाग में आबादी 2020 की 1.4120 अरब से बढ़कर 1.4126 अरब रही। एनबीएस के आंकड़ों के मुताबिक चीन की जनसंख्या 2020 की तुलना में एक साल में 4,80,000 बढ़ी। 2021 में 1.06 करोड़ बच्चों ने जन्म लिया जो 2020 के 1.20 करोड़ के मुकाबले कम था। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार इस आंकड़े में हांगकांग और मकाउ के निवासी तथा मुख्य भूमि के 31 प्रांतों, स्वायत्त क्षेत्रों और नगर पालिकाओं में रहने वाले विदेशी शामिल नहीं हैं। एनबीएस के आंकड़ों के अनुसार, 2021 में दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाले देश में नवजात शिशुओं की संख्या 1.062 करोड़ थी जबकि जन्म दर 7.52 प्रति हजार दर्ज की गई। पिछले वर्ष राष्ट्रीय मृत्यु दर 7.18 प्रति हजार थी, जिससे राष्ट्रीय वृद्धि दर 0.34 प्रति हजार रही। हांगकांग से संचालित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के अनुसार विशेषज्ञों ने आगाह किया है कि चीन में जल्द ही जनसांख्यिकी मोड़ आ सकता है जो इसकी बढ़ती आर्थिक वृद्धि के लिए खतरा साबित हो सकता है। ऐसी स्थिति में, कार्यबल में लोगों और आश्रित व्यक्तियों (पेंशन और अन्य लाभों के साथ सेवानिवृत्त) के अनुपात पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, जिससे अर्थव्यवस्था पर दबाव पड़ सकता है। इस महीने की शुरुआत में, हेनान प्रांत ने सूचना दी कि वहां नवजात शिशुओं की संख्या 2020 में गिरकर 9,20,000 रही जो 2019 की तुलना में 23.3 प्रतिशत की गिरावट थी। वहां जन्म दर प्रति 1,000 लोगों पर घटकर 9.24 रह गई थी। हेनान चीन का तीसरा सबसे ज्यादा आबादी वाला प्रशासनिक क्षेत्र है। चीनी प्रांतों ने जन्म दर में भारी गिरावट को रोकने के मकसद से दंपतियों को तीन बच्चे पैदा करने के प्रति प्रेरित करने के लिए कई सहायक उपायों की घोषणा की है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने इससे पहले खबर दी थी कि बीजिंग, सिचुआन और जियांगशी प्रांतों ने कई सहायक उपाय शुरू किए जिनमें माता–पिता को अधिक छुट्टी देना, मातृत्व अवकाश, विवाह के लिए छुट्टी और पितृत्व अवकाश बढ़ाना शामिल है।

# पाकिस्तानी एनएसए सीमा पर बाड़ लगाने, मानवीय संकट पर आज चर्चा करेंगे

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान के** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मोईद युसूफ की अगुवाई में एक अंतर–मंत्रालई प्रतिनिधिमंडल का मंगलवार को अफगानिस्तान के साथ लगती सीमा पर बाड़ लगाने के मुद्दे पर तालिबान सरकार से विचार–विमर्श करेगा और युद्धग्रस्त देश की मानवीय जरूरतों का जायजा लेगा। एक मीडिया खबर में यह जानकारी दी गई। अधिकारियों ने डॉन अखबार को बताया कि 18 से 19 जनवरी तक की अपनी यात्रा के दौरान यूसुफ अफगानिस्तान को मानवीय सहायता देने के तरीकों पर चर्चा करेंगे, जो संयुक्त राष्ट्र की आवश्यकताओं और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों की आवश्यकताओं के अनुरूप होंगे।

मानवीय संकट को टालने के लिए संयुक्त राष्ट्र में अफगानिस्तान के मानवीय संकट पर चर्चा की गई है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतेरस ने विगत 13 जनवरी को कहा था कि लाखों अफगान नागरिकै मृत्यु के कगार परै थे। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से संयुक्त राष्ट्र की पांच अरब अमरीकी डालर की मानवीय अपील के तहत सहयोग निधि देने, अफगानिस्तान की कब्जाई सम्पत्ति छोड़ने और अफगानिस्तान के आर्थिक और सामाजिक पतन को रोकने के लिए उसकी बैंकिंग प्रणाली को फिर से प्रोत्साहित करने का भी आह्वान किया था। कुशल श्रमिकों का लगभग पूर्ण पलायन अफगानिस्तान के सामने प्रमुख चुनौतियों में से एक है, जो इसके स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचा क्षेत्रों को प्रभावित कर रहा है।

पाकिस्तानी अधिकारियों ने कहा कि वे उन अफगान शरणार्थियों को स्थानांतरित करने की योजना बना रहे हैं जो पाकिस्तान में शिक्षित और प्रशिक्षित हुए हैं। अधिकारियों ने कहा कि दोनों देशों के बीच जारी मतभेदों के बीच डूरंड रेखा पर सीमा पर बाड़ लगाने के मुद्दे पर भी यूसुफ चर्चा करेंगे।



नेपाल के भक्तपुर में माधव नारायण महोत्सव के दौरान नेपाली हिंदू भक्त अपने शरीर के आधे शरीर को हनुमंते नदी में डुबो कर प्रार्थना करते हुए

## क्विक न्यूज

### चीन ने बीजिंग में संक्रमण का मामला आने के बाद वायरस रोधी कदमों को सख्त किया

**बीजिंग।** शीतकालीन ओलंपिक खेलों की मेजबानी से महज कुछ हफ्ते पहले बीजिंग में कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप के संक्रमण का पहला मामला आने के बाद चीन ने राष्ट्रीय राजधानी में वायरस रोधी उपाय सख्त कर दिए है। सरकारी मीडिया ने बताया कि शनिवार को ओमीक्रोन स्वरूप के संक्रमण का मामला आने के बाद संक्रमित जहां-जहां गया था, वहां के 13 हजार से अधिक लोगों की जांच की गई है। वही संक्रमित जिस अपार्टमेंट में रहता है और जहां पर उसका कार्यालय है, उन इमारतों को सील कर दिया गया है। सरकारी मीडिया के मुताबिक संक्रमित व्यक्ति राजधानी के पश्चिमोत्तर जिले हैदियान में रहता और कार्य करता है। वह पिछले दो सप्ताह में बीजिंग से बाहर कही नही गया है।सरकारी मीडिया ने सोमवार को बताया कि करीब दो करोड़ आबादी वाली राजधानी में सख्त यात्रा प्रतिबंध पर विचार किया जा रहा है। तियानजिन से आवाजाही को पहले ही बंद कर दिया गया है, अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की संख्या कम कर दी गई है और घरेलू यात्री बीजिंग होकर दूसरे स्थान पर जा रहे है तो उन्हें रोका जा रहा है। मीडिया ने बताया कि बीजिंग में सोमवार को संक्रमण का कोई मामला नही आया। वैसे, पड़ोसी तियानजिन में गत 24 घंटे के दौरान कोविड-19 के 80 नए मामले आए है। उल्लेखनीय है कि चीनी नववर्ष के उत्सव के कुछ दिनों बाद ही चार फरवरी को ओलंपिक खेलों की शुरुआत होनी है। इसके मद्देनजर खिलाड़ियों, अधिकारियों, कर्मचरियों और पत्रकारों को क्लोज लूप बब्बल में बिना बाहरी संपर्क के रहना होगा और रोजाना उनकी जांच की जाएगी।

### नेपाल ने अफगानिस्तान के लिए 14 टन मानवीय सहायता दान की

**काठमांडू।** नेपाल ने रविवार को अफगानिस्तान की मदद के लिए करीब 14 टन मानवीय सहायता वहां कार्य कर रहे संयुक्त राष्ट्र के प्रतिनिधियों को सौपी। नेपाल के आधुनिक इतिहास में यह पहली बार है जब उसने किसी दूसरे देश को मदद भेजी है। विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव सेवा लामसाल के नेतृत्व में टीम काबुल गई और वहां पर खाद्य सामग्री के अलावा 14 टन राहत सामग्री सौपी। मंत्रालय ने बताया कि विदेश मंत्री मंत्री नारायण खडका ने सद्भावना पहल के तहत इस प्रयास का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा, आर्थिक संकट और कठोर मौसम का सामना कर रहे अफगानिस्तान के लिए मानवीय सहायता और अफगानिस्तान के लोगों के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय का समर्थन आवश्यक हो गया है। यहां त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से बातचीत में खडका ने कहा कि नेपाल के आधुनिक इतिहास में यह पहली बार है जब सरकार ने दूसरे देश को अपने स्तर पर मानवीय सहायता पहुंचाई है।उल्लेखनीय है कि नेपाल की इस पहल में कन्फेडरेशन ऑफ नेपालीज इंडस्ट्रीज, फेडरेशन ऑफ नेपलीज चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंस्ट्री, नेपाल चेम्बर ऑफ कॉमर्स, अग्रवाल सेवा केंद्र, हिमालय एयरलाइन सहित निजी निकायों, संगठनों और लोगों ने मदद की है।अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने भी अफगानिस्तान की मानवीय सहायता के लिए 1.2 अरब डॉलर देने का वादा किया है। वही, संयुक्त राष्ट्र ने देश में सुचारु मानवीय सहायता सुनिश्चित करने के लिए तालिबान को प्रक्रिया में शामिल करने के महत्व को रेखांकित किया है।गौरतलब है कि पिछले साल अगस्त में अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद से देश की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है।

### इमरान खान ने इस्लामोफोबिया के खिलाफ पुतिन के कड़े बयान की प्रशंसा की

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने सोमवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात की और दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग के साथ-साथ क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विचार साझा किए। पाकिस्तानी विदेश कार्यालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक, बातचीत के दौरान खान ने पुतिन के उस कड़े बयान की प्रशंसा की, जिसमें रूसी राष्ट्रपति ने कहा था कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की आड़ में पैगंबर को अपशब्द नही कहे जा सकते। पुतिन के साथ फोन पर हुई बातचीत में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन में लगातार इस्लामोफोबिया और इससे संबंधित घृणा के संबंध में वृद्धि का उल्लेख किया है। साथ ही इसके गंभीर प्रभावों की ओर भी इशारा किया है। बयान के मुताबिक, खान ने राष्ट्रपति पुतिन के उस बयान की प्रशंसा की कि पवित्र पैगंबर मोहम्मद के अपमान करने को कलात्मक स्वतंत्रता की अभिव्यक्ति के रूप में नही देखा जा सकता। खान ने कहा, वह (पुतिन) ऐसे पहले पश्चिमी नेता है, जिन्होंने प्रिय पैगंबर के लिए मुसलमानों की भावनाओं के प्रति सहानुभूति और संवेदनशीलता दिखाई है। खान ने कहा कि उनकी पाकिस्तान और रूस के बीच व्यापार और अन्य पारस्परिक हित वाले बिदुओं पर आगे बढ़ने के तौर-तरीकों पर भी चर्चा हुई और दोनों ने एक-दूसरे को अपने-अपने देशों का दौरा करने के लिए आमंत्रित किया।

# टेक्सास उपासना स्थल बंधक गतिरोध मामले में दो किशोर हिरासत में

भाषा। लंदन



**ब्रिटेन** में पुलिस ने सोमवार को बताया कि अमेरिका के टेक्सास में यहूदियों के एक उपासना स्थल में लोगों को बंधक बनाने की घटना की जांच के सिलसिले में दो किशोरों से पूछताछ की जा रही है। इस बंधक कांड का पटाक्षेप बंधक बनाने वाले ब्रिटिश नागरिक मलिक फैसल अकरम की मौत के साथ हुआ।

ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस ने पुष्टि की है कि संदिग्ध जिसे कोलीविले में बेथ इजराइल सिनोगॉग में उत्पन्न गतिरोध के दौरान एफबीआई ने गोली मारी थी उसका नाम अकरम है और वह मूल रूप से उत्तर पश्चिम इंग्लैंड में लैंकशायर के ब्लैकबर्न का रहने वाला था। वह पाकिस्तानी न्यूरो साइंटिस्ट आफिया सिद्दीकी की रिहाई की मांग करते हुए सुना गया, जिसे अफगानिस्तान में अमेरिकी सेना के अधिकारियों को मारने की कोशिश करने का दोषी ठहराया गया था और वह टेक्सास के फोर्ट वर्थ में 86 साल की सजा काट रही है। इंग्लैंड के उत्तर पश्चिम में आतंकवाद रोधी पुलिस के सहायक प्रमुख कांस्टेबल डोमिनिक स्कैली ने बताया, हम पुष्टि करते हैं कि संदिग्ध जो मारा गया वह 44 वर्षीय मलिक फैसल अकरम है और वह मूल रूप से लैंकशायर के ब्लैकबर्न का रहने वाला था। उन्होंने कहा, मैं यह भी पुष्टि कर सकता हूं कि उत्तर पश्चिम आतंकवाद रोधी पुलिस अमेरिकी अधिकारियों के नेतृत्व में हो रही जांच में सहयोग कर रही है। पुलिस बल यहूदी सहित अपने स्थानीय समुदायों से संपर्क जारी रखेगा और उनके विश्वास को बनाए रखने के लिए जरूरी कदम उठाएगा। मामले में दोनों किशोरों को दक्षिण मैनचेस्टर से रविवार शाम को हिरासत में लिया गया लेकिन कानूनी कारणों से उनके नामों का खुलासा नहीं किया गया है।हालांकि उन्होंने कहा, वे पूछताछ के लिए अब भी हिरासत में हैं। स्कॉटलैंड यार्ड ने भी पुष्टि की है कि आतंकवाद रोधी अधिकारी, अमेरिकी अधिकारियों और एफबीआई के संपर्क में हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इस घटना को आतंकवादी कृत्य बताया। हमले के बाद ब्रिटेन ने भी घटना की निंदा की है।ब्रिटेन की विदेशमंत्री लिज ट्रस ने ट्वीट किया, मेरी संवेदनाएं यहूदी समुदाय और उन लोगों के प्रति है जो टेक्सास की भयावह घटना से प्रभावित हुए। उन्होंने कहा, हम इस आतंकवादी और यहूदी विरोधी घटना की निंदा करते हैं। हम अपने नागरिकों के अधिकारों और आजादी की रक्षा करने और घृणा फैलाने वालों के खिलाफ अमेरिका के साथ खड़े हैं। खबरों के अनुसार, अकरम दो सप्ताह पहले न्यूयॉर्क के जेकेएफ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से होकर अमेरिका पहुंचा था।अकरम के भाई गुलबर ने ब्लैकबर्न मुस्लिम कम्युनिटी फेसबुक पेज पर एक बयान में उसकी मौत की पुष्टि की। उसने पीडितों से माफी मांगी और कहा कि उसका भाई मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित था। गौरतलब है कि अकरम ने अमेरिका के टेक्सास के एक सिनेगॉग में रब्बी सहित चार लोगों को शनिवार स्थानीय समयानुसार सुबह 11 बजे बंधक बना लिया था। घंटों के गतिरोध के बाद इन लोगों को तब रिहा कराया गया जब एफबीआई की स्वाट टीम रात नौ बजे इमारत में पहुंची और संदिग्ध को मार गिराया। सुरक्षाबलों की गोलीबारी में मारे गए संदिग्ध की पहचान ब्रितानी नागरिक मलिक फैसल अकरम (44) के रूप में हुई। खबरों के मुताबिक अकरम के पास से कोई विस्फोटक नहीं मिला है और उसके आपराधिक इतिहास के अब तक संकेत नहीं मिले हैं।

# उत्तर कोरिया ने इस महीने में चौथी बार संदिग्ध मिसाइलों का प्रक्षेपण किया

एपी। सियोल

**दक्षिण कोरिया** की सेना ने कहा कि अमेरिका के साथ ठप पड़े कूटनीति संबंधों और वैश्विक महामारी के मद्देनजर सीमा बंद होने के बीच अपनी सेना की ताकत प्रदर्शित करने के एकमात्र लक्ष्य के साथ उत्तर कोरिया ने सोमवार को दो संदिग्ध बैलिस्टिक मिसाइलें समुद्र में दागीं। इस महीने उसके द्वारा किया गया यह चौथा प्रक्षेपण है।

दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने कहा कि उत्तर कोरिया ने दो कम दूरी वाली बैलिस्टिक मिसाइलें सुनान में एक स्थान से दागीं, लेकिन मिसाइल कितनी दूर जाकर गिरी इसकी तत्काल कोई जानकारी नहीं दी। सुनान में प्योंगयांग का अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा है। अमेरिकी हिंद–प्रशांत कमान ने कहा कि मिसाइलों ने अमेरिकी कर्मियों, क्षेत्र या उसके सहयोगियों के लिए तत्काल कोई खतरा उत्पन्न नहीं किया, लेकिन उत्तर कोरिया के अवैध हथियार कार्यक्रम के अस्थिर प्रभाव को रेखांकित किया है।जापान के रक्षा मंत्री नोबुओ किशी ने कहा कि मिसाइलें जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र के बाहर गिरीं। वहीं, मुख्य कैबिनेट सचिव हिरोकाजु मात्सुनो ने इसे शांति के लिए खतरा बताते हुए उत्तर कोरिया के इन कृत्यों की निंदा की।दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति मून जे–इन ने अधिकारियों को कोरियाई प्रायद्वीप पर स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए अत्यधिक प्रयास करने का निर्देश दिया। संयुक्त अरब अमीरात के दौर पर गए इन के कार्यालय ने यह जानकारी दी।राष्ट्रपति इन की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने प्योंगयांग के साथ परमाणु कूटनीति को बहाल करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। यह प्रक्षेपण उत्तर कोरिया द्वारा पांच जनवरी और 11 जनवरी को एक कथित हाइपरसोनिक मिसाइल के उड़ान परीक्षण और शुक्रवार को एक ट्रेन से बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किए जाने के बाद किया गया। इसे पिछले सप्ताह अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन द्वारा उसके निरंतर प्रक्षेपण के खिलाफ लगाए नए प्रतिबंधों का एक स्पष्ट प्रतिशोध माना जा सकता है। उत्तर कोरिया ने हाल के महीनों में क्षेत्र में कई नई मिसाइलों का परीक्षण किया है। कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग–उन रियायतें पाने के लिए बातचीत से पहले अपने पड़ोसियों तथा अमेरिका पर मिसाइल प्रक्षेपण और अन्य खतरों के माध्यम से दबाव डालने की कोशिश कर रहे हैं। उत्तर कोरिया के ताजा मिसाइल परीक्षणों के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन प्रशासन ने पिछले सप्ताह एशियाई देश के पांच अधिकारियों पर कई प्रतिबंध लगा दिए थे। वहीं, उत्तर कोरिया ने इस कार्वाई के बाद प्रशासन पर निशाना साधते हुए चेतावनी दी थी कि अगर अमेरिका अपने टकराव वाले रुख पर कायम रहता है, तो उसके खिलाफ कड़ी एवं स्पष्ट कार्वाई की जाएगी।

# रूस ने यूक्रेन पर आक्रमण करने के बहाने तलाशने के आरोप से किया इनकार

**मॉस्को (एपी)।** रूस के शीर्ष राजनयिक ने अमेरिका के उस आरोप को नाराजगी भरे लहजे में खारिज कर दिया कि वह (रूस) यूक्रेन पर आक्रमण करने का बहाना ढूंढ रहा है। दरअसल, यूक्रेन की सीमा के पास रूसी सैनिकों का जमावड़ा पहले से था और सोमवार को वहां जोरदार सैन्य अभ्यास शुरू किया गया है। व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को कहा था कि अमेरिकी खुफिया अधिकारियों ने निष्कर्ष निकाला है कि रूस ने विद्रोहियों के नियंत्रण वाले पूर्वी यूक्रेन में पहले से ही वहां तोड़फोड़ की कार्वाई करने के लिए गुर्गों को तैनात कर दिया है और संभावित आक्रमण के लिए बहाना ढूंढ रहा है।

रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में अमेरिका के दावे को मुकम्मल दुष्प्रचार कहकर खारिज कर दिया। उन्होंने दोहराया कि रूस इस सप्ताह अमेरिका और उसके सहयोगियों से अपने उस बाध्यकारी गारंटी के अनुरोध पर लिखित प्रतिक्रिया की उम्मीद करता है कि नाटो यूक्रेन या किसी अन्य पूर्व–सोवियत राष्ट्रों को गले नहीं लगाएगा, या वहां अपनी सेना और हथियार तैनात नहीं करेगा। वाशिंगटन और उसके सहयोगियों ने पिछले हफ्ते जिनेवा में रूस–अमेरिका की वार्ता और ब्रुसेल्स में संबंधित नाटो–रूस की बैठक के दौरान मास्को की मांगों को दृढ़ता से खारिज कर दिया था। यूक्रेन की सीमा के निकट टैंक और अन्य भारी हथियारों के साथ अनुमानित 100,000 रूसी सैनिकों के जमावड़े की खबर है, और पश्चिमी देशों को आशंका है कि यूक्रेन पर हमला करने का यह रूस का उपक्रम हो सकता है। सोमवार को, रूसी सेना ने देश के पश्चिमी भाग में तैनात बख्तरबंद इकाइयों को शामिल करते हुए एक और युद्धाभ्यास शुरू करने की घोषणा की, जिसमें 300 लड़ाकू वाहन शामिल हैं। अमेरिकी सीनेटरों का एक प्रतिनिधिमंडल यूक्रेन के मामले में अमेरिकी समर्थन पर जोर देने के लिए उस देश का दौरा कर रहा है। कीव की यात्रा को लेकर सोमवार को जर्मन विदेश मंत्री एनालेना बारबॉक ने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार से आगे बढ़ने पर रूसी शासन को आर्थिक, राजनीतिक और सामरिक सभी प्रकार से उच्च कीमत चुकानी होगी। उन्होंने वार्ता जारी रखने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा, हम रूस के साथ गंभीर बातचीत के लिए तैयार हैं, क्योंकि कूटनीति ही इस बेहद खतरनाक स्थिति से निपटने का एकमात्र तरीका है।

## इंडोनेशियाई अधिकारियों ने कोविड को लेकर इजराइल की दुर्लभ यात्रा की

**यरूशलम।** इंडोनेशियाई अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने इजराइल के साथ राजनयिक संबंध नहीं होने के बावजूद हाल ही में वहां की दुर्लभ यात्रा की। यह यात्रा कोरोना वायरस संबंधी रणनीतियों पर चर्चा करने के लिए थी। इजराइल के सैन्य रेडियो ने यह जानकारी दी। रिपोर्ट में हालांकि यह नहीं बताया गया कि यह यात्रा कब हुई। इंडोनेशियाई स्वास्थ्य अधिकारियों की यात्रा का मकसद कोरोना वायरस महामारी से निपटने के तरीके सीखना था। इजराइल के विदेश मंत्रालय ने रिपोर्ट की पुष्टि नहीं की है लेकिन उसने कहा कि इज़राइल कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई में हर तरह से अंतरराष्ट्रीय सहयोग में भरोसा करता है और अपनी जानकारी और अनुभव साझा करने को तैयार है। दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंध नहीं हैं, लेकिन वर्षों से आधिकारिक संबंध स्थापित करने के लिए अनौपचारिक प्रयास होते रहे हैं।

# कोविड-19: फिलीपीन में सार्वजनिक वाहनों का इस्तेमाल करने के लिए पूर्ण टीकाकरण अनिवार्य

**मनीला।** फिलीपीन के राजधानी क्षेत्र में कोविड–19 के खिलाफ जिन लोगों का पूर्ण टीकाकरण नहीं हुआ है, उन्हें सोमवार से राजधानी क्षेत्र में सार्वजनिक वाहनों का इस्तेमाल नहीं करने दिया जाएगा। इस फैसले का श्रम तथा मानवाधिकार समूहों ने विरोध किया है। फिलीपीन का टीकाकरण अभियान लोगों के टीके लगवाने को लेकर झिझकने के कारण प्रभावित हुआ है, जबकि कोरोना वायरस के अत्यधिक संक्रामक ओमीक्रोन स्वरूप के कारण हाल ही में संक्रमण के मामले बढ़ने के कारण परेशानी और बढ़ गई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, देश में शनिवार को कोविड–19 के सर्वाधिक 39 हजार से अधिक दैनिक मामले सामने आए थे। परिवहन विभाग की नो वैक्स, नो राइड नीति के तहत, जिन लोगों का पूर्ण टीकाकरण नहीं हुआ है, उन्हें महानगर मनीला से और उसके भीतर सार्वजनिक जीप, टैक्सी, बस, समुद्री घाट और वाणिज्यिक विमानों की सवारी करने की अनुमति नहीं दी जाएगी, जब तक कि वे इस बात का सबूत नहीं दिखाते हैं कि वे आवश्यक काम से जा रहे हैं या चिकित्सकीय कारणों के चलते



उन्होंने टीके नहीं लगवाए हैं। प्रतिबंध कम से कम जनवरी के अंत तक लागू रहेंगे। फिलीपीन के राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते ने आगाह किया है की बिना टीकाकरण वाले लोग अगर सामुदायिक संक्रमण को कम करने के लिए घर पर रहने के आदेशों की अवहेलना करते हैं, तो उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है।

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती रेखा देवी पत्नी श्री देव दत्त सिंह ने महेश वाटिका खुर्जा (चुंगी से बाहर), परगना और तहसील : खुर्जा, जिला : बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश में स्थित एक निर्मित घर, एरिया परिमाप 42 वर्ग मीटर यानी 50 वर्ग गज, खेत नंबर 979/4, में से है, पंजीकृत बिक्री विलेख दिनांक 29.10.2021 के आधार पर मालिक हैं सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता हैं कि श्रीमती रेखा देवी पत्नी श्री देव दत्त सिंह ने बंधक ऋण लेने के लिए सत्या माइक्रोकैपिटल लिमिटेड से सम्पर्क किया है और उन्होने सत्या माइक्रोकैपिटल लिमिटेड को सूचित किया है कि बिक्री विलेख दिनांक 08.03.2010 (दस्तावेज नंबर 3002) श्री अजय पाल सिंह पुत्र श्री ईश्वरी सिंह के पक्ष में है जो कहीं खो गया है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।

श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
यूनिट नंबर 7, बेसमेंट, प्लॉट नंबर सी 78,
सेक्टर 2, नोएडा, यूपी 201301
ईमेल: sgassociatespl@gmail.com
फोन : 7011172764, 8130200837

## टीका नही तो नही जा सकेंगे कैफे, रेस्तरां: फ्रांस का नया वायरस कानून

**पेरिस।** फ्रांस की संसद ने रविवार को एक कानून को मंजूरी दी जिसमें टीकाकरण नहीं करवाने वाले लोगों के रेस्तरां, खेल स्टेडियमों और ऐसे ही अन्य स्थानों में प्रवेश पर पाबंदी होगी। ऐसा बेहद संक्रामक ओमीक्रोन स्वरूप के कारण रिकॉर्ड संख्या में दर्ज किए जा रहे संक्रमण के मामलों के बीच अस्पतालों को सुरक्षित रखने के सरकार के प्रयासों के तहत किया गया है। नेशनल असेंबली ने विधेयक के पक्ष में 215 मत डालकर कानून को स्वीकार किया। मध्यमार्गी राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों ने विधेयक को तेजी से पारित कराने की कोशिश की थी लेकिन दक्षिणपंथी और वामपंथी सांसदों के विरोध के चलते और सैकड़ों प्रस्तावित संशोधनों के कारण से इसमें थोड़ी देरी हुई। फ्रांस के 91 प्रतिशत वयस्कों का टीकाकरण पहले से पूरा हो चुका है, और कुछ आलोचकों ने सवाल किया है कि क्या वैक्सीन पास से बहुत फर्क पड़ेगा।



अबू धाबी के प्लैनेट लैब्स पीबीसी द्वारा एक उपग्रह तस्वीर में, अबू धाबी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को 8 दिसंबर, 2021 को ऐसा देखा गया था

## बरसों बाद सऊदी अरब पहुंचे ईरानी राजनयिक

**तेहरान।** इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) में ईरान का प्रतिनिधित्व करने के लिए तीन ईरानी राजनयिक सऊदी अरब पहुंचे हैं। ईरान के सरकारी टेलीविजन चैनल ने सोमवार को यह जानकारी दी। खबर में कहा गया है कि राजनयिक वहां कई दिन पहले पहुंचे हैं। सऊदी अरब 2016 के बाद से पहली बार ईरानी राजनयिकों की अगवानी कर रहा है। यही वह समय था जब ईरानी कट्टरपंथियों द्वारा यहां सऊदी राजनयिक मिशनों पर हमला किए जाने के बाद सऊदी अरब ने इस इस्लामिक गणराज्य के साथ अपने संबंध खत्म कर लिए थे। यह घटनाक्रम संबंधों में सुधार और ईरान एवं सऊदी अरब के बीच राजनयिकों के आवागमन की संभावना को दर्शाता है।

# प्रथम महिला के तौर पर अनेक विपदाओं से जूझते देश को सेहतमंद बनाने का काम उनके लिए प्रमुख: जिल बाइडन

एपी। लास वेगास

**अमेरिका की** प्रथम महिला नागरिक जिल बाइडन ने कहा कि महामारी, प्राकृतिक और अन्य आपदाओं तथा गहरे राजनीतिक ध्रुवीकरण से प्रभावित उनके देश को खुशहाल बनाना उनके प्राथमिक कार्यों में से एक है। राष्ट्रपति जो बाइडन की टीम की अहम सदस्य रहीं जिल ने द एसोसिएटिड प्रेस से कहा कि उन्होंने खुद को एक ऐसी भूमिका निभाते हुए पाया जिसकी उन्होंने उम्मीद नहीं की थी। जिल के अनुसार उनकी भूमिका मरहम लगाने या उपचार करने जैसी है क्योंकि हमने एक राष्ट्र के रूप में बहुत कुछ झेला है। बाइडन दंपती ने कोलोराडो के लुइसविले में उन परिवारों को मिलकर सांत्वना दी जिनके घर दिसंबर के अंत में जंगल में लगी आग के कारण तबाह हो गए थे। इसके एक दिन बाद जिल ने लास वेगास के एक होटल में यह साक्षात्कार दिया।जिल राजधानी वाशिंगटन में होने वाली उथल–पुथल से दूर रहती हैं और इससे उन्हें अपने पति के प्रशासन और देश भर के समुदायों के बीच एक राजदूत के रूप में सेवा करने का मौका मिलता है, भले ही उनका राजनीतिक झुकाव कुछ भी हो।

## बाइडन दंपति ने खाद्य बैंक के दौरे पर पैक किए खाने के डिब्बे

**फिलाडेल्फिया (एपी)।** राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन ने रविवार को मार्टिन लूथर किंग जूनियर दिवस पर सेवा के हिस्से के रूप में एक खाद्य बैंक पर भूखे लोगों को दिए जाने वाले खाने के डिब्बों को अपने हाथों से पैक किया और स्वयंसेवियों से बात की। दंपति डेलावरे, विलमिंगटन से अपने घर से आधे घंटे का सफर तय कर फिलाअबुंडेंस पहुंचे। यह भूख राहत से जुड़ा संगठन है जो पेनसिल्वेनिया और दक्षिणी न्यू जर्सी में एक हफ्ते में करीब।,40,000 लोगों का पेट भरता है। दान किए जाने वाले खाने के डिब्बों में मसाले, फल, सब्जियां, नूडल्स, चाय और जूस के डिब्बे और पीनट बटर और चने थे। सेवा का पारंपरिक दिन सोमवार की छुट्टी पर आयोजित होता है, लेकिन इस क्षेत्र में सर्द तूफान आने का अनुमान था और इसलिए इस क्षेत्र के आसपास होने वाले कार्यक्रमों को पुनर्निर्धारित किया गया। गोदाम के अंदर जाने से पहले, जहां कन्वेयर बेल्ट दान किए गए भोजन से भरे डिब्बे ले जाते है, बाइडन ने कहा कि चाइल्ड टैक्स क्रेडिट (कर छूट) को नवीनीकृत करने की आवश्यकता है।

**गुमशुदा/अपहृत की तलाश**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लडकी जिसका नाम **वंदना पुत्री संदीप मान** निवासी 1464, अनूप प्रधान वाली गली, गांव अलीपुर, दिल्ली जो थाना : अलीपुर, दिल्ली क्षेत्र से दिनांक 20.11.2021 से लापता/अपहृत है। इस बाबत **FIR No. 931/21 दिनांक : 21.11.2021 थाना : अलीपुर, दिल्ली** में दर्ज है। इस लडकी का शारीरिक ब्यौरा इस प्रकार है:



वंदना

**उम्र** : 17 वर्ष, **रंग** : साफ, **कद** : 5', **चेहरा** : गोल, **शरीर** : पतला, **पहनावा** : आसमानी रंग का स्वेटर, काले रंग की पैन्ट और भूरे रंग की चप्पल पहने है। स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लडकी का कोई सुराग नही मिल पाया है। अगर किसी व्यक्ति को इस लडकी के बारे में कोई जानकारी मिले तो थाना : अलीपुर, दिल्ली, निम्नलिखित नं. व ई–मेल: cic@cbi.gov.in और वेबसाइट: http://cbi.nic.in पर सूचित करें।

फोन : 011-24368638, 24368641
फैक्स नं.: 011-24368639

हस्ता/- थानाध्यक्ष
थाना : अलीपुर, दिल्ली
फोन : 011-27202265

DP/1467/ON/2021

## टॉकटाइम

### संजय मिश्रा

*जो वाह जिंदगी, मसान, आंखों देखी जैसी फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए प्रसिद्धि पाने वाले अभिनेता हैं - अब दिनेश यादव की टर्टल में दिखाई देंगे, जो 21 जनवरी को सुबह 9 बजे और जी सिनेमा एचडी पर रात 8 बजे प्रसारित होगी। सुप्रिया रमेश के साथ बातचीत में फिल्म के अलावा अन्य बातों की चर्चा कर रहे हैं*

# मैं नहीं चाहता कि मेरा काम हवा जैसा हो जो आई और चली गई



**■ टर्टल किस बारे में है?**

इसमें जल संकट की चर्चा है। हम दर्शकों को दिखाना चाहते थे कि आने वाले वर्षों में एक बहुत बड़ा जल संकट हमारा इंतजार कर रहा है। कुछ जगहों पर इसकी शुरुआत भी हो चुकी है, पानी की किल्लत है. हमें पानी के मूल्य को समझने की जरूरत है क्योंकि यह आसानी से उपलब्ध है लेकिन इसकी अहमियत आसानी से समझ नहीं आती। पानी कई रूपों में बिकता है लेकिन हमें इसे हल्के में नहीं लेना चाहिए। मैंने जलवायु परिवर्तन और जल संकट पर दो फिल्में की हैं, कड़वी हवा और टर्टल।

**■ फिल्म में आपकी क्या भूमिका है?**

अशोक चौधरी मेरे निर्माता हैं और यह उनके दादा की कहानी है। वह एक ईमानदार व्यक्ति थे और अपने गांव के मसलों को दृढ़ता से उठाया करते थे और पानी की आपूर्ति लाकर इसे हल करने के लिए पहल करते थे। किरदार दादा है। कहानी तैयार होने से पहले ही दादाजी की अहम भूमिका तय हो गई थी। अशोक जी ने मुझे अपने दादा का कुर्ता भी पहनने के लिए दिया था।

**■ आपने भूमिका के लिए किस वजह से हां कही?**

गुठली और कड़वी हवा जैसी फिल्में करने के बाद, मैंने एक अभिनेता के रूप में आत्म-संतुष्ट महसूस की। अंततोगत्वा, समाज को एक संदेश भेजना मेरी जिम्मेदारी है। मैं चाहता हूं कि लोग मेरा काम देखें और कहें कि मैं एक ऐसा अभिनेता था जिसे हास्य भूमिकाएं पसंद थीं और फिर, जब गंभीर काम करने की बात आती है, तो मैंने उसे दावेदारी के साथ किया और इस प्रक्रिया में एक या दो सबक सिखाये। यही इस फिल्म को करने का मेरा मुख्य मकसद था। मैं बहुत खुशकिस्मत हूं कि मैं इस तरह के शानदार प्रोजेक्ट करने में सक्षम हूं और लोग वास्तव में मेरी भूमिका को ध्यान में रखते हुए कहानियां लिखते हैं।

> मैं चाहता हूं कि लोग मेरा काम देखें और कहें कि मैं एक ऐसा अभिनेता था जिसे हास्य भूमिकाएं पसंद थीं और फिर, जब गंभीर काम करने की बात आती है, तो मैंने उसे दावेदारी के साथ किया और इस प्रक्रिया में एक या दो सबक सिखाये। यही इस फिल्म को करने का मेरा मुख्य मकसद था।

**■ क्या दर्शक इस दौर में फिल्म से जुड़ सकते हैं?**

जो दर्शक पानी पीते हैं, वे इस फिल्म से रिलेट कर सकते हैं। यह एक मां द्वारा अपने बच्चों को प्रतिदिन ठीक से पानी पीने के लिए कहने से लेकर अपने बच्चों से रोजमर्रा पूछने की चर्चा करेगी, ''आपकी इतनी पानी पीने की हिम्मत कैसे हुई, क्या आप नहीं जानते कि हम इसे बर्दाश्त नहीं कर सकते?'' मुझे लगता है कि यह एक ऐसा मुद्दा है जो सिर्फ भारत ही नहीं, हर जगह प्रचलित है। इस फिल्म से हर कोई रिलेट कर सकता है।

**■ आप हास्य भूमिकाओं के लिए जाने जाते हैं। क्या वह आपकी पसंदीदा शैली है?**

हां! क्यों नहीं? लोग मुझे कॉमेडियन रोल में पसंद करते हैं। मैं इसे दूसरे स्तर पर पसंद करता हूं और मैं अभी भी उन्हें कर रहा हूं। मैं इसमें बहुत ज्यादा लीन रहता हूं। यहां तक कि रोहित शेट्टी की आने वाली फिल्म सर्कस और अनीस बज्मी की भूल भुलैया भी कॉमेडी फिल्में हैं। ये सभी फिल्में हमेशा दो अलग-अलग तरह के दर्शकों के साथ होंगी लेकिन मुझे बहुत खुशी है कि वे मेरे काम की सराहना कर रहे हैं।

**■ अब तक क्या चुनौतियां रही हैं?**

मेरे लिए एक बड़ी चुनौती यह सोचने की थी कि क्या मेरा काम उल्लेख करने के लायक होगा। मैं नहीं चाहता कि मेरा काम उस हवा की तरह हो जो आई और चली गई। किसी प्रोजेक्ट में मेरी उपस्थिति कितनी भी छोटी क्यों न हो, मेरे मन में यह विचार आता है कि क्या मेरा प्रदर्शन यादगार था? यह मेरे लिए और मेरे द्वारा निभाए गए किरदारों के लिए एक चुनौती है। मुझे पता है कि मुझे अपना काम कैसे करना है, लेकिन मैं चाहता हूं कि यह मंत्रमुग्ध करने वाला हो।

**■ वो एक भूमिका क्या है जिसे आप हमेशा संजो कर रखेंगे?**

जैसे फिल्म बन जाती है या रिलीज होने के बाद, मैं यह सुनिश्चित करता हूं कि मैं फिल्म के सेट का आनंद लूं। मैं हमेशा सोचता हूं कि मेरी वर्तमान फिल्म या मेरी अगली फिल्म मेरी पसंदीदा होगी। वरना, मुझे कामयाब में अपनी भूमिका पसंद है और मैं अपने अन्य प्रोजेक्ट्स की तुलना में उस फिल्म से अधिक जुड़ता हूं।

## यह सब कुछ ड्रामा है



### जिद्दी दिल माने ना

**सोनी सब**

**कलाकार: शालीन मल्होत्रा, कावेरी प्रियम, कुणाल करण कपूर, दिलजोत छाबड़ा, आदित्य देशमुख और सिंपल कौल**

यह एक रोमांस से प्रेरित, युवा शो है जो कुछ किरदारों के इर्द-गिर्द घूमेगा - प्रशिक्षित और नागरिक स्वयंसेवकों की एक युवा टीम, जो कैम्प में टिके रहने और फिट होने का तरीका तलाशते हुए अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने हेतु पराक्रम एसएएफ( स्पेशल एक्शन फोर्स) बेसकैम्प में मिलती है।

### भाभीजी घर पर है

**एंड टीवी**

**कलाकार: शुभांगी अत्रे, रोहिताश गौड़, नेहा पेंडसे और आसिफ शेख**

यह कॉमेडी शो दो पड़ोसी जोड़ों, मिश्रा और तिवारी के इर्द-गिर्द घूमता है, जिसमें पति एक-दूसरे की पत्नियों के प्रति आकर्षित होते हैं और उन्हें प्रभावित करने के लिए कई तरह की असफल और प्रफुल्लित करने वाली तकनीकें आजमाने का प्रयास करते हैं।





### अनुपमा

**स्टार प्लस**

**कलाकार: रूपाली गांगुली, सुधांशु पांडे, गौरव खन्ना, मदालसा शर्मा और पारस कलानावत**

अनुपमा, जो अपने परिवार की परवरिश करने के लिए अपनी महत्वाकांक्षाओं और लक्ष्यों से दूर हो जाती है, जब वह अपने बलिदानों और परीक्षाओं का कोई श्रेय पाने में विफल रहती है, तो वह निराश महसूस करती है। फिर वह अपनी शर्तों पर जीने का फैसला करती है।

### वागले की दुनिया

**सोनी सब**

**कलाकार: सुमीत राघवन, परिवा प्रणति, अंजन श्रीवास्तव और भारती आचरेकर**

राजेश वागले के बारे में एक गर्मजोश और जीवंत कहानी है - एक साधारण, मध्यम वर्गीय पारिवारिक व्यक्ति , जो अपने और अपने परिवार के लिए बेहतर जीवन शैली की इच्छा रखता है, फिर भी जोखिम लेने और समय के साथ आगे बढ़ने में संकोच करता है। वागले की दुनिया आज के मध्यम वर्ग की आकांक्षाओं, नए जमाने की कहानियों व दुविधाओं का हास्य और सकारात्मकता के साथ उत्सव मनाती है। यह शो इस बात पर जोर देता है कि पारिवारिक मूल्य और एकजुटता एक कालातीत गुण है और विशेष रूप से ऐसे कठिन समय में अपने प्रियजनों के महत्व को सामने लाती है।





### बाल शिव

**एंड टीवी**

**कलाकार : आन तिवारी, मौली गांगुली, सिद्धार्थ अरोड़ा, शिव्या पठानिया, कृप कपूर सूरी, प्रणीत भट्ट व अन्य**

महादेव की अनदेखी गाथा जहां भगवान शिव और उनके विभिन्न रूपों पर कई आकर्षक शो हुए हैं, वहीं एक कहानी - जो भारतीय टेलीविजन पर पहले नहीं दिखाई गई है - वो है उनके बाल रूप की कहानी। महादेव की अनदेखी गाथा के रूप में उपयुक्त रूप से अवस्थित, शो बाल शिव मां और पुत्र, महासती अनुसूया और बाल शिव और उनके शाश्वत बंधन की पौराणिक कथा को दर्शाता है। अनंत और अजन्मा माने जाने वाले भगवान शिव ने कई अवतार लिए थे, लेकिन उन्होंने कभी बचपन और मां के प्यार का अनुभव नहीं किया था। हालांकि, देवी पार्वती के साथ विवाह के बाद, महादेव देवी पार्वती की इच्छा को पूरा करने के लिए एक बच्चे का रूप धारण करते हैं और महासती अनुसूया के कर्तव्यपरायण पुत्र बन जाते हैं।

# ऑनलाइन डेटिंग का प्रचलन

### महामारी के हमारे नियमित जीवन का लगभग एक हिस्सा बनने के साथ, क्या लोग वर्चुअल स्पेस में स्थायी बदलाव करेंगे?

चिकित्सा संबंधी चिंताओं के अलावा, जो महामारी ने लाखों लोगों को प्रस्तुत की, वहां अकेलेपन और भय की अत्यधिक भावना भी थी जिसने मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं में योगदान दिया। मनुष्य सामाजिक प्राणी हैं, इसलिए यह स्वाभाविक है कि वे दूसरों से जुड़ना चाहते हैं और सार्थक बंधन विकसित करना चाहते हैं। वास्तव में, 21-30 आयु वर्ग में, 90 प्रतिशत पुरुषों और 78 प्रतिशत महिलाओं ने इस कठिन समय के दौरान बाहर निकलने की तीव्र इच्छा दिखाई।

**बाहर निकलने और नए लोगों से मिलने की उत्सुकता**

18-21 आयु वर्ग के हर तीन पुरुषों में से दो का मानना है कि वे बाहर जाने और दिलचस्प लोगों से मिलने के लिए बाध्य हैं; उनका मानना है कि अब उनके पास कोई विकल्प नहीं है। इसके बजाय, उन्हें सचेत रखना नितांत आवश्यक है।

क्वैकक्वाक के सीईओ रवि मित्तल के अनुसार, महामारी ने घर में रहने के मानकों



से उत्पन्न होने वाली पीड़ादायक अलगाव की वैश्विक भावना पैदा की है। ''लोगों में, विशेष रूप से युवा लोगों में, नियमित आचरण पर लौटने की लालसा पहले से कहीं अधिक प्रबल है। वे पिछले 18 महीनों से अपनी स्क्रीन से चिपके हुए हैं और अब इसे और नहीं ले सकते।''

**वीडियो कॉल और रेस्तरां तिथियों के बीच मधुर स्थान।**

जबकि महामारी ने कुछ मानसिक समस्याएं पैदा की हैं, इसे कभी भी लापरवाही से नहीं माना जा सकता है। जीवन दांव पर है इसलिए सतर्कता बनाए रखना आवश्यक है। एक अच्छी रणनीति यह होगी कि बातचीत को यथासंभव लंबे समय तक ऑनलाइन रखा जाए और फिर ''व्यक्ति-में-व्यक्ति'' के लिए आयोजन किया जाए, जब पुरानी यादों का दर्द सहन करने के लिए बहुत अधिक हो जाए। पसंदीदा हैंगआउट में मिलने-जुलने की योजना बनाते समय पुरुष और महिलाएं फोन पर बातचीत, चैट और वीडियो कॉल के माध्यम से संवाद कर सकते हैं।

21 से 30 वर्ष की आयु के कम से कम 52 प्रतिशत पुरुष और 31 वर्ष और उससे अधिक आयु के 45 प्रतिशत पुरुष ब्रंच या रात के खाने के अवसर पर अपना घर छोड़ने को तैयार हैं। तथ्य यह है कि इस आबादी को पहले ही टीका लगाया जा चुका है, यह एक स्पष्ट कारण है। ऐप के अनुसार, 18-20 आयु वर्ग के 75 प्रतिशत पुरुष सभी महामारी प्रतिबंधों का पालन करते हुए अपनी तारीखों के साथ बाहर जाने को तैयार हैं। 44 प्रतिशत महिलाओं के अनुसार, ऑनलाइन और शारीरिक तिथियों का संयोजन रोमांटिक संबंध बनाने का सबसे अच्छा विकल्प है।

**चुनौतियाँ जो हाइब्रिड तरीके से डेटिंग करने से उपजी हैं**

अनिश्चितता और बीमारी के इस समय में 21 से 30 साल की करीब 55 फीसदी महिलाएं डेट पर जाने से घबराती हैं। हालांकि, वे इस बात से सहमत हैं कि यदि वे बहुत अकेले या बहुत लंबे समय तक घर पर रहने के लिए दुखी हैं, तो वे ऑफ़लाइन तिथि पर न जाने के अपने निर्णय पर पुनर्विचार कर सकते हैं। अपने द्वार से बाहर निकलना और अपने प्रिय व्यक्ति के साथ कुछ पलों का आनंद लेने का प्रयास रोमांचक और भयानक दोनों है। हाइब्रिड डेटिंग उन प्रेमियों के लिए सबसे अच्छा विकल्प नहीं हो सकता है जो एक-दूसरे के प्रति इतने आसक्त हैं कि वे एक सेकंड के लिए भी अलग नहीं होना चाहते हैं। यह अभी भी सबसे व्यावहारिक दृष्टिकोण है जो वर्तमान परिस्थितियों के साथ सटीक रूप से जुड़ा हुआ है।

इसे विभिन्न उम्र के लोगों की एक बड़ी संख्या का समर्थन प्राप्त है, और जैसे-जैसे प्रवृत्ति बढ़ती है, यह मान लेना सुरक्षित है कि हाइब्रिड डेटिंग जोखिम भरा नहीं है - 30+ आयु वर्ग के 83 प्रतिशत पुरुष सहमत हैं। लोग इस नए चलन को पकड़ रहे हैं पिछले तीन महीनों में, हाइब्रिड डेटिंग की अवधारणा से सहमत महिलाओं की संख्या में 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। आखिरकार, मानसिक स्वास्थ्य उन चीजों की सूची में सबसे ऊपर है जो एक सुखी जीवन जीने में आपकी सहायता कर सकती हैं। कोई सवाल नहीं पूछा जाना चाहिए कि क्या कुछ भी उस लक्ष्य को प्राप्त करने में आपकी सहायता करता है। सब कुछ उचित है और जब बात उन लोगों के साथ समय बिताने के तरीके खोजने की आती है जिनकी आप परवाह करते हैं।

**नरेन कुमार** जो स्विच के साथ अपनी शुरुआत कर रहे हैं, **शालिनी सक्सेना** के साथ बातचीत में शूट के पहले दिन, सेट पर मस्ती और उन्हें मिल रही अच्छी प्रतिक्रिया की चर्चा कर रहे हैं

# मैं खाता हूं, सांस लेता हूं और फिल्में देखता हूं


**❖ क्या शूट का पहला दिन नर्वस करने वाला था?**

हां, निश्चित रूप से। पहला दिन नर्वस करने वाला था। शूटिंग के पहले दिन मुझे घबराहट हो रही थी। लेकिन यह भी एक सपने के सच होने जैसा था। यह एक ऐसा क्षण था जिसका मैं इंतजार कर रहा था। मैं इस पल का हमेशा से इंतजार कर रहा था। और यह अंततोगत्वा सामने था, तो इससे बहुत सारे झटके लगना लाजिमी था। पहली बार कैमरे का सामना करने से घबराहट हुई। लेकिन जब मैं कैमरे के सामने खड़ा हुआ, तो यह एक अद्भुत अनुभव था। पूरी टीम इतनी मददगार थी जिसमें सह-कलाकार भी शामिल थे, सभी बेहद सहायक थे।

**❖ आप अभिनय में कैसे आए?**

अभिनेता बनना मेरा बचपन का सपना था। मुझे पता था कि अभिनय ही मेरी चाह है। मैंने कभी किसी अन्य पेशे को नहीं देखा। मुझे बस इतना पता था कि मैं यहां, इस इंडस्ट्री में पूरी तरह फिट हो जाऊंगा। इस प्रोजेक्ट के साथ मेरा सपना हकीकत में बदल गया। मैं इसे सच करने के लिए भगवान और निश्चित रूप से पूरी टीम को धन्यवाद देना चाहता हूं। बचपन में भी मैं फिल्म देखा करता था। दरअसल, मैं सिनेमा की दुनिया से प्रभावित था। मुझे सिर्फ फिल्में पसंद हैं, वे मेरा ब्रह्मांड हैं। मैं खाता हूं, सांस लेता हूं और फिल्में देखता हूं। वे मेरे ब्रह्मांड हैं।

**❖ क्या आपने ऑफ-स्क्रीन मजा किया?**



जीवन हमेशा मजेदार होना चाहिए। यही मेरा मंत्र है। जिंदगी में मजा ही नहीं तो क्या रह गया। जीवन में हमेशा चीजों का आनंद लेना चाहिए- चाहे वह ऑन-स्क्रीन हो या ऑफ-स्क्रीन। जीवन के हर पहलू का आनंद लेना और कड़ी मेहनत करते रहना है। भविष्य में अभी सुधार करने और करने के लिए बहुत कुछ है।

**❖ अपनी शुरुआत के लिए वेब फिल्म क्यों चुनीं?**

दरअसल, इस प्रोजेक्ट को एक थियेट्रिकल रिलीज माना जा रहा था। दुर्भाग्य से, वर्तमान महामारी ने सब कुछ अस्त व्यस्त कर दिया है। इसलिए अब कुछ ही फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज हो रही हैं। निर्माता इंतजार नहीं करना चाहते थे और हमने तय किया कि ओटीटी आगे बढ़ने का सबसे अच्छा तरीका है। आज, ओटीटी की एक रिलीज अधिक ध्यान आकर्षित करती है। इसके अलावा, इसकी पहुंच व्यापक है। यह अच्छा है। कई बड़े बैनर की फिल्में ओटीटी पर रिलीज हुई थीं। यह मंच लोगों के व्यापक स्वाद की पूर्ति करता है। दर्शक अब काफी परिपक्व हो गए हैं। वे अलग सामग्री की तलाश में रहते हैं। जो उन्हें ओटीटी प्रदान करता है।

**❖ क्या आपको इस तरह की प्रतिक्रिया की उम्मीद थी?**

मैंने हर प्रतिक्रिया को सीखने के एक और कदम के रूप में लिया है। यह जरूरी है कि प्रत्येक मिलने वाली प्रतिक्रिया को अपने शिल्प को बेहतर बनाने के जरिए के बतौर लिया जाए। बुरी और अच्छी प्रतिक्रियाएं आपको जमीन पर रखती हैं। आप चीजों को हल्के में नहीं लेते हैं। यह सिर्फ आपको भविष्य में और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित करती हैं।

> अभिनेता बनना मेरा बचपन का सपना था। मुझे पता था कि अभिनय ही मेरी चाह है। मैंने कभी किसी अन्य पेशे को नहीं देखा। मुझे बस इतना पता था कि मैं यहां, इस इंडस्ट्री में पूरी तरह फिट हो जाऊंगा। इस प्रोजेक्ट के साथ मेरा सपना हकीकत में बदल गया। मैं इसे सच करने के लिए भगवान और निश्चित रूप से पूरी टीम को धन्यवाद देना चाहता हूं। बचपन में भी मैं फिल्म देखा करता था।

**❖ आगे क्या?**

कुछ परियोजनाओं पर चर्चा चल रही है। अभी तक मैंने एक वेब सीरीज और एक फीचर फिल्म साइन की है।

# नडाल, ओसाका, बार्टी जीतीं व कीनन हारीं

**आस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस**

**एपी** । मेलबर्न

**नौ** बार के चैम्पियन नोवाक जोकोविच की रवानगी के साथ ही सोमवार से शुरू हुए आस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस में फोकस अब टेनिस पर आ गया है तथा जहां 20 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता रफेल नडाल और पिछली चैम्पियन नाओमी ओसाका ने जीत के साथ आगाज किया तो वही पूर्व चैम्पियन सोफिया केनिन को हार का सामना करना पड़ा।

पुरुष एकल में नडाल ने अमेरिका के मार्कोस गिरोन को 6-1, 6-4, 6-2 से हराया। जोकोविच, नडाल और रोजर फेडरर 20 ग्रैंडस्लैम जीत चुके हैं। फेडरर घुटने की सर्जरी के कारण नहीं खेल रहे हैं। नडाल की नजरें ओपन युग में चारों ग्रैंडस्लैम दो बार जीतने वाले जोकोविच के बाद दूसरे खिलाड़ी बनने पर लगी है। जोकोविच 2021 में फ्रेंच ओपन जीतने के बाद यह कमाल कर चुके हैं। आस्ट्रेलिया के रॉय एमर्सन और रॉड लेवर हर ग्रैंडस्लैम दो या अधिक बार जीत चुके हैं।

महिला वर्ग में ओसाका ने कामिला ओसोरियो को 6-3, 6-3 से हराया। ओसाका टूर्नामेंट के चौथे दौर में रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज ऐश बार्टी का सामना कर सकती है। इस टूर्नामेंट को 1978 के बाद जीतने वाली पहली ऑस्ट्रेलियाई महिला बनने की कोशिश कर रही बार्टी ने लेसिया तसुरेंको के खिलाफ 6-0, 6-1 की प्रभावशाली जीत के साथ अपना अभियान को शुरू किया। दो साल पहले (2020) यहां चैम्पियन बनीं 11वीं वरीयता प्राप्त सोफिया केनिन को मैडिसन कीज ने पहले ही दौर में टूर्नामेंट से बाहर का रास्ता दिखा दिया।

दोनों अमेरिकी खिलाड़ियों के मुकाबले को कीज ने 7-6, 7-5 से जीता। पांचवीं वरीयता प्राप्त मारिया सक्कारी ने ततयाना मारिया को 6-4, 7-6 से हराया।

वहीं टोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता बेलिंडा बेंचिच ने क्रिस्टीना म्लादेनोविच को 6-4, 6-3 से मात दी। 15वीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना ने फियोना फेरो को 6-1, 7-6 से हराया। बेंचिच का सामना अब अमांडा अनिसिमोवा से होगा जिन्होंने क्वालीफायर एरियाने हार्तोनो को 2-6, 6-4, 6-3 से शिकस्त दी। कामिला जियोर्जी ने अनास्तासिया पोतापोवा को 6-4, 6-0 से हराया। पुरुष एकल में कार्लोस अलकारेज ने अलेजांद्रो ताबिलो को 6-2, 6-2, 6-3 से हराया। विश्व रैंकिंग में 14वें स्थान पर काबिज दानिस शापोवालोव ने लास्लो डजेरे को 7-6, 6-4, 3-6, 7-6 से हराया। इसके अलावा नंबर सात माटेओ बेरेटिनी, नंबर 10 ह्यूबर्ट हर्काज, नंबर 16 क्रिस्टियन गारिन, नंबर 17 गेल मोनफिल्स, नंबर 23 रेली ओपेल्का भी जीत के साथ अगले दौर में पहुंचने में सफल रहे।

नंबर 12 कैमरन नोरी सीधे सेटों में सेबस्टियन कोर्डा से 6-3, 6-0, 6-4 से हार गए। जोकोविच की जगह टूर्नामेंट का टिकट हासिल करने वाले लकी लूजर सल्वाटोर कारुसो को भी पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। सर्बिया के मिओमिर केकमानोविच ने उन्हें 6-4, 6-2, 6-1 से हराया।

महिलाओं में अमेरिका की कोको गॉ को चीन की वांग कियांग ने 6-4, 6-2 से मात दी। पिछले साल फ्रेंच ओपन के बाद टूर पर वांग की यह पहली जीत है। फ्रेंच ओपन चैम्पियन और चौथी वरीयता प्राप्त बारबोरा क्रेसिकोवा ने आंद्रिया पेटकोविच को 6-2, 6-0 से हराया।



अमेरिका के मार्कोस गिरोन को हराने के बाद रफेल नडाल



नाओमी ओसाका ने कोलंबिया के कामिला ओसोरियो को हराया



उक्रेन की लेसिया तसुरेंको के खिलाफ फोरहैंड शॉट लगाती ऐश बार्टी

## आस्ट्रेलिया से निर्वासित जोकोविच बेलग्रेड रवाना, फ्रेंच ओपन में भी खेलना संदिग्ध

**दुबई**। कोरोना वायरस का टीका नहीं लगवाने के कारण आस्ट्रेलिया से निकाले गए दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच सोमवार की सुबह दुबई के रास्ते सर्बिया रवाना हो गए। कोविड-19 का टीकाकरण नहीं करवाने के कारण वह आस्ट्रेलियाई ओपन में अपने खिताब का बचाव करने के लिए नहीं उतर पाए और फ्रांस में नया नियम लागू होने के बाद उनका मई-जून में होने वाले फ्रेंच ओपन में खेलना भी मुश्किल हो जाएगा। अमीरात के विमान से वह साढे तेरह घंटे की उड़ान के बाद मेलबर्न से यहां पहुंचे। इसके बाद उन्हें सर्बिया की राजधानी बेलग्रेड की उड़ान लेते देखा गया। दुबई में यात्रियों के लिए टीकाकरण अनिवार्य नहीं है लेकिन उन्हें उड़ान भरने से पहले नेगेटिव आरटी पीसीआर रिपोर्ट दिखानी जरूरी है। नौ बार के आस्ट्रेलियाई ओपन और 20 ग्रैंडस्लैम विजेता जोकोविच का वीजा आस्ट्रेलिया में दो बार रद्द हो गया क्योंकि कोरोना टीकाकरण के कड़े नियमों में मेडिकल छूट के लिए जरूरी मानदंडों पर वह खरे नहीं उतरे थे। उन्होंने पहली बार वीजा रद्द होने के खिलाफ कानूनी लड़ाई जीती



लेकिन दूसरी बार हार गए। आस्ट्रेलियाई ओपन में उन्हीं खिलाड़ियों, अधिकारियों और दर्शकों को प्रवेश मिला है जिन्होंने कोरोना वायरस के दोनों टीके लगवाए हुए हैं। वह भले ही आस्ट्रेलिया से स्वदेश रवाना हो गए लेकिन जोकोविच के अगले ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट फ्रेंच ओपन में खेलने को लेकर आशंकाएं जताई जा रही हैं। फ्रांसीसी संसद के एक सदस्य ने कहा कि एक नए कानून से उन लोगों को खेल स्थलों, रेस्तरां और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर आने की अनुमति नहीं होगी जिन्होंने टीकाकरण नहीं करवाया है तथा जो भी टूर्नामेंट में खेलना चाहता है, उस पर यह नियम लागू होगा।

# भारतीय टीम की कप्तानी करना सम्मान की बात: जसप्रीत बुमराह

**भाषा** । पार्ल ( दक्षिण अफ्रीका )


**भारतीय** तेज गेंदबाजी के अगुआ जसप्रीत बुमराह ने सोमवार को कहा कि यदि भविष्य में उन्हें राष्ट्रीय टीम की कप्तानी करने का मौका मिलता है तो वह यह जिम्मेदारी निभाने से कभी पीछे नहीं हटेंगे।

विराट कोहली का टेस्ट कप्तानी से त्यागपत्र देने के बाद उनका तीनों प्रारूपों में कप्तानी करियर समाप्त हो गया है, जबकि रोहित शर्मा अगले साल 35 वर्ष के हो जाएंगे और ऐसे में सवाल उठता है कि ऐसा कौन सा खिलाड़ी हो सकता है जो कि लंबी अवधि तक टीम की कमान संभाल सकता है। इस लिहाज से बुमराह को भी कप्तानी के दावेदारों में माना जा रहा है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बुधवार से शुरू होने वाली एकदिवसीय श्रृंखला में केएल राहुल कप्तान जबकि बुमराह उप कप्तान की भूमिका निभाएंगे।

बुमराह ने श्रृंखला से पूर्व संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यदि यह मौका मिलता है तो यह सम्मान होगा और मुझे नहीं लगता कि कोई भी खिलाड़ी इसके लिए मना करेगा और मैं भी अपवाद नहीं हूं। चाहे वह कोई भी नेतृत्व समूह हो, मैं हमेशा अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता से उसमें योगदान देना चाहता हूं। इस तेज गेंदबाज ने कहा कि जिम्मेदारी लेना और टीम के साथियों की मदद करना उनका स्वाभाविक गुण है।

बुमराह ने कहा कि मैं इस स्थिति को उसी तरह से देखता हूं। जिम्मेदारी लेना और खिलाड़ियों से बात करना और उनकी मदद करना हमेशा से मेरा दृष्टिकोण रहा है और स्थिति कैसी भी हो यह हमेशा मेरा दृष्टिकोण रहेगा। बुमराह ने कहा कि अब वह भले ही उपकप्तान हैं लेकिन उनकी भूमिका में कोई खास बदलाव नहीं होगा। उन्होंने कहा कि पद का होना या न होना मायने नहीं रखता। मैं हमेशा इस पर ध्यान केंद्रित करता हूं कि मैं कैसे योगदान दे सकता हूं।

बुमराह ने कहा कि मेरे लिए भूमिका बिल्कुल नहीं बदलेगी। मुझे पहले अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभानी है। अपनी तरफ से अधिक से अधिक योगदान देना और यदि केएल (राहुल) को जरूरत पड़ती तो मैदान पर उसकी मदद करना। बुमराह ने कहा कि जब वह उप कप्तान नहीं थे तब भी ऐसा करते थे। उन्होंने कहा कि यहां तक कि जब मैं उप कप्तान नहीं था तब भी मैं किसी युवा खिलाड़ी से बात करने की कोशिश करता था। क्षेत्ररक्षण कैसे सजाना है इस पर काफी चर्चा होती थी और आगे भी मैं यही भूमिका निभाने की कोशिश करूंगा। कोहली के तीनों प्रारूपों की कप्तानी छोड़ने के बाद भारतीय टीम प्रबंधन पूरी तरह से नया होगा लेकिन बुमराह को इसमें कुछ अजीब नहीं लगता। उन्होंने कहा कि मैं हर किसी से बात नहीं कर सकता लेकिन मैं यह कह सकता हूं कि इससे (टीम प्रबंधन में बदलाव) कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं यहां हर किसी की मदद करने के लिए हूं। हर खिलाड़ी बदलाव की प्रक्रिया का सम्मान करता है। बुमराह ने इसके साथ ही कहा कि अगर जिम्मेदारी नहीं है तो उसमें कोई मजा भी नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि जिम्मेदारी या दबाव नहीं है तो फिर मजा ही कहां है। मैं अपनी जिम्मेदारियों को अच्छी तरह से निभाने के लिए तैयार हूं।



## केएल राहुल को सौंपी जानी चाहिए टेस्ट की कमान : संजय जगदाले

**इंदौर**। बीसीसीआई के पूर्व सचिव संजय जगदाले ने सोमवार को सुझाया कि भारत के अगले टेस्ट कप्तान के तौर पर केएल राहुल को विराट कोहली की जगह दी जानी चाहिए क्योंकि 29 साल के सलामी बल्लेबाज लम्बे समय तक यह जिम्मेदारी संभालने में सक्षम हैं। जगदाले ने कहा कि मेरा मानना है कि भारत का अगला टेस्ट कप्तान ऐसा होना चाहिए जो लम्बे समय तक यह जिम्मेदारी संभाल सके। इस पैमाने के मुताबिक मैं देश के अगले टेस्ट कप्तान के रूप में केएल राहुल का नाम सुझाना चाहूंगा। पूर्व राष्ट्रीय चयनकर्ता ने कहा कि राहुल ने क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में अच्छा प्रदर्शन किया है और भारत के साथ ही विदेशी सरजमीन पर भी रन बनाए हैं। जगदाले ने जोर देकर यह भी कहा कि बीसीसीआई और चयनकर्ताओं को सुनिश्चित करना चाहिए कि अरबों रुपए के कारोबार से जुड़ी टी20 लीग आईपीएल के शक्ति केंद्र भारत के राष्ट्रीय क्रिकेट के नीति निर्धारण में कोई दखल न दे सकें। बीसीसीआई के पूर्व सचिव ने कहा कि उन्हें कोहली का अचानक टेस्ट कप्तानी छोड़ने का फैसला खल गया क्योंकि वह खेल के इस प्रारूप में भारत के सबसे सफल कप्तानों में से एक थे।

# इंग्लैंड ने बांग्लादेश को सात विकेट से हराया

**अंडर-19 विश्व कप**

**भाषा** । बासेटेरे

**गत** चैम्पियन बांग्लादेश को इंग्लैंड ने अंडर-19 विश्व कप के एकतरफा मुकाबले में सात विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश की टीम 97 रन पर ही आउट हो गई। जवाब में इंग्लैंडने 25.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। बांग्लादेश के नौ विकेट 25वें ओवर में 51 रन पर गिर चुके थे लेकिन 11वें नंबर के बल्लेबाज रिपन मंडल ने नाबाद 33 रन बनाकर टीम को सौ रन के करीब पहुंचाया। उन्होंने नईमुर रहमान (11) के साथ 11 रन की साझेदारी की।

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जोशुआ बॉयडेन ने इंग्लैंड के लिए 16 रन देकर चार विकेट लिए जबकि दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज थॉमस एस्पिनवाल को दो विकेट मिले। जवाब में इंग्लैंड ने सलामी बल्लेबाज जॉर्ज थॉमस (15) और कप्तान टॉम प्रेस्ट (चार) के विकेट गंवा दिए लेकिन जैकब बेथेल (44) और जेम्स रीयू (नाबाद 26) ने 65 रन की साझेदारी करके टीम को जीत तक पहुंचाया। ऐन मौके पर बेथेल रन आउट हो गए। इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी का बांग्लादेश का फैसला गलत साबित हुआ।

उसके विकेट नियमित अंतराल पर गिरते रहे और 14वें ओवर में स्कोर पांच विकेट पर 26 रन था। पांचवें ही ओवर में महफिजुल इस्लाम अपना विकेट गंवा बैठे जिससे बांग्लादेश को अच्छी शुरूआत नहीं मिली। उसके महज चार बल्लेबाज दोहरे अंक तक पहुंच सके। मंडल ने 41 गेंद की अपनी पारी में पांच चौके और एक छक्का जड़ा।

# आयरलैंड ने वेस्टइंडीज से एक दिवसीय सीरीज जीती

**● दूसरे वनडे में दो विकेट से हराया**

**एपी** । किंगस्टन

**आयरलैंड** ने निर्णायक एक दिवसीय क्रिकेट मैच दो विकेट से जीतकर वेस्टइंडीज पर श्रृंखला में 2-1 से ऐतिहासिक जीत दर्ज की। आईसीसी के किसी पूर्णकालिक सदस्य के खिलाफ आयरलैंड ने पहली वनडे श्रृंखला जीती है। यह पूर्णकालिक सदस्य के खिलाफ श्रृंखला में उसकी दूसरी जीत है। उसने अपनी धरती पर 2019 में जिम्बाब्वे को हराया था। वेस्टइंडीज को 45 ओवर में 212 रन पर आउट करने के बाद आयरलैंड ने 45 ओवर में आठ विकेट पर 214 रन बनाए। इसके साथ ही कोरोना महामारी के बीच दो देशों का आयरलैंड का दौरा भी खत्म हो गया। उसे टी-20 श्रृंखला में अमेरिका ने हराया था। लक्ष्य का पीछा करते हुए आयरलैंड ने पहली ही गेंद पर विलियम पोर्टरफील्डका विकेट गंवा दिया लेकिन इसके बाद कार्यवाहक कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने 38 गेंद में पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 44 रन बनाए। तीसरे नंबर पर उतरे एंडी मैकब्रायन ने 100 गेंद में 59 रन की पारी खेली। इससे पहले उन्होंने गेंदबाजी करते हुए चार विकेट भी लिए थे जिससे उन्हें प्लेयर आफ द मैच और प्लेयर आफ द सीरिज चुना गया। हैरी टेक्टर ने तीन मैचों में तीसरा अर्धशतक जमाते हुए 76 गेंद में 52 रन बनाए। अकील हुसैन ने इसके बाद तीन गेंद में दो विकेट लेकर वेस्टइंडीज को मैच में लौटाने की कोशिश की लेकिन क्रेग यंग ने चौका लगातर आयरलैंड को 5.1 ओवर बाकी रहते जीत तक पहुंचाया।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज खेलेंगे रोहित

**● हैमस्ट्रिंग की चोट से तेजी से उबर रहे हैं सीमित ओवरों के कप्तान**

**भाषा** । नई दिल्ली

भारत के सीमित ओवरों के कप्तान रोहित शर्मा बाएं हैमस्ट्रिंग की चोट से अच्छे तरीके से उबर रहे है और अगले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ छह मैचों की सीमित ओवरों की श्रृंखला के दौरान उनके पास वापसी करने का शानदार मौका होगा।

रोहित को दक्षिण अफ्रीका के दौरे से पहले टेस्ट टीम का उपकप्तान बनाया गया था लेकिन टीम की रवानगी से पहले अभ्यास सत्र के दौरान उनके बाएं हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आया और उन्हें टीम से बाहर होना पड़ा। पूर्ण फिटनेस हासिल नहीं करने के कारण वह दक्षिण अफ्रीका में खेली जाने वाली एकदिवसीय श्रृंखला से भी बाहर हो गए। इस घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया कि राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रोहित का रिहैबिलिटेशन काफी अच्छा चल रहा है। उनके वेस्टइंडीज श्रृंखला के लिए ठीक हो जाने की उम्मीद है। अहमदाबाद में छह फरवरी को होने वाले पहले एकदिवसीय में अभी भी तीन सप्ताह का समय है। वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला में तीन एकदिवसीय और इतने ही टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाएंगे। एक दिवसीय मैच छह से 12 फरवरी तक खेले जबकि टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच 15 से 20 फरवरी तक खेले जाएंगे। रोहित पिछले काफी समय से हैमस्ट्रिंग की समस्या से जूझ रहे है। वह इसी कारण से 2020-21 ऑस्ट्रेलिया दौरे पर सीमित ओवर की श्रृंखला के बाद शुरुआती दो टेस्ट मैच की टीम से बाहर हो गए थे। बीसीसीआई की मौजूदा नीति के अनुसार प्रत्येक खिलाड़ी को वापसी से पहले एनसीए में अनिवार्य रूप से फिटनेस टेस्ट कराकर खेलने के लिए फिट का प्रमाणपत्र हासिल करना होता है। इस प्रक्रिया के बाद ही चयन समिति को खिलाड़ी की उपलब्धता के बारे में सूचित किया जाता है। विराट कोहली ने अब टेस्ट प्रारूप से भी कप्तानी छोड़ दी है ऐसे में रोहित के लिए अब चोट से बचकर रहना और अधिक जरूरी है। हाल के वर्षों में रोहित सभी प्रारूपों में टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों खिलाड़ियों में से एक रहे है। माना जाता है कि उन्हें टीम के सभी खिलाड़ियों का समर्थन भी हासिल है।

आईपीएल में मुंबई इंडियंस की कमान संभालने वाले रोहित की कप्तानी की शैली की तुलना महेन्द्र सिंह धोनी की शैली से की जाती है। सूत्र ने कहा कि बीसीसीआई के द्वारा अगले युवा कप्तान का नाम को तय करने से पहले रोहित शर्मा कम से कम चार-पांच वर्षों तक टीम का नेतृत्व कर सकते है।



# समीर और सिंधु खिताब के प्रबल दावेदार

**● सैयद मोदी बैडमिंटन आज से**

**● इंडिया ओपन के विजेता लक्ष्य नहीं खेलेंगे**

**पायनियर समाचार सेवा** । लखनऊ

**दो** बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू इंडिया मंगलवार से शुरू हो रहे सैयद मोदी इंटरनेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट के जरिए खिताब का सूखा खत्म करने की कोशिश करेगी। इस चैंपियनशिप में दिल्ली में हुए इंडिया ओपन इंटरनेशनल में पुरुष एकल विजेता लक्ष्य सेन और युगल विजेता चिराग शेट्टी और सात्विक साई राज रेंकी रेड्डी निजी कारणों से नहीं खेलेंगे। इसके चलते अब मोदी बैडमिंटन में 2017 व 2018 के विजेता रहे समीर वर्मा पर भारतीय चुनौतियों का दारोमदार होगा। पुरुष एकल से मोदी बैडमिंटन में साल 2012 और 2015 के चैंपियन रहे पी. कश्यप भी नहीं खेलेंगे। वहीं ओलंपिक कांस्य विजेता साइना नेहवाल के फिटनेस की समस्या के चलते हटने ओलंपिक रजत पदक विजेता और 2017 की महिला एकल चैंपियन सिंधु खिताब के लिए प्रबल दावेदारी करेंगी। इसके चलते आगामी 18 से 23 जनवरी तक गोमतीनगर स्थित बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी में होने वाली इस चैंपियनशिप की शुरुआत सीधे मुख्य ड्रा के मुकाबलों से होगी।

नई दिल्ली में हुए इंडिया ओपन में कोरोना संक्रमित हुए विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक विजेता और बी साई प्रणीत भी मोदी बैडमिंटन में नहीं खेलेंगे। इसके साथ ही इंडिया ओपन में कोरोना पॉजिटिव हुए अश्विनी पोनप्पा, एन सिकी रेड्डी भी नहीं खेलेंगे। मनु अत्री और बी. सुमित रेड्डी भी मोदी बैडमिंटन टूर्नामेंट में नहीं दिखेंगे।

भारतीय बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में द्वारा आयोजित 1,50,000 अमेरिकी डालर की ईनामी राशि वाली इस चैंपियनशिप के मुकाबले चार कोर्ट पर खेले जाएंगे। चैंपियनशिप में कल मुकाबलों की शुरुआत दोपहर 12 बजे से होगी। इस चैंपियनशिप में दर्शकों को आने की अनुमति नहीं होगी।



बीबीडी बैडमिंटन अकादमी में कड़े अभ्यास में जुटीं पीपी सिंधु

# हरफनमौला स्टोक्स आईपीएल नीलामी से हटे

**● इंग्लैंड की घरेल श्रृंखलाओं पर ध्यान लगाना चाहते हैं**

**भाषा** । लंदन

**विश्व** के प्रमुख हरफनमौला खिलाड़ी बेन स्टोक्स ने अपने कार्यभार का प्रबंधन करने और मानसिक रूप से तरोताजा रहने के लिए इस साल के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से बाहर होने का विकल्प चुना है। ब्रिटिश मीडिया में आई खबरों के अनुसार वह गर्मियों के सत्र में इंग्लैंड की घरेलू श्रृंखलाओं पर अपना ध्यान लगाना चाहते हैं।

एशेज श्रृंखला में स्टोक्स का प्रदर्शन निराशाजनक रहा जहां उन्होंने सिर्फ 236 रन बनाए और चार विकेट लिए। इंग्लैंड को इस श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया के हाथों 0-4 की करारी शिकस्त झेलनी पड़ी। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान डेविड गावर सहित कई पूर्व दिग्गज इस खराब प्रदर्शन का दोष ग्लैमर से भरी टी-20 लीगों पर मढ़ चुके हैं। लंदन इवनिंग स्टैंडर्ड की खबर के मुताबिक स्टोक्स इस साल के टूर्नामेंट (आईपीएल) से बाहर रहेंगे, जिसमें 10 टीमें शामिल होंगी। इसके लिए बड़ी नीलामी का आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में खिलाड़ियों के लिए बोली लगेगी।

खबर में लिखा है कि स्टोक्स के लिए पिछले कुछ साल काफी मुश्किल भरे रहे है। उनके पिता ग्रेड की 13 महीने पहले मृत्यु हो गई थी। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए लंबा ब्रेक लिया। वह अंगुली में फैक्चर के कारण आईपीएल 2021 के पहले चरण से बाहर हो गए और फिर दूसरे चरण के लिए अपनी टीम राजस्थान रॉयल्स की टीम से नहीं जुड़े।

उन्होंने बताया कि आईपीएल से बाहर रहने से स्टोक्स को आर्थिक तौर पर काफी नुकसान होगा लेकिन वह मार्च में इंग्लैंड के वेस्टइंडीज दौरे के बाद जून से शुरू होने वाले घरेलू सत्र के लिए मानसिक तौर पर तैयार रहेंगे।



## रूट ने नीलामी में शामिल नही होने का फैसला किया

**होबार्ट**। इंग्लैंड के कप्तान जो रूट ने आईपीएल की मेगा नीलामी में शामिल होने की बजाय खराब फॉर्म से जूझ रही अपनी टेस्ट टीम के प्रदर्शन में सुधार में सारी ऊर्जा झोंकने का फैसला किया है। रूट ने 2018 की नीलामी में नहीं बिकने के बाद से आईपीएल का कोई सत्र नहीं खेला है। पिछले सप्ताह उन्होंने कहा था कि वह मेगा नीलामी में शामिल होने की सोच रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि वह आईपीएल तभी खेलेंगे जब इसका असर उनके टेस्ट कैरियर पर नहीं हो। एशेज श्रृंखला के पांचवें मैच में हार के बाद प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा , इस टीम में काफी सुधार की जरूरत है। इसके लिए मेरी सारी ऊर्जा चाहिए। मेरे लिए टेस्ट क्रिकेट सर्वोपरि है और उसके लिए मैं सब कुछ छोड़ सकता हूं।